| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 28.6 | 23.4 |
| डालटनगंज | 33.3 | 24.9 |
| धनबाद | 32.0 | 26.2 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



रांची, गुरुवार 03 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 86 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

# चीन में क्या चल रहा : दुनिया में उथल-पुथल लेकिन जिनपिंग पिक्चर से गायब

शुभम संदेश डेस्क

पूरी दुनिया इन दिनों आग पर चढ़ी हंडिया बनी हुई है, जिसपर लगातार कुछ न कुछ खदबदा रहा है. कुछ देश लड़ने-भिड़ने में जुटे हुए हैं. कुछ सबसे बचने के लिए सैन्य ताकत बढ़ा रहे हैं. लेकिन इन सबसे बीच महाशक्ति बनने के करीब दिख रहा चीन चुप साधे हुए हैं. खासकर वहां के राष्ट्रपति शी जिनपिंग लगभग दो हफ्तों तक ग्लोबल पिक्चर से गायब रहे. न कोई बयान, न कोई अपीयरेंस. तो क्या चीन में सत्ता बदल रही है?

साल 2013 की शुरुआत में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना की बागडोर अपने हाथों में लेने के बाद से जिनपिंग लगातार चर्चा में रहे. कभी वे पड़ोसियों से उलझे रहे, कभी किसी से शांति की अपील करते रहे, तो कई बार भारी कर्ज देकर ट्रैप करने की कथित आदत भी चीन के लीडर को घेरती रही. एक दशक से ज्यादा वक्त के बाद जिनपिंग पहली बार गायब रहे. बीच में



एकाध बार आए लेकिन वे किसी सार्वजनिक मौके पर नहीं दिख रहे. माना जा रहा है कि वे कुछ ही दिनों में ब्राजील में होने जा रही ब्रिक्स समिट से भी वे गैरमौजूद रहेंगे. माहौल अलग है, इतना अलग कि इस पर कम्युनिस्ट पार्टी के री-अलाइमेंट की चर्चा भी होने लगी.

**बीच में संक्षिप्त मौजूदगी दिखी:** जून में दो हफ्तों से ज्यादा की अनुपस्थिति के बाद जिनपिंग बेलारूस के राष्ट्रपति के साथ दिखे भी, लेकिन ये मीटिंग बहुत छोटी रही. बेलारूस की मीडिया ने खुद माना कि जिनपिंग पूरे वक्त थके हुए, बीमार दिख रहे हैं, और लग रहा था कि उनका ध्यान कहीं और है. खुद चीन की मीडिया में कुछ समय पहले उनका टाइटल गायब कर दिया गया और सीधे नाम से संबोधन गया. बाद में वैसे इस चूक को सही कर दिया गया, लेकिन खटका तो हो चुका था. लोगों का ध्यान जाने लगा कि कहीं तो कुछ गड़बड़ है.

**पावर ट्रांसफर कहां हो रहा है:** तगड़े अनुमान हैं कि सत्ता भले ही जिनपिंग के हाथों में हो, लेकिन फैसले लेने की ताकत कहीं और जा रही है. इसमें एक नाम सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के फर्स्ट वाइस चेयरमैन जनरल झांग यूक्सिया का आ रहा है. माना जा रहा है कि वे और उनके समर्थक जिनपिंग से कुछ कम सख्त हैं. इससे पहले जिनपिंग पर आरोप लगे कि वे अपनी सोच को स्कूल-कॉलेजों की किताबों में शामिल कर रहे हैं ताकि बच्चों में भी वही आइडियोलॉजी डाली जा सके.

एक और नाम चर्चा में है. वेंग यांग जो कि टेक्नोक्रेट रह चुके, उन्हें भी जिनपिंग की जगह आगे लाया जा सकता है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, यांग को हाल में कम्युनिस्ट पार्टी का हेड बनाया गया. बेहद युवा ये चेहरा चीन में रिफॉर्म की बात कर सकता है. ये ज्यादा शांत, सुलझा हुआ और बाजार के अनुसार चलने वाला नेता हो सकता है, जिसकी चीन को फिलहाल ज्यादा जरूरत है ताकि वो अमेरिका की कुर्सी डिगा सके.

पिछले दो से तीन सालों में बीजिंग में रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और सैन्य अधिकारी तक गायब हो गए. बाद में कहा गया कि उन पर भ्रष्टाचार या विश्वासघात के आरोप थे, लेकिन पार्टी ने कोई खुली जांच या ट्रायल नहीं दिखाया. सब गुपचुप चलता रहा.

अलीबाबा कंपनी के फाउंडर जैक मा भी कुछ समय के लिए गायब हो गए थे, जब उन्होंने सरकार की आलोचना की थी. कई महीने बाद वे लौटे तो ज्यादातर चुप रहने लगे. इससे अंदाज लग सकता है कि इस देश में बड़े नेता या अधिकारी चुपचाप साइडलाइन किए जा सकते हैं और इसमें जनता की मंजूरी मायने नहीं रखती, न ही उन्हें भीतरखाने चल रही खदबदाहट की भनक लगती है, जब तक सब फाइनल न हो जाए.

**कैसे चुना जाता है राष्ट्रपति:** वहां नियम था कि राष्ट्रपति दो कार्यकाल से ज्यादा सर्व नहीं कर सकते. लेकिन कोविड के पहले जिनपिंग ने इसे बदल दिया. संविधान में बदलाव से साफ था कि वे पूरी जिंदगी शासन करना चाहते हैं. ठीक रूस की तरह, जहां व्लादिमीर पुतिन ने भी संविधान में बदलाव करते हुए स्थाई पद की व्यवस्था कर दी. यहां वैसे भी राष्ट्रपति के चुनाव में जनता की सीधी भागीदारी नहीं होती, सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस तय करती है कि पार्टी को कौन लीड करेगा. जो भी पार्टी चलाता है, उसी के हाथ में देश की कमान भी चली जाती है. इस प्रोसेस में जनता का कोई हाथ नहीं रहता.

### कितनी बड़ी बात है सार्वजनिक मौकों पर न दिखना

बीजिंग में यह बहुत बड़ी बात है. मई के आखिर से जिनपिंग की मौजूदगी एकदम से चली गई. न वे किसी परेड में आ रहे हैं. न कोई भाषण दे रहे हैं और न ही सरकारी मीडिया में दिख रहे हैं. सीएनएन की एक रिपोर्ट में टॉप खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि जिनपिंग की अनुपस्थिति में कुछ अनयूजुअल नहीं. वहां बड़े लीडर्स को साइडलाइन करने का इतिहास रहा. दस्तावेजों पर भले नाम रहे, लेकिन चुपके से पावर कहीं और चली जाती है.

### क्या चीन में कोई बड़ा लीडर अचानक गायब हुआ है

हां. कई बार बड़े नेता अचानक सार्वजनिक रूप से दिखना बंद हो गए. इसमें एक नाम जिनपिंग के पहले राष्ट्रपति रह चुके हू जिंताओ का आता है. साल 2022 को जब कम्युनिस्ट पार्टी का 20वां समारोह मनाया जा रहा था, हू को सबसे सामने ही अचानक हॉल से बाहर ले जाया गया. जिनपिंग उनके बगल में ही बैठे हुए थे लेकिन उन्होंने कोई एक्सप्रेशन नहीं दिया. कैमरों में यह सब रिकॉर्ड हो गया. पूर्व राष्ट्रपति को ले जाते हुए कोई सफाई नहीं दी गई, सिवाय इसके लिए उनकी सेहत खराब हो गई है.

### तो क्या अचानक नया प्रेसिडेंट चुना जा सकता है

आमतौर पर नहीं. ये कुछ खास हालात में होता है. मसलन, मौजूदा राष्ट्रपति खुद इस्तीफा दे दें, या उनके साथ कुछ अघट हो जाए या फिर पार्टी उन्हें हटाने का फैसला करे. नेशनल पीपल्स कांग्रेस वोटिंग के जरिए नए राष्ट्रपति के नाम का एलान करता है, लेकिन ये औपचारिकता ही होती है. असल फैसला पहले हो चुका होता है. साल 2013 में जब जिनपिंग राष्ट्रपति बने, तो उससे कुछ महीने पहले उन्हें पार्टी महासचिव बना दिया गया था. यही असली संकेत होता है कि अब वही लीडर बनेंगे.

### कैसे तय होगा कि क्या चल रहा है

जिनपिंग पर जो कयास लग रहे हैं, वे सही हैं, या गलत, जल्द ही इसका फैसला हो सकता है. दरअसल 3 सितंबर को तियानमेन चौक पर एक बड़ा आयोजन है, जो कि जापान पर चीन की जीत के 80 साल होने पर मनाया जाएगा. हो सकता है कि इस दौरान जिनपिंग दिखें और भाषण दें.

## ब्रीफ न्यूज

### पीएम मोदी पांच देशों की यात्रा पर रवाना

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को पांच देशों की आठ दिवसीय यात्रा पर रवाना हो गए. वो सबसे पहले घाना पहुंचेंगे. इसके बाद त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जाएंगे. मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे. मोदी ने प्रस्थान पूर्व वक्तव्य में कहा कि वह घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर दो और तीन जुलाई को वहां के दौरे पर रहेंगे. उन्होंने कहा कि मैं आदान-प्रदान के लिए तत्पर हूं.

### टीएमसी नेता सौगत रॉय की हालत नाजुक

**कोलकाता।** टीएमसी के सांसद सौगत रॉय की तबीयत बिगड़ती जा रही है. नर्व रोग, श्वसन संक्रमण, किडनी की गड़बड़ी और उच्च रक्तचाप समेत कई जटिलताओं से जूझ रहे रॉय की स्थिति फिलहाल स्थिर है लेकिन गंभीर बनी हुई है. डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें राइस ट्यूब के माध्यम से भोजन दिया जा रहा है और शरीर में पोटैशियम का स्तर असामान्य रूप से बढ़ा हुआ है. सौगत की तबीयत उस समय बिगड़ी जब वह हाल ही में दीघा में आयोजित जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन समारोह में जाने वाले थे. वे 22 जून से अस्पताल में भर्ती हैं.

### पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि

**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें आमंत्रित की गई हैं. ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च से शुरू हो चुकी है. इच्छुक लोग 31 जुलाई तक अपना नामांकन या सिफारिश राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी. मंत्रालय के अनुसार, नामांकन के साथ एक संक्षिप्त विवरण और अधिकतम 800 शब्दों का विवरणात्मक उद्धरण देना आवश्यक है, जिसमें नामांकित व्यक्ति की प्रभावशाली उपलब्धियों या सेवा का स्पष्ट उल्लेख हो.

## राहत देने की तैयारी: आम आदमी के लिए आ रहा बंपर तोहफा!

# खत्म होगा जीएसटी का टूथपेस्ट और जूते-चप्पल पर टैक्स वाला स्लैब

शुभम संदेश डेस्क

इनकम टैक्स में राहत के बाद अब केंद्र सरकार आम लोगों को एक और बड़ी राहत देने की तैयारी में है. सूत्रों के अनुसार, जल्द ही जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) दरों में भारी कमी की जा सकती है, जिससे आम आदमी के रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान सस्ते हो जाएंगे. सरकार उन वस्तुओं पर जीएसटी कम करने पर गंभीरता से विचार कर रही है जो मध्यम और निम्न आय वर्ग के घरों में आमतौर पर उपयोग की जाती हैं और जिन पर वर्तमान में 12% जीएसटी लगता है.

**कुछ राज्यों का विरोध :** हालांकि, कुछ राज्य इस कदम का विरोध कर रहे हैं क्योंकि उन्हें डर है कि इससे उनके राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य इस प्रस्ताव के पक्ष में नहीं हैं. इसी विरोध के कारण इस कदम को उठाने में देरी हो रही है. सूत्रों के अनुसार, जीएसटी परिषद की अगली 56वीं बैठक में इस बारे में फैसला हो सकता है. ये बैठक इसी महीने भी आयोजित की जा सकती है, जिसके लिए 15 दिनों का नोटिस देना होता है. जीएसटी में अब तक आम सहमति से निर्णय लेने की परंपरा रही है, और केवल एक अवसर पर मतदान हुआ है. लेकिन इस बड़े कदम के खिलाफ कुछ राज्यों के कड़े विरोध को देखते हुए, इस मुद्दे पर भी मतदान की नौबत आ सकती है. सरकार की कोशिश जीएसटी प्रक्रिया को और आसान बनाने की भी है.



### सरकार पर पड़ेगा बोझ

इस कदम से केंद्र सरकार पर 40,000 से 50,000 करोड़ का वित्तीय बोझ पड़ने का अनुमान है. हालांकि, केंद्र सरकार इसके लिए तैयार है और इसका प्रावधान किया जा सकता है. सरकार का आकलन है कि जीएसटी दरें घटने से खपत में वृद्धि होगी, जिससे आने वाले वर्षों में राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी और इस वित्तीय भार की भरपाई हो सकेगी. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक इंटरव्यू में जीएसटी दरों को कम करने की दिशा में सरकार के काम करने का संकेत दिया था.

### जीएसटी के कितने स्लैब

साल 2017 में देश में जीएसटी लागू किया गया था और बीते कारोबारी दिन 1 जुलाई को ही इसने आठ साल पूरे किए हैं. देश में जीएसटी दरें जीएसटी काउंसिल द्वारा तय की जाती हैं और इनमें बदलाव के किसी भी फैसले में राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि भी शामिल रहते हैं. बात करें भारत में जीएटी स्लैब्स के बारे में, तो अभी चार जीएसटी स्लैब हैं. 5%, 12%, 18% और 28% हैं. अनाज, खाद्य तेल, चीनी, स्नैक्स और मिठाई के अलावा सोना-चांदी और अन्य तमाम सामानों को अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से इन्ही टैक्स स्लैब में रखा गया है.

### क्या हो सकता है बदलाव

सरकार दो प्रमुख विकल्पों पर विचार कर रही है. पहला- 12% जीएसटी स्लैब में रखे गए अधिकांश सामान को 5% के स्लैब में स्थानांतरित करना. दूसरा- 12% के स्लैब को पूरी तरह से समाप्त कर देना.

### ये सामान हो जाएंगे सस्ते

- टूथ पाउडर और टूथ पेस्ट
- छाता
- सिलाई मशीन
- प्रेशर कुकर और बर्तन
- आयरन (प्रेस)
- गीजर
- छोटी वॉशिंग मशीन
- साइकिल
- 1000 से ऊपर के कपड़े
- 500 से 1000 के बीच के जूते-चप्पल
- अधिकांश वैक्सीन
- स्टेशनरी
- टाइल्स
- कृषि के औजार

यह कदम आम आदमी के लिए एक बड़ी राहत होगी, जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था.

## कोरोना वैक्सीन नहीं है हार्ट अटैक का जिम्मेदार

# आईसीएमआर-एम्स की स्टडी ने खत्म कर दिए सारे शक

एजेंसियां। नयी दिल्ली

देश में युवाओं की हार्ट अटैक से होने वाली मौतों के बढ़ते मामलों के बीच राहत की खबर आई है. खबर ये है कि हार्ट अटैक से हुई मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई संबंध नहीं है.

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली द्वारा किए गए गहन अध्ययनों में यह स्पष्ट किया गया है कि इन मौतों का कोविड-19 टीकाकरण से कोई सीधा संबंध नहीं है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी स्पष्ट किया है कि युवाओं में हो रहे हार्ट अटैक और कोरोना वैक्सीन के बीच कोई लिंक नहीं है. मंत्रालय का कहना है कि आईसीएमआर की ओर से की गई स्टडीज में कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक के बीच किसी लिंक का पता नहीं चला है. यह स्टडी देश के 19 राज्यों के 47 अस्पतालों में मई से अगस्त 2023 के बीच की गई थी.

यह स्टडी ऐसे लोगों पर की गई, जो पूरी तरह से स्वस्थ थे लेकिन अक्टूबर 2021 से मार्च 2023 के बीच उनकी अचानक मौत हो गई. स्टडी से पता चला कि कोरोना वैक्सीन की वजह से युवाओं में हार्ट अटैक का जोखिम नहीं बढ़ा है. युवाओं की अचानक हो रही मौतों का इससे कोई कनेक्शन नहीं है. आईसीएमआर और एम्स की इस स्टडी को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के उस बयान के एक दिन बाद सार्वजनिक किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोरोना वैक्सीन को जल्दबाजी में दी गई मंजूरी और उसका डिस्ट्रीब्यूशन राज्य में युवाओं की अचानक हो रही मौतों का कारण हो सकता है.

## नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

# ईडी ने अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. दरअसल ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया. असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए. एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया. एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपए है. एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था.

ईडी ने कहा कि कांग्रेस ने न ही ब्याज दिया और न ही जमानत और 90 करोड़ रुपए के कर्ज को सिर्फ 50 लाख रुपए में बेचा गया. सोनिया गांधी और राहुल गांधी के इशारे पर यह साजिश रची गई. एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के 76 प्रतिशत शेयर हैं.

### 2000 करोड़ की कंपनी का 90 करोड़ के कर्ज के बदले किया गया अधिग्रहण

एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है. एसवी राजू ने कहा कि यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे और सैम पित्रोदा प्रबंधकीय पदों पर थे. राजू ने कहा कि कंपनी एजेएल के पास करीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्ति है, जिसका 90 करोड़ रुपए के कर्ज के बदले अधिग्रहण कर लिया गया. यह एक धांधली है, जिसमें कोई असल लेन-देन नहीं हुआ. एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया. यह एक साजिश के तहत किया गया.

### क्या हैं आरोप

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी. इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था. साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया. साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है. इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की.

### गुरुजी की हालत स्थिर जल्द ठीक होने के लिए हो रही लगातार प्रार्थना

**रांची।** झामुमो के संस्थापक शिबू सोरेन का स्वास्थ्य स्थिर है. दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. 81 वर्षीय गुरुजी किडनी सहित कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं. तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें रांची से दिल्ली ले जाया गया था. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन पिछले कई दिनों से दिल्ली में हैं. वे गुरुजी की सेहत पर नजर रखे हुए है. लगातार झारखंड के नेता दिल्ली में हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे है. उनके स्वास्थ्य के लिए झारखंड के विभिन्न स्थानों पर विशेष प्रार्थनाएं की जा रही हैं. गुरुजी के स्वास्थ्य को लेकर समर्थकों और आम लोगों में चिंता बनी हुई है. प्रशंसकों और नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है.

# कोयला उत्पादन 16% और डिस्पैच 13% बढ़ा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

देश में कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान कोयला का रिकॉर्ड उत्पादन 15.57 मिलियन टन (एमटी) और डिस्पैच 17.31 मिलियन टन (एमटी) रहा. पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में उत्पादन में 16.39 फीसदी और डिस्पैच में 13.03 फीसदी की वृद्धि हुई है.

कोयला मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में इस वृद्धि को भारत के कोयला बुनियादी ढांचे के निरंतर मजबूत होने को दर्शाते हुए खनन क्षमताओं के बेहतर उपयोग और खनन क्षमताओं के बेहतर उपयोग का परिणाम बताया है. मंत्रालय ने एक ग्राफ के जरिए बताया है कि उत्पादन और डिस्पैच (प्रेषण) आंकड़े लगातार साल-दर-साल बढ़ गए हैं, जो कोयला क्षेत्र के ठोस प्रदर्शन का संकेत देते हैं. कोयला उत्पादन देशभर में प्रमुख उद्योगों की ऊर्जा और कच्चे माल की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.

मंत्रालय के मुताबिक उत्कल ए खदान के लिए खदान खोलने की अनुमति प्रदान की गई, जिसकी अधिकतम निर्धारित क्षमता 25 मीट्रिक टन है. इस दौरान तीन कोयला ब्लॉकों के लिए स्वामित्व आदेश जारी किए गए, जिससे कोयला मंत्रालय से आवंटित कोयला ब्लॉकों की कुल संख्या 200 से अधिक हो गई. कोयला मंत्रालय ने कहा कि ये उपलब्धियां मंत्रालय के केंद्रित प्रयासों को रेखांकित करती हैं.

## तैयारी : दलाई लामा ने लगाई चीन को मिर्ची, परंपरा तोड़ने के संकेत

# 6 जुलाई को बर्थडे पर उत्तराधिकारी का हो सकता है ऐलान

एजेंसियां। धर्मशाला

6 जुलाई को अपना 90वां जन्मदिन मनाने से पहले दलाई लामा ने चीन के मंसूबों पर पानी फेर दिया है. बुधवार को उन्होंने 2011 में दिए बयान को दोबारा जारी कर उन्होंने साफ कर दिया कि दलाई लामा की परंपरा खत्म नहीं होगी. 15वें दलाई लामा का चुनाव तिब्बती जनता, बौद्ध धर्म के अनुयायियों और तिब्बत से संबंध रखने वाले लोग ही करेंगे. नए दलाई लामा की पहचान की जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट के सदस्यों की होगी. किसी और को इस मामले में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है. दलाई लामा 6 जुलाई को मैक्लॉडगंज में बताएंगे कि उनकी मृत्यु के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन होगा और उसे कैसे चुना जाएगा? संभावना जताई जा रही है कि चीन की दखल रोकने के लिए वह परंपरा बदलते हुए अपने उत्तराधिकारी का ऐलान कर सकते हैं.

1995 में चीन ने दलाई लामा के उत्तराधिकारी पद पर दावा करते हुए ग्याल्त्सेन नोरबू को 11वें पंचेन लामा के रूप में नियुक्त किया. चीन के इस कदम का तिब्बती बौद्धों ने समर्थन नहीं किया. वर्तमान के 14वें दलाई लामा ने गेधुन चोएक्यी न्यिमा को पंचेन लामा के रूप में मान्यता दी. नियम के अनुसार, नए दलाई लामा की पहचान की प्रक्रिया वर्तमान के निधन के बाद ही शुरू होती है. उनकी पहचान पुनर्जन्म की खोज के बाद शिशु अवस्था में होती है और व्यस्क होने पर वह दलाई लामा बनते हैं. पहचान से जिम्मेदारी संभालने तक की प्रक्रिया पूरी होने में दो दशक का समय लगता है. अब यह परंपरा पूरी तरह अपनाई गई तो चीन के संभावित हस्तक्षेप की आशंका बनी रहेगी.



चीन के दखल से बचने के लिए दलाई लामा ने पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वह अपनी 90वें जन्मदिन पर नए दलाई लामा का नाम का ऐलान कर सकते हैं. उन्होंने मार्च 2025 में प्रकाशित अपनी किताब वॉयस फॉर द वॉयसलेस में बताया है कि उनका उत्तराधिकारी चीन के बाहर एक स्वतंत्र देश में पैदा होगा. साथ ही उन्होंने यह भी लिखा कि नया दलाई लामा शिशु के बजाय वयस्क भी हो सकता है. चीन से निर्वासित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के पेनपा त्सेरिंग और डोलमा त्सेरिंग समेत कई मंत्रियों ने 6 जुलाई को दलाई लामा के उत्तराधिकारी मिलने की संभावना जताई है.

बता दें कि 1959 में तिब्बत में असफल विद्रोह के बाद भारत आए मौजूदा दलाई लामा चीन की आंखों में हमेशा से खटकते रहे हैं. चीन उन्हें अलगाववादी मानता है और उनके लिए भिक्षु के वेश में भेड़िया जैसे शब्द का इस्तेमाल करता है. उन्हें 1989 का नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था. वर्तमान के दलाई लामा का असली नाम तेनजिन ग्यात्सो है. 1939 में उन्हें 4 साल की उम्र में 14वें दलाई लामा के रूप में चुना गया था. हजारों तिब्बतियों के साथ वह हिमाचल के धर्मशाला में रहते हैं और त्सुग्लाखांग मंदिर उनका केंद्र है. दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो जाएंगे और अपने ऐलान के मुताबिक वह अपने उत्तराधिकारी का ऐलान कर सकते हैं. माना जा रहा है कि चीन की दखल रोकने के लिए वह परंपरा से हटकर अपने नेतृत्व का उपयोग कर सकते हैं.

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को छह महीने की सजा

# अदालत ने माना अवमानना की दोषी

एजेंसियां। ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है. अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का ऐलान किया है. बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया. बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की. यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है.

**गवाहों को धमकाने की कोशिश का आरोप:** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना के बयान को अवज्ञा माना और उन्हें अदालत को कमतर आंकने का दोषी ठहराया. अदालत ने कहा कि जब दोषी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर देंगे या पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसके बाद ही सजा शुरू होगी. यह सश्रम कारावास नहीं होगा. 30 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने न्यायाधिकरण के सामने मामले को पेश किया था और शेख हसीना के बयान को पीड़ितों और गवाहों को धमकाने की कोशिश बताया. जांचकर्ताओं ने फोरेंसिक जांच के आधार पर बताया कि ऑडियो क्लिप में शेख हसीना की ही आवाज है.

### किस मामले में शेख हसीना को हुई सजा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी. यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था. इस ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर शेख हसीना गोबिंदगंज उपजिला चेयरमैन शकील बुलबुल से बात कर रहीं थी, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है. अदालत की अवमानना के मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण शकील बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुना चुका है.

### राजा रामगढ़ के वंशज ने शिक्षा क्षेत्र के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए किया बड़ा योगदान

# पूर्व कांग्रेस विधायक सौरव नारायण सिंह ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय को 30 एकड़ जमीन दान दी

**शुभम संदेश। रांची/हजारीबाग**

पूर्व कांग्रेस विधायक और राजा रामगढ़ के वंशज सौरव नारायण सिंह ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय को 30 एकड़ जमीन दान करने की घोषणा की है. यह जमीन पद्मा किला क्षेत्र की है, जिसका विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने हाल ही में स्वयं जाकर निरीक्षण किया. सौरव नारायण सिंह का कहना है कि उनके दादा राजा कामाख्या नारायण सिंह संत विनोबा भावे के भूदान आंदोलन से जुड़े थे और उन्हीं के आदर्शों से प्रेरित होकर उन्होंने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया



है. पूर्व विधायक ने बताया कि शिक्षा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे की कमी दूर करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है. इस सोच के चलते उन्होंने विश्वविद्यालय को जमीन दान की है, ताकि यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर और अधिक मजबूत हो सके. उन्होंने कहा कि भविष्य में यदि विश्वविद्यालय को और भूमि की आवश्यकता पड़ी तो वे उसे भी देने के लिए तैयार हैं.

**विश्वविद्यालय के अधिकारी भी उत्साहित:** पूर्व विधायक की पहल से शिक्षा जगत में खुशी का माहौल है और विश्वविद्यालय के अधिकारी भी इस योगदान को लेकर उत्साहित हैं. आने वाले समय में इस जमीन पर विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के कई कार्यक्रम शुरू किए जाने की संभावना है, जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा.

#### दान राजनीति से प्रेरित नहीं बल्कि सेवा भाव का हिस्सा

राजनीति में वापसी के सवाल पर सौरव नारायण सिंह ने स्पष्ट किया कि यह दान राजनीति से प्रेरित नहीं बल्कि सेवा भाव से किया गया कदम है. उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें पुनः मौका देती है, तो वह राजनीतिक रूप से भी सक्रिय होंगे. अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा को प्राथमिकता देने वाली उनकी सोच इसी सेवा भावना का हिस्सा है.

#### शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना महत्वाकांक्षी लक्ष्य रहा है

पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह ने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना उनके लिए हमेशा एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रहा है और इस दान के माध्यम से वे समाज और विश्वविद्यालय की प्रगति में योगदान देना चाहते हैं. इस प्रकार यह दान न केवल विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.

## भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर क्यूरेस्टा हॉस्पिटल समूह का मेडिकल सहायता केंद्र खुला



- सुबह से लेकर देर रात तक डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की टीम मौजूद रहेगी

**शुभम संदेश। रांची**

भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में अब यात्रियों को आपात स्थिति में मेडिकल सहायता मिल सकेगी. बुधवार को क्यूरेस्टा हॉस्पिटल समूह द्वारा संचालित किए जाने वाले इस मेडिकल सहायता केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया. भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सुबह से लेकर देर रात तक डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की टीम मौजूद रहेगी. किसी भी यात्री को आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता की जरूरत पड़ने पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. एयरपोर्ट पर इस सुविधा का आरंभ होना, यहां प्रतिदिन आवाजाही करने वाले हजारों यात्रियों के लिए अच्छी खबर है. इस अवसर पर एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या, मनोज सिंह, डॉ संजय कुमार, डॉ मेजर रमेश दास, डॉ सुचिता, डॉ अनुज सहित सभी मेडिकल स्टाफ और एयरपोर्ट के अधिकारी मौजूद रहे.

## हर एक लाठी और हर एक अन्याय का हिसाब लिया जाएगा : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भोगनाडीह लाठी चार्ज मामले को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है. मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जिस धरती से सिद्धो-कान्हू उठे थे, उस धरती पर ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर एक लाठी और हर एक अन्याय का हिसाब लिया जाएगा. मरांडी ने सोशल मीडया पर कहा कि हेमंत सरकार आज जनरल डायर की भूमिका निभाती नजर आ रही है. जिस तरह जलियांवाला बाग में बैसाखी मना रहे लोगों पर जनरल डायर ने गोलियां चलवाई थीं, उसी तरह हूल दिवस पर अपने शहीदों को याद कर रहे आदिवासियों पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले बरसाए गए. सरकार की तानाशाही यहीं नहीं रुकी. अब हेमंत सोरेन ने यह तय कर लिया है कि जो भी उनके अन्याय के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाएगा, उसे गिरफ़्तार कर डराने की कोशिश की जाएगी.उन्होंने कहा कि असल में हेमंत सोरेन डरते हैं. उन्हें डर है कि अगर आदिवासी समाज ने बांग्लादेशी घुसपैठ के ख़िलाफ एक संगठित आंदोलन शुरू कर दिया, तो उनका तुष्टिकरण का महल ढह जाएगा. वह इस बात से घबराए हुए हैं कि कहीं आदिवासी समाज यह न पूछ बैठे कि हमारे अधिकार छीन रहे हैं और आप किसके हित की राजनीति कर रहे हैं. इसलिए वे अब उस हर आवाज को कुचलना चाहते हैं. लेकिन आदिवासी समाज न भूलेगा, न माफ करेगा.

### श्रावणी मेला की तैयारियों पर आला अधिकारियों संग मुख्य सचिव ने की बैठक, कहा

# भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था बनाएं

**शुभम संदेश। रांची**

राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई से शुरू हो रहा है. यह 9 अगस्त तक चलेगा. इस दौरान 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बाबा नगरी और बाबा बासुकी नाथ धाम आने की संभावना है. श्रद्धालु बाबा धाम से सुखद अनुभव लेकर लौटें, इसकी तैयारियां विभिन्न स्तरों पर व्यापक तरीके से चल रही हैं. बुधवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने तैयारियों को लेकर सभी संबंधित विभागों के प्रमुख और देवघर तथा दुमका के उपायुक्त, एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा की. इस दौरान ठोस निर्णय लिए गए और उसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेही तय की गई. मुख्य सचिव का फोकस लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा पर थी. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि वे भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पुख्ता बनाएं. आपात स्थिति से निपटने के लिए जो जहां तैनात हों, वे प्रशिक्षित, जवाबदेह और संवेदनशील हों.

**भगदड़ की स्थिति नहीं बने, तय मानकों का अनुपालन हो**

मुख्य सचिव ने कहा कि भगदड़ की स्थित नहीं बने, इसके लिए तय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें. श्रद्धालु एक जगह अधिक संख्या में इकट्ठे नहीं हों, इसके लिए



ऐसी व्यवस्था बनायें कि वे छोटे-छोटे समूह में रहें. सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मी शिफ्ट बदलने पर तभी अपना स्थान छोड़े, जब उनका विकल्प वहां आ जाए. भीड़ नियंत्रण के लिए एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन आदि के फुटेज की लगातार मॉनिटरिंग हो और लगे कि कहीं भीड़ ज्यादा हो रही है, तो बिना समय जाया करे तत्काल उसे नियंत्रित करें. इसके अलावा यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं का मार्ग समतल हो, ताकि ठोकर लग कर गिरने की आशंका खत्म हो जाए. जहां सीढ़ी आदि हो वहां फिसलन नहीं हो. श्रद्धालुओं के आने-जाने की अलग व्यवस्था हो. अचानक बिजली गुल नहीं हो. बिजली कटने के साथ उसकी पुनर्बहाली की वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखें. कहीं भी बिजली का नंगा तार नहीं हो और वह नीचे की ओर झूलता हुआ नहीं हो. इंट्री पवाइंट पर मेटल डिटेक्टर से लोगों को गुजारने के दौरान इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि वहां अत्यधिक भीड़ की स्थिति नहीं बने. वहीं पूर्व में मंदिर का कपाट खुलने के साथ भीड़ का दबाव बढ़ने का अनुभव रहा है. इसे देखते हुए जिले के उपायुक्त और एसपी उस समय अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करते हुए व्यवस्था नियंत्रण की बागडोर संभाले. साथ ही रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की तदाद काफी बढ़ती है, इसे भी संज्ञान में रखते हुए व्यवस्था बनाएं. उन्होंने निर्देश दिया कि आपात विभाग से जुड़े मुख्यालय के आला अधिकारी मौके पर जाकर तैयारियों का जायजा लें और कमियों को समय रहते दुरुस्त कराएं.

#### बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता पर पूरा फोकस करें

मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि कि बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता पर पूरा फोकस करें। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे. श्रद्धालुओं के लिए बने टेंट सिटी में शौचालय, पेयजल, शयन आदि की व्यवस्था के लगातार मेंटेनेंस पर बल देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए कारगर व्यवस्था बनाएं. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं के लिए डिस्पोजल बेड कवर की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित कर लें. वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह होर्डिंग आदि के माध्यम से यातायात, चिकित्सा, विश्राम स्थलों आदि की सूचना प्रचारित-प्रसारित करें. शिकायत और सुझाव के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था को भी तमाम जगहों पर उपलब्ध कराएं. इसके अलावा समीक्षा के दौरान कावंरिया पथ समेत बाबा नगरी और बासुकी नाथ धाम की सड़कों, श्रद्धालुओं के आवासन, ट्रैफिक व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, एंबुलेस एवं चिकित्सा व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट इत्यादि पर भी संबंधित लोगों को निर्देशित किया गया.

## एक नजर

### गुरुजी शिबू सोरेन के जल्द स्वास्थ्य लाभ को लेकर अंतु तिर्की ने की पूजा-अर्चना



**रांची।** राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए बुधवार को तेतर टोली सरना स्थल मोरहाबादी में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अंतू तिर्की ने वैधानिक तरीके से पूजा अर्चना की. तिर्की के नेतृत्व में सरना स्थल पर पूरे विधि विधान से मोरहाबादी मौजा के मुख्य पाहन सनी मुंडा की ओर से पूजा अर्चना किया गया. अंतु तिर्की ने कहा हम सबों के आदर्श दिशुम गुरु शिबू सोरेन पर सरना माता की कृपा बनी रहेगी. और वे शीघ्र स्वास्थ्य होकर वापस लौटेंगे. उनके शीघ्र स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थना एवं पूजा अर्चना की गई. अनुष्ठान में कार्तिक तिर्की, राम सहाय सिंह मुंडा, बीरू साहू, विनोद तिर्की, महादेव मुंडा, बजरंग लोहरा, विलियम रिचर्ड रोशन सहित अन्य लोग मौजूद थे.


### पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा का हालचाल जानने केंद्रीय मंत्री संजय सेठ पहुंचे अस्पताल



**रांची।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी बिमल लकड़ा के सिर में गंभीर चोट के कारण अस्वस्थ हैं और उनका इलाज रांची में ही क्यूरेस्टा अस्पताल में चल रहा है. केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को अस्पताल जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. चिकित्सकों से मिलकर उनके बेहतर इलाज के लिए कहा. अभी उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है. मौके पर अस्पताल न्यूरो सर्जन डॉ संजय कुमार ने मंत्री संजय सेठ को बिमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी दी. बताया कि कैसे बिमल लकड़ा के स्वास्थ्य में दिनों-दिन सुधार हो रहा है.

### राष्ट्रीय कलाकार संघ की अध्यक्ष बनीं आभा भारती

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश की अध्यक्ष डॉ अरुण सज्जन की पुत्री आभा भारती को उनकी बहुआयामी रचनात्मक योगदान के लिए राष्ट्रीय कलाकार संघ की ओर से दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है. आभा भारती अंग्रेजी और फाइन आर्ट्स में स्नातकोत्तर हैं और बिहार सरकार से पंजीकृत शाकुंतलम कला संस्कृति मंच की संयोजक भी हैं. कोरोना काल के दौरान आभा भारती ने अंतरराष्ट्रीय कला चित्रांकन अभियान और फाइन आर्ट्स समूह के संयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई. उन्होंने देश-विदेश के अनेक कलाकारों को एक मंच पर जोड़ा। आभा भारती की कला प्रदर्शनी अब तक मुजफ्फरपुर, पटना और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में आयोजित हो चुकी है, जहां उनकी प्रतिभा को व्यापक सराहना मिली है. आभा भारती को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है. वर्तमान में आभा भारती दिल्ली के उत्तम नगर, राजापुरी स्थित अपने मंच भारती एकाडमी के माध्यम से कला प्रेमी छात्र-छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण दे रही हैं और नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना का संचार कर रही हैं. उनकी इस उपलब्धि पर साहित्य और कला जगत में हर्ष की लहर है. अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती, झारखंड, रांची जिला हिंदी साहित्य भारती सहित राज्य के कई संस्थानों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आभा भारती को बधाई दी है.



### अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह 7 जुलाई से सरकारी दौरे पर मनीला जाएंगे

**रांची।** स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह एक बार फिर विदेश यात्रा पर जा रहे हैं. इस बार वह 7 जुलाई से 11 जुलाई तक फिलिपिंस की राजधानी मनीला में रहेंगे, जहां वह एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के एक आधिकारिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. यह यात्रा पूरी तरह से सरकारी है. इससे पहले वह 17 मई से एक सप्ताह की निजी छुट्टी पर यूनाइटेड किंगडम गए थे.

## कांग्रेस भवन में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का 74वां जन्मदिन मनाया गया, नेताओं ने दी शुभकामनाएं

**शुभम संदेश। रांची**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय का 74वां जन्मदिन कांग्रेस भवन में केक काटकर उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि सहाय का योगदान समाज के सभी वर्गों के विकास में हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है. उन्होंने कहा कि सुबोधकांत सहाय गलत नीतियों और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ हमेशा मुखर रहे हैं और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में काम करते आए हैं. कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने राजनीतिक जीवन के प्रारंभ से ही सहाय संघर्षों का प्रतीक रहे हैं



और उनका जीवन युवाओं के लिए आदर्श है. कार्यक्रम में सहाय को बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से कांके विधायक सुरेश बैठा, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, दीपक लाल, राजन वर्मा, गोपाल उपाध्याय, सूर्यकांत शुक्ला, उज्ज्वल तिवारी, दिनेश लाल सिन्हा, निरंजन शर्मा, जगदीश साहू और अजय सिंह शामिल थे. सभी नेताओं ने सुबोधकांत सहाय को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी और स्वस्थ जीवन की कामना की.

#### सुबोध अंकल का जन्मदिन

आज है दिन बड़ा ख़ास, सुबोध अंकल का जन्मदिन है आज, नेता हैं वो, जन-जन के प्यारे, हर दिल में बसते हैं हमारे. जहां भी जाएं, रौशनी फैलाएं, हंसते-हंसते गम भी भुलाएं, कुर्ता-पायजामा, मुस्कान बनी पहचान, सादगी में दिखती आपकी शान. आज करें हम ढेरों दुआएं, खुशियां आपके जीवन में छा जाएं. सेहत, सफलता, सम्मान की बहार हो, आपका हर दिन त्योहार हो

–मेघा निरंजन शर्मा

## देवघर से मधुपुर तक 20 करोड़ की लागत से नई सड़क बनेगी

**शुभम संदेश। रांची/देवघर**

देवघर से मधुपुर तक मोहनपुर घाट के रास्ते 28 किलोमीटर लंबी नई सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिसकी कुल लागत लगभग 20 करोड़ रुपये होगी. पथ निर्माण विभाग ने इस परियोजना का टेंडर जारी कर दिया है. टेंडर 22 जुलाई तक जमा किए जा सकेंगे और 24 जुलाई को खोले जाएंगे. हालांकि, टेंडर फाइनल होने के बाद भी बरसात समाप्त होने तक सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं होगा. वर्तमान में देवघर-मधुपुर मार्ग की सड़क बेहद खराब स्थिति में है, जिससे बारिश के दौरान आवागमन मुश्किल हो जाता है. नई सड़क बनने के बाद क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और रोजमर्रा की समस्याएं कम होंगी.इस सड़क के निर्माण से न केवल यातायात की समस्या हल होगी, बल्कि आसपास के इलाकों के विकास में भी वृद्धि होगी. बरसात खत्म होते ही निर्माण कार्य शुरू कर जल्द ही सड़क तैयार कर दी जाएगी.

**पुरानी सड़क से राहत मिलेगी:** वर्तमान में देवघर से मधुपुर तक सड़क की हालत बहुत खराब है. बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाता है और रास्ता चलने लायक नहीं रहता. इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. नई सड़क बनने के बाद आवागमन आसान हो जाएगा और लोगों को रोजमर्रा की परेशानी से निजात मिलेगी.

**सड़क निर्माण से क्षेत्र का विकास :** सड़क बनने से न सिर्फ यातायात की समस्या कम होगी, बल्कि आसपास के इलाकों के विकास में भी मदद मिलेगी. ग्रामीण और शहर के लोगों दोनों को इस मार्ग से सफर में सुविधा होगी.बरसात खत्म होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा और जल्द ही सड़क बनकर तैयार हो जाएगी.

## युवा आजसू राज्यपाल से मिला, सौंपा मांग पत्र



**रांची।** युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अजीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने झारखंड में शैक्षणिक अनियमितताओं को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की. टीम ने विशेष रूप से खुला विवि में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर चिंता जताई और 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा. प्रमुख मांगों में आरयू और डीएसपीएमयू में कुलपति की नियुक्ति, प्रो-वीसी की नियुक्ति, छात्रसंघ चुनाव कराने, बीमा योजना, शिक्षकों की भारी कमी को दूर करने और खुला विवि के लिए स्थायी भवन निर्माण शामिल हैं. टीम ने बिना टेंडर के हो रहे 2 करोड़ के डिजिटल स्टूडियो निर्माण, पुस्तक खरीद में अनियमितता, ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को टेंडर, ई-लाइब्रेरी में लापरवाही और कुलपति के कार्यकाल की जांच की मांग की.

### एसीबी कोर्ट: 14 साल से अभियोजन स्वीकृति लंबित

# रिश्वत मामले में बीएसओ पर अब तक मुकदमा शुरू नहीं

**शुभम संदेश। रांची**

रिश्वतखोरी के एक मामले में सोनाहातू के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ) संतोष कुमार सिन्हा पर 14 वर्षों बाद भी मुकदमा शुरू नहीं हो सका है.कारण – रांची के उपायुक्त कार्यालय से अब तक अभियोजन की स्वीकृति नहीं मिल सकी है. मामला वर्ष 2011 से रांची स्थित एसीबी (भ्रष्टाचार निवारण ब्यूरो) कोर्ट में लंबित है. हर पेशी पर सिर्फ ₹एवेटिंग सेक्शन ऑर्डर₹ दर्ज होता है और अगली तारीख तय कर दी जाती है. बुधवार को भी सुनवाई हुई और अब अगली तारीख 27 जुलाई तय की गई है.

आरोप है कि 9 मार्च 2011 को वृद्धा पेंशन वितरण के दौरान बीएसओ ने दलाल जगन्नाथ मछुआ के माध्यम से लाभुकों से 50-50 रुपये रिश्वत ली थी. शिकायत के बाद निगरानी टीम ने छापा मारकर दोनों को रंगेहाथ पकड़ा था और बीएसओ के बैग से 8249 रुपये बरामद किए गए थे. मामले में एसीबी ने जांच पूरी कर चार्जशीट दायर कर दी, लेकिन अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण अदालत ने सिर्फ दलाल के खिलाफ संज्ञान लिया. जांच अधिकारी ने उपायुक्त को कई बार पत्र भेजा, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिली है. उल्लेखनीय है कि आरोपी बीएसओ अब सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं.

### सपना साकार | ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पासवा के सोवेनियर का किया लोकार्पण

# ग्रामीण, आदिवासी व वंचित वर्ग के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़नेवाला आंदोलन बना पासवा

**शुभम संदेश। रांची**

पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) द्वारा तैयार की गई बहुप्रतीक्षित स्मारिका का बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अपने आवास पर भव्य समारोह में लोकार्पण किया. मंत्री ने कहा कि पासवा सिर्फ एक संस्था नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन बन चुका है. इसकी प्रतिबद्धता व कार्यशैली समाज के अंतिम पंक्ति के बच्चों, विशेषकर आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है. अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे और उनकी टीम को हृदय से बधाई देती हूं, जिन्होंने इस मिशन को साकार किया.

पासवा के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि यह स्मारिका हमारे पांच



वर्षों के संघर्ष का प्रतीक है. यह सपना हमने वर्षों पहले देखा था और आज जब मंत्री जी ने इसका लोकार्पण किया, तो वह सपना साकार होता प्रतीत हुआ. हमारा अगला लक्ष्य हर बच्चे तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाना है- न थकेंगे, न झुकेंगे, यह पासवा का संकल्प है.

**वीके सिंह सहित कई सम्मानित हुए :** विशिष्ट अतिथि केराली स्कूल के प्रिंसिपल राजेश पिल्लई ने पासवा की सराहना करते हुए कहा कि पासवा सीमित संसाधनों में भी जिस तरह शिक्षा और समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, वह अनुकरणीय है. मौके पर वीके सिंह, जो ट्राइबल बच्चों को आईआईटी की तैयारी कराते हैं, को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. इस वर्ष उन्होंने 15 आदिवासी छात्र-छात्राओं को आईआईटी में प्रवेश दिलाकर शिक्षा क्षेत्र में नई मिसाल कायम की है. इसके अलावा पासवा में उत्कृष्ट समर्पण और नेतृत्व के लिए फलक फातिमा , प्रमुख कंटेंट क्रिएटर के रूप में रचनात्मक योगदान के लिए विशाल कुमार सिंह, चतरा गॉडफ्रे स्कूल के डायरेक्टर नीरज कुमार, आर सी रेसिडेंशियल स्कूल के डायरेक्टर मिंकू प्रसाद, हजारीबाग जिला पासवा महासचिव मेघाली सेन गुप्ता को सम्मानित किया गया.

**सम्मानित प्रेरणादायक कार्यकर्ता और वालंटियर्स:** सैयद अकबर, ज्योति कुमारी, तोषी कुमारी, प्रीति सिंह, श्रुति तिवारी, अनुष्का कुमारी, मेंहुल दूबे, आरजू सबा, सोनिया बिलूंग, अनामिका दुबे, आरती कुमारी, शालिनी, वीणा कुमारी, खुशी कुमारी, अंजली कुमारी, साक्षी कुमारी, रूपा राव, सलोनी कुमारी, विशाखा कुमारी, अंकिता सिंह, रोशन लिंडा, रौनक जायसवाल, रुखसार, नवरस नदीम, केसर आलम, हसनैन राजा, सैफ अहमद, जैद आलम अजहर, प्रिंस राज, रितेश कुमार, अनन्या कुमारी, नाज परवीन, सनाउल्लाह, गौरी कुमारी, गरिमा सिंह, सोनी कुमारी.कार्यक्रम का संचालन पासवा की प्रदेश महासचिव फलक फातिमा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन चतरा से आए प्रदेश महासचिव नीरज कुमार ने प्रस्तुत किया.

यह कार्यक्रम पासवा की सामाजिक प्रतिबद्धता, सेवा भावना और शिक्षा के प्रति समर्पण की एक जीवंत मिसाल बना, जिसने यह सिद्ध किया कि जब उद्देश्य नेक हो तो संसाधनों की कमी भी बाधा नहीं बनती.

## ऑटो चालकों को सीएनजी आसानी से उपलब्ध कराए सरकार : संघ

**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ ने कहा है कि पूर्व में राजधानी रांची में डीजल ऑटो और पैट्रोल ऑटो का परिचालन होता था, लेकिन तब किसी ऑटो चालकों का डीजल की किल्लत या कमी नहीं होती थी. लेकिन जब से सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन शहरी क्षेत्रों में किया गया है. इससे ऑटो चालाकों को चार से छह घंटे लाइन लगाकर सीएनजी गैस लेना पड रहा है. ऐसे में उनकी रोज-रोटी मारी जा रही है. इस संबंध में संघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने सरकार और प्रशासन से सीएनजी आसानी से ऑटो चालकों को उपलब्ध कराने की मांग की है. कहा कि घंटों लाइन लगाने से ऑटो चालकों की कमाई मारी जा रही है. यदि सरकार सीएनजी आसानी से उपलब्ध नहीं करा पाती है तो ऑटो चालकों को पूर्व की तरह की डीजल ऑटो चलाने की छूट दे.




रांची, गुरुवार 03 जुलाई 2025 । आषाढ़ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 । रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित । वर्ष : 3, अंक : 86 । मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

# गडकरी आज रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर और गढ़वा में रेहला फोर लेन का करेंगे उद्घाटन

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची वासियों को गुरुवार 3 जुलाई को बड़ी सौगात मिलने वाली है. केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे. उद्घाटन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. केंद्रीय मंत्री रांची के साथ ही गढ़वा में भी एनएचएआइ की योजनाओं का उदघाटन करेंगे.



**गढ़वा में करेंगे फोर लेन सड़क का उद्घाटन :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई की सुबह 10.40 बजे दिल्ली से रांची आएंगे. इसके बाद गढ़वा के हूर गांव जाएंगे. वहां दिन के 12 बजे मंत्री रेहला फोर लेन सड़क का उदघाटन करेंगे. यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वह हेलीकॉप्टर से दिन के 2:15 बजे रांची लौटेंगे.

**नाम को लेकर हो रही राजनीति :** करीब 3 किलोमीटर लंबा यह फ्लाईओवर राज्य का पहला एलिवेटेड रोड है जिसका निर्माण कार्य काफी जद्दोजहद के बाद साल 2022 में शुरू हुआ था. फ्लाईओवर के बन जाने से रातू रोड जाने में लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिलेगी. फ्लाईओवर उद्घाटन होने से पहले हालांकि इसके नाम पर राजनीति हो रही है. झामुमो ने गुरुजी शिबू सोरेन के नाम पर इस पुल का नाम रखने की मांग कर रखी है तो वहीं बीजेपी इस पुल का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की पक्षधर है. इन सबके बीच कई सामाजिक राजनीतिक संगठनों के द्वारा विनोद बिहारी महतो और कांग्रेस नेता स्व. ज्ञानरंजन के नाम पर इस पुल का नाम रखने की मांग की है.

### तीन बजे होगा एलिवेटेड कॉरिडोर का उदघाटन

रांची में मंत्री नितिन गडकरी सबसे पहले बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे. यहां से रातू रोड पहुंचेंगे और करीब 3 बजे एलिवेटेड कॉरिडोर का उदघाटन करेंगे. मोटरसाइकिल जुलूस के साथ मंत्री ओटीसी ग्राउंड पहुंचेंगे और सभा को संबोधित करेंगे.

### झारखंड के लिए एनएच परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे केंद्रीय मंत्री

गडकरी झारखंड के लिए एनएच परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे. इस मौके पर एनएचएआइ के कई अधिकारी मौजूद रहेंगे. यहां पर सभा भी की जाएगी. यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान गडकरी फ्लाइओवर का भी जायजा लेंगे. इसके बाद होटल रेडिशन ब्लू जाएंगे. वहां पर अधिकारियों के साथ एनएच की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे. इस बैठक में ट्रांसपोर्ट के मुद्दे पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देंगे. शाम 6 :45 बजे एयरपोर्ट जाएंगे और फिर वहां से वापस दिल्ली चले जाएंगे.

### रांची में खुलेगा रक्षा संपदा कार्यालय: संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में रक्षा संपदा कार्यालय खोलने की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि अभी तक बिहार के पटना में रक्षा संपदा कार्यालय था, जिस वजह से यहां की सेना की जमीन से संबंधित मामलों की सुनवाई में लोगों को परेशानी होती थी. ऐसे में केंद्र सरकार ने रांची में कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है. फिलहाल किराए के मकान में यह कार्यालय संचालित होगी, बाद में उसका भवन बनेगा. उन्होंने कहा कि क्षेत्र से लगातार या मांग उठ रही थी और लोगों को दानापुर जाना पड़ता था.

## ब्रीफ न्यूज

### हूल क्रांति के समय भाजपा ने दिया था अंग्रेजों का साथ : इरफान

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा ने हूल क्रांति के समय अंग्रेजों का साथ दिया था. अंग्रेजों के साथ मिल कर आदिवासियों को गुमराह करने का काम किया. मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स बुधवार को लिखा है कि कई तरह की साजिशें रचकर आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त करने का काम किया गया. लेकिन हूल दिवस पर आदिवासी मुद्दों पर नकली चिंता जता रहे हैं. यह सब भाजपा का दिखावा है. मंत्री ने कहा कि सबों को हूल दिवस के विशेष महत्व और इसके पीछे की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझना महत्वपूर्ण है.

### गैस टैंकर रिसाव पर काबू, एनएच-18 पर यातायात बहाल

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा-बारिपदा मार्ग पर जामशोला के पास मंगलवार को प्रोपलीन गैस टैंकर से हुए रिसाव पर विशेषज्ञों की मदद से पूरी तरह काबू पा लिया गया. इस कार्य के लिए लगभग 23 घंटे लगे. अधिकारियों ने बताया कि गैस रिसाव को नियंत्रित कर क्षतिग्रस्त टैंकर से गैस को सुरक्षित रूप से अन्य वाहन में स्थानांतरित कर दिया गया, जिसे गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है. बुधवार से स्थिति सामान्य है और राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर आवागमन बहाल कर दिया गया है. उपायुक्त कर्ण

### अब पीक ऑवर्स में महंगी होगी ओला-उबर की सवारी

# केंद्र सरकार की नई गाइडलाइंस हुई लागू

**शुभम संदेश। रांची**

मिडिल क्लास के लिए एक और चिंता की खबर सामने आई है. यदि आप ओला, उबर या रैपिडो जैसी ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं, तो अब आपको पीक आवर्स यानी भीड़भाड़ के समय दोगुना किराया चुकाना पड़ सकता है. केंद्र सरकार ने कैब एग्रीगेटर कंपनियों के लिए नई किराया गाइडलाइंस जारी की हैं, जिसमें उन्हें पीक ऑवर्स में बेस फेयर से अधिकतम दो गुना तक किराया वसूलने की अनुमति दी गई है.

**क्या हैं नई गाइडलाइंस :** सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, ओला-उबर जैसी कंपनियां पीक ऑवर्स में बेस फेयर से दोगुना तक किराया वसूल सकती हैं, जबकि नॉन-पीक समय में किराया कम से कम बेस फेयर का 50% होना जरूरी होगा. यह नियम कैब्स के साथ-साथ बाइक टैक्सी और ऑटो-रिक्शा एग्रीगेटर पर भी लागू होगा.

**नई गाइडलाइंस के अनुसार**

- किराए, टैक्स और अन्य शुल्क की पूरी जानकारी पहले से ऐप पर दिखाना अनिवार्य होगा.
- डिजिटल और कैश भुगतान में कोई भेदभाव नहीं होगा.
- सर्ज प्राइसिंग पर निगरानी रखी जाएगी, ताकि कंपनियां मनमानी तरीके से किराया न बढ़ा सकें.
- ड्राइवर और कंपनी के बीच राजस्व बंटवारे को लेकर भी स्पष्ट नियम बनेंगे.



### क्या होता है पीक ऑवर्स

पीक ऑवर्स वे समय होते हैं जब कैब्स की मांग सबसे अधिक होती है – जैसे सुबह 9 :30 से 11 बजे तक और शाम 5 से 7 :30 बजे तक. इस दौरान लोग काम पर जाने या वापस लौटने के लिए कैब सेवा का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. इसी समय कैब बुक करने वालों को अब अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी होगी.

### राज्य सरकारों को तीन महीने की मोहलत

केंद्र सरकार ने राज्यों को तीन महीने के भीतर इन दिशा-निर्देशों को लागू करने का समय दिया है. साथ ही, सभी एग्रीगेटर कंपनियों को राज्य परिवहन विभाग से डिजिटल रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा.

**उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई :** अगर कंपनियां नियमों का पालन नहीं करती हैं तो उनके लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं या उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है.

**उद्देश्य: पारदर्शिता और उपभोक्ता हितों की रक्षा**

सरकार का कहना है कि इन नियमों का मकसद यात्रियों को मनमाने किरायों से राहत देना, सेवा में पारदर्शिता लाना और ड्राइवरों के हितों की रक्षा करना है. यह पहल तकनीक आधारित परिवहन सेवाओं को अधिक जिम्मेदार और उपभोक्ता हितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## बड़ी सफलता: चाईबासा से 18,000 डेटोनेटर बरामद

- बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही कर दिया नष्ट

**शुभम संदेश। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र अंतर्गत हुसिपी गांव के जंगल-पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है. चाईबासा पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा छिपाए गए लगभग 18,000 डेटोनेटर बरामद किए गए. सुरक्षा कारणों से इन सभी डेटोनेटरों को बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही नष्ट कर दिया.



पुलिस अधीक्षक कार्यालय, चाईबासा को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) ने टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी गांव के आसपास के जंगलों में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री छिपा रखी है. बताया गया कि नक्सली इन डेटोनेटरों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों पर हमले और विध्वंसक गतिविधियों के लिए करने की योजना बना रहे थे. इस सूचना के आधार पर चाईबासा पुलिस, सीआरपीएफ की 60वीं बटालियन, कोबरा और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया. अभियान के दौरान जंगल-पहाड़ी इलाके में नक्सलियों के छिपाए गए लगभग 18,000 डेटोनेटर बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया. पुलिस ने इस कार्रवाई को नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी बताया है. अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान नक्सलियों की विध्वंसक योजनाओं पर करारा प्रहार है और इससे उनकी गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है.

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नक्सली नेता जैसे मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा सहित कई अन्य माओवादी फिलहाल सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं. इन क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान को और अधिक तेज करने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है. पुलिस, सीआरपीएफ, कोबरा और झारखंड जगुआर की टीमें लगातार संयुक्त अभियान चला रही हैं ताकि नक्सलियों के ठिकानों, संसाधनों और नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके.

## रांची: परिवार को ट्रक ने कुचला, तीन की मौत, तीन घायल

**शुभम संदेश। रांची**

नगड़ी थाना क्षेत्र में एक भयावह सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतकों में एक मां और उनके दो मासूम बच्चे शामिल हैं. यह घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो बाजार के पास हुई. जानकारी के अनुसार, परिवार सदस्य एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर रथ मेला देखने जा रहे थे. नारो बाजार के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई. उसी समय पीछे से आ रहे एक मालवाहक ट्रक ने सभी को रौंद दिया. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. नगड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर रिम्स भेज दिया. वहीं गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को भी तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. इस घटना से आक्रोशित लोगों ने रिंग रोड के पास सड़क पर टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया.



### ओएसएल ट्रांसपोर्टिंग कंपनी के वाहन से एक की मौत

**चतरा।** टंडवा- सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित धनगडा. के रहमतनगर में बुधवार को कोल वाहन ने एक व्यक्ति को बुरी तरह से कुचल दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत मौके पर हीं हो गई. चपेट में लेने वाला तेज रफ़्तार कोल वाहन ओएसएल नामक ट्रांसपोर्टिंग कंपनी का बताया जा रहा है, जिसने सड़क किनारे खड़े ब्रेकडाउन ट्रक के चालक को अपनी चपेट में ले लिया. मृत युवक केरेडारी थाना क्षेत्र के सलगा-कुठान निवासी आशीष रजक बताया जा रहा है.

## सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन की मौत, दो महिलाएं गंभीर

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

जिले के गिरिडीह-देवघर मुख्य मार्ग पर बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मधवा टोल टैक्स के समीप मंगलवार रात एक सड़क हादसा हुआ. वहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दी. इस भयावह हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो महिलाएं सोनी देवी और संगीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई. मृतकों की पहचान लिलो तुरी, छोटू तुरी और राजन तुरी के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि छोटू तुरी और राजन तुरी आपस में पिता-पुत्र थे. सभी लोग नवडीहा ओपी क्षेत्र के जंगरीडीह से बेंगाबाद थाना क्षेत्र के महुआर गांव में लिलो तुरी के भतीजी के घर अषाढ़ी पूजा के अवसर पर प्रसाद खाने गए थे. लौटते वक्त यह भीषण हादसा हुआ. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मधवा टोल टैक्स के आगे स्विफ्ट डिजायर कार को तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से दोनों घायल महिलाओं को सदर अस्पताल पहुंचाया गया. मृतकों के शवों को भी पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है. इस हादसे की खबर मिलते ही सदर अस्पताल में परिजनों की भीड़ लग गयी. परिजनों के रोने से अस्पताल परिसर का माहौल बेहद गमगीन हो गया.

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई का निधन

- हैदराबाद में चल रहा था इलाज

**शुभम संदेश। रांची**

हैदराबाद में इलाज के दौरान झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई भरत कपूर का आज सुबह पौने छः बजे आकस्मिक निधन हो गया. वे वहां 9 दिनों से एआईजी अस्पताल में भर्ती थे और उनका इलाज चल रहा था. उनके निधन की खबर से राज्य सरकार और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है.

**मंत्री दीपिका पांडेय ने भी दी श्रद्धांजलि :** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भी शोक प्रकट करते हुए कहा, यह अत्यंत पीड़ादायक क्षति है. ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को शक्ति दें.

### सीएम हेमंत सोरेन ने जताया गहरा दुःख

सीएम हेमंत सोरेन ने भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, राज्य सरकार में साथी मंत्री योगेंद्र प्रसाद जी के भाई भरत कपूर जी के आकस्मिक निधन का दुःखद समाचार मिला. मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें.

### गिरिडीह के गांव में डायरिया का कहर

## पूरा मोहल्ला चपेट में, 5 गंभीर मरीज सदर अस्पताल में भर्ती

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित कुशमाकुरा गांव में डायरिया ने विकराल रूप धारण कर लिया है. जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 40 से 50 ग्रामीण इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें से 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है. गंभीर रूप से बीमार मरीजों को आनन-फानन में गिरिडीह सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार शाम से ही लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हुई, लेकिन बुधवार तक हालात और बिगड़ती चली गई. प्राथमिक स्तर पर इलाज से राहत नहीं मिलने पर कई मरीजों को रेफर करना पड़ा.

### दूषित जल या खाद्य पदार्थ

स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की प्रारंभिक जांच के अनुसार, डायरिया फैलने का मुख्य कारण दूषित पानी हो सकता है. ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है और लोग बोरिंग या कुएं के पानी का इस्तेमाल करते हैं. संदेह जताया जा रहा है कि इसी जल स्रोत में किसी प्रकार की गंदगी मिल जाने से यह बीमारी फैली है. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सैंपल लेकर जांच शुरू कर दी है.

## झारखंड के सभी जिलों में कल से तीन दिनों तक लगातार होगी बारिश

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के सभी जिलों में तीन दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना है. बारिश चार से छह जुलाई तक होगी. यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है. विभाग के अनुसार बुधवार और गुरुवार को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना है. इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्यम में सबसे अधिक बारिश रांची के कांके में 110.2 मिमी रिकॉर्ड की गई. इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में हुई बारिश में हेरगंज में 107 मिमी, कुरडेग में 92.2, रामगढ़ के भुरकुंडा में 89, पलामू के पांकी में 88.9, धालभूमगढ़ में 85.4, गोयलकेरा में 75.8, नीमडीह में 65.4, गुमला के चैनपुर में 65, पदमा डीवीसी में 64, जमशेदपुर में 55.2, राजधनवार में 55.2, जमशेदपुर के गुड़ाबांधामें 55.2, रामगढ़ में 52.2, तेनुघाट में 51.6, घाटशिला में 46.8, गोविंदपुर में 45, मांडू में 44.4, डुमरी में 41.4, और मांझी में 40.6 , बंदगांव में 40.6, पालगंज में 40, पलामू के लेस्लीगंज में 40, मनोहरपुर में 39.8, कुमारडूंगी 38.8, महारो 36.2, रामगढ़ के गोला में 36, नामकुम में 35.2, रामगढ़ के पतरातू में 35 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. वहीं रांची और आसपास के इलाकों में बुधवार को सुबह से बादल छाए रहे. बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.4, 28.1, 32.6, 31.5 और चाईबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

### खूंटी के जानेमाने मूर्तिकार भोलानाथ मिस्त्री का निधन

**खूंटी।** जिले के जानेमाने मूर्तिकार भोलानाथ मिस्त्री का मंगलवार की देर रात निधन हो गया. वे 42 वर्ष के थे. खूंटी सहित अन्य क्षेत्रों में दुर्गा पूजा सहित अन्य पर्व त्योहारों में वे इतनी जीवंत प्रतिमा बनाते थे, जिसे देखकर हर कोई तारीफ किये बिना नहीं रहता था. भोलानाथ के असामयिक निधन की सूचना मिलते ही बुधवार को सुबह भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो भोलानाथ के घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया. काशीनाथ महतो ने कहा कि भोलानाथ काफी मिलनसार और हंसमुख व्यक्ति थे. वे पिछले 20-25 वर्षों से मूर्तियों का निर्माण करते थे. भोलानाथ के निधन पर लुरका महतो, देवेंद्र महतो, दुलार महतो सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है.

## टीपीसी के जोनल कमांडर की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई. यह घटना केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के समीप हुई है. युवक को सीने में गोली मारी गयी है. बुधवार को केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास युवक का शव मिला. स्थानीय लोगों ने शव देखने ही पुलिस को मामले की सूचना दी. जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास एक युवक का शव देखा. युवक के सीने में गोली लगी हुई थी. स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक युवक की पहचान टीपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर अनीश अंसारी के रूप में हुई है. संगठन में हुए आपसी विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है.

**हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस :** जानकारी के अनुसार, स्थानीय लोगों ने बुधवार की सुबह शव को देखा. इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अपराधियों की तलाश में जुटी है. संगठन में हुए आपसी विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है. हालांकि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है.

### झारखंड शराब घोटाले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# प्रिज्म होलोग्राफी के एमडी विधु गुप्ता गिरफ्तार

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में 70 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है. बुधवार को एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है.

विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं. एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया है. यह शराब घोटाले में एसीबी द्वारा की गई आठवीं गिरफ्तारी है. इस घोटाले की जड़ें छत्तीसगढ़ में हुए इसी तरह के घोटाले से जुड़ी हुई है. गिरफ्तार कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने ही प्रिज्म होलोग्राफी और उसके निदेशक विधु गुप्ता को झारखंड में अवैध जनशक्ति मॉडलर के सक्रिय संचालक के रूप में पेश किया था. इस घोटाले में आबकारी लाइसेंस धारकों और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसबीसीएल) की निविदाओं के लिए विधु गुप्ता की एजेंसी के माध्यम से फर्जी जनशक्ति की लगातार तैनाती की गई. सार्वजनिक धन का गबन करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और बढ़ाए गए वेतन दावों का भी इस्तेमाल किया गया.



जांच में यह भी सामने आया है कि विधु गुप्ता के नियंत्रण में ठेकेदारों, आबकारी अधिकारियों और जनशक्ति एजेंसियों को शामिल करते हुए विभिन्न राज्यों में एक संरचित नेटवर्क काम कर रहा था. यह गिरफ्तारी झारखंड शराब घोटाले की जांच में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जा रही है. आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है. बता दें कि शराब घोटाला मामले में एसीबी ने अब तक आईएएस विनय चौबे सहित कई अफसरों को गिरफ्तार किया है.


### जामताड़ा में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

**जामताड़ा।** जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के शहरडाल कोलपाड़ा में एक गृहणी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर महिला को मारने का आरोप लगाया है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी गुलशन कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया है. इस मामले में पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी. मृतका की पहचान 23 वर्षीय मोनिका राय के रूप में की गई है. मोनिका मिहिजाम की हांसीपहाड़ी की रहने वाली थी. उसकी शादी वर्ष 2021 में शहरडाल के कोलपाड़ा निवासी दीपक राय से हुई थी.

# माय-माटी और जन्म-मरण के साथ संस्कृति व संस्कार से जोड़ती है डॉ. संजय सिंह की पुस्तक संस्कृति- संस्कार के सुपथ


मुकेश सिंह चौहान

पुस्तक समीक्षा






रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज के व्याख्याता डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा लिखित तीसरी पुस्तक ₹ संस्कृति संस्कार के सुपथ को ₹ पढ़ने के दौरान संस्कृति व संस्कार की सोंधी खुशबू की अनुभूति हुई. इस पुस्तक में कुल 11 अध्याय है. सबसे पहले राष्ट्र प्रथम भारत, संस्कृति सबकी एक चिरंतन, लोकमन संस्कार, माता-पिता और गुरु, स्वावलंबन, स्वाध्याय, सत्संग की महिमा, सांस्कृतिक जागरण ,उभरते युवा शक्ति व संस्कार युक्त शिक्षा और अंतिम अध्याय वसुधैव कुटुंबकम् है. राष्ट्र प्रथम भारत में मातृभूमि की संधि माटी से घूमती हुई भारतवर्ष की अमिट संस्कृति की पहचान जग जाहिर है. संस्कृति सब की एक चिरंतन और लोकमन संस्कार घर, परिवार और समाज को सशक्त व समृद्ध बनाती है. जीवन में माता-पिता और गुरु की भूमिका सर्वोपरि है. पुस्तक में रची-बसी सोंधी माटी की खुशबू आकर्षित करती है. संयुक्त परिवार की उपादेयता की कहानी सदियों पुरानी है. यूं कह सकते हैं कि ₹ संस्कृति, संस्कार के सुपथ भारतीय माटी से गुंथी गई भारत वर्ष की अमिट संस्कृति, यहां के संस्कार और अपनत्व के बोध का खुला दस्तावेज है. कैसे हमारा भारत वर्ष संस्कृति और संस्कार का माधुर्य सींच से इंसानियत का विशाल वट वृक्ष बन पूरे विश्व को अपनी छांव दी. पुस्तक में इसे बड़े ही बारीकी, विस्तार, खूबसूरत और तार्किक रूप से पिरोया गया है. यह पुस्तक आज की पीढ़ी को झकझोरती है, जगाती है, उन्हें बताती है कि अपने मिट्टी से कट कर, अपने संस्कार को भूल कर कभी भी सुख-चैन तो नहीं पा सकते. माया के पीछे अंधा दौड़, झूठी विकाश में खोता चैन हमारी जिंदगी को बेमज़ा करता जाएगा. हम कम्प्यूटर तो बन जाएंगे, एटीएम बन पैसा भी उगलने लगेंगे, लेकिन सुकून चाहिए होगा तो संस्कृति, संस्कार के आंचल तले ही आना होगा. डॉ संजय जी की इस पुस्तक में आदिकाल से अबतक के संस्कृति, संस्कार को यात्रा के रूप में पिरोया गया है. आज हमारा समाज टूट रहा है, परिवार सिमटता जा रहा है, डिप्रेशन महामारी का रूप लेता जा रहा है; इन सभी से लड़ने का हथियार संस्कृति, संस्कार के रुप में हमारे पास है, पर हम उसका उपयोग ही नहीं कर पा रहे हैं. यह पुस्तक हम सबों में देश भक्ति की भावना को भी जागृत करता है. इस पुस्तक में गहनता के साथ दर्शाया गया है कि मानव जीवन के लिए खुशी एक व्यापक अवधारणा है. खुशी प्रसन्नता, आनंद , आत्मसंतुष्टि और सफलता के समन्वय सूत्र है. यह बताया गया है कि वैसे तो जीवन में सभी लोग खुशी और सफलता के आकांक्षी हैं, किन्तु सफलता का विधान जहाँ उपलब्धियों से है वहीं खुशी की संबंध आत्मसंतुष्टि से है. प्रायः यह देखने - सुनने को मिलता है कि जीवन में सफलता के चरम पर भी भौतिकवादी युग में अधिकांश लोग अप्रसन्न, अशांत - क्लांत एवं दुःख से ग्रसित हैं. भौतिक व सांसारिक उपलब्धियों एवं अनुकुलता के बावजूद भी लोगो को जीवन की सकारात्मक ऊर्जा एवं सार्थकता की अनुभूति से वंचित पाया जाता है. पुस्तक में बताया गया है कि सही सोच समझ एवं दिशाबोध के अभाव में लोग आंतरिक रिक्तता को भरने के लिए नशे, शराब, चोरी, अपराध जैसे बुरे व्यसनों का सहारा लेते हैं. अधिकतर लोग बुरी संगत और बुरे व्यसनों के चंगुल में फंसकर आत्मघाती एवं विध्वंसक पथ पर अग्रसर हो जाते हैं. संस्कृति व संस्कार को खुद में उतारकर हम इन बुराइयों से बच सकते हैं. कह सकते हैं कि चिंतन, चरित्र और व्यवहार के समन्वय से व्यक्तित्व निर्माण होता है. व्यक्तित्व निर्माण सबसे बड़ी जीवन साधना है.

हालांकि इस पुस्तक में कहीं कहीं शब्दों के मेल में व्याकरणीय त्रुटि दृष्टिगोचर होती है, कहीं, कहीं विषयवार दुहराव भी है; पर इसे नजरअंदाज किया जा सकता है. कुल मिलाकर विश्व एक परिवार के अपनत्व रंग में डूबी यह पुस्तक पठनीय है.

**(लेखक- झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार व खुशी क्लास के संस्थापक-सह- संचालक हैं)**

## झाड़ियों में मिला शव, चेहरे पर धारदार हथियार के निशान, हत्या की आशंका

**शुभम संदेश। रांची**

जिले के रातू थाना क्षेत्र के चित्रकूटता गांव में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई. शव गांव के पास झाड़ियों में पड़ा हुआ था, जिसे सबसे पहले कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने देखा. उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही रातू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि मृतक के चेहरे पर धारदार हथियार से हमले के गहरे निशान हैं, जिससे यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है.

फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है. पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है और आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है. एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है ताकि तकनीकी जांच के जरिए सुराग जुटाया जा सके. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा. गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है.

**लालपुर डिस्टिलरी के पास जमीन विवाद में मारपीट**

## अदालत ने 10 लोगों को सशर्त अग्रिम जमानत दी

**शुभम संदेश। रांची**

लालपुर थाना क्षेत्र के एचबी रोड स्थित डिस्टिलरी के पास 5.37 एकड़ जमीन को लेकर हुए विवाद में मारपीट और पोकलेन मशीन को क्षतिग्रस्त करने के मामले में शामिल 10 लोगों को सिविल कोर्ट, रांची ने सशर्त अग्रिम जमानत दी है. कोर्ट ने 10-10 हजार रुपये के दो निजी मुचलके पर यह राहत प्रदान की. यह मामला 18 जनवरी 2025 को हुआ था, जब बहुमंजिली इमारत के निर्माण के लिए नींव की खुदाई के दौरान गार्ड, सुपरवाइजर और अन्य कर्मियों से मारपीट की गई थी. इस संबंध में 19 जनवरी को शेखर बिल्डकॉन प्रा. लि. के निदेशक इंद्र शेखर ने लालपुर थाना में 20 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

अदालत में सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अग्रिम जमानत की मांग करने वाले याचिकाकर्ता सभी खतियानी-रैयत के उत्तराधिकारी हैं, जबकि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा कि जमीन का स्वामित्व लक्ष्मीनारायण या उनके उत्तराधिकारियों को वैध रूप से हस्तांतरित हुआ है. अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि नगरपालिका के अभिलेख भूमि स्वामित्व के वैध दस्तावेज नहीं माने जा सकते. जिन लोगों को अग्रिम जमानत मिली है, उनमें पीटर टोप्पो, प्रदीप टोप्पो, प्यारी टोप्पो, सुसारी धान, इलिशाबा हेम्ब्रोम, नितिर हेम्ब्रोम, अमृत धान, जोंसन धान, अमित हेम्ब्रोम और अजीत हेम्ब्रोम शामिल हैं.

**नौकरी गई, उम्मीदें टूटी : रांची यूनिवर्सिटी के सैकड़ों अनुबंध कर्मचारी 90 दिनों से धरने पर**

# धरनास्थल पर पकौड़ी तलकर राहगीरों को बेचा, बोले- दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल



**शुभम संदेश। रांची**

नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद झारखंड के कॉलेजों से इंटरमीडिएट की पढ़ाई हटाए जाने का सीधा असर वहां काम कर रहे शिक्षकेत्तर अनुबंध कर्मचारियों पर पड़ा है. रांची यूनिवर्सिटी क्षेत्र के 500 से अधिक कर्मचारी अब बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं. पिछले 90 दिनों से ये कर्मचारी रांची के राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं. उनकी मांग है कि उन्हें या तो अन्य कॉलेजों में समायोजित किया जाए या फिर उनकी पुरानी नौकरी बहाल की जाए. सरकार की चुप्पी से निराश होकर इन कर्मचारियों ने बुधवार को अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराया. धरनास्थल पर पकौड़ी तलकर और राहगीरों को बेचते हुए एक कर्मचारी ने कहा कि हम विरोध नहीं, ज़िंदगी की जंग लड़ रहे हैं. दो वक्त की रोटी जुटाना भी मुश्किल हो गया है.

इनमें से कई कर्मचारी ऐसे हैं जो वर्षों से ईमानदारी से काम कर रहे थे, लेकिन अब उम्र ज़्यादा हो जाने के कारण उनके सामने न तो नई नौकरी का रास्ता खुला है, न ही कोई दूसरा विकल्प. एक महिला कर्मचारी ने भावुक होते हुए कहा कि हम पढ़े-लिखे हैं, मेहनती हैं, लेकिन अब कोई सुनने वाला नहीं है. धरने पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने राज्यपाल कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग और जनप्रतिनिधियों तक अपनी बात कई बार पहुंचाई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. उनका कहना है कि यह आंदोलन राजनीति से प्रेरित नहीं, बल्कि उनके जीवन, परिवार और भविष्य की लड़ाई है.

## एक नजर

### एचईसी के सप्लाई कामगार श्रम मंत्री संजय यादव से मिले



**रांची।** झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव रोहित पांडेय के नेतृत्व में एचईसी के सप्लाई कामगार बुधवार को झारखंड सरकार के श्रम मंत्री संजय यादव से मिले. पांडेय ने श्रम मंत्री को सप्लाई कामगारों की समस्याओं से अवगत कराया. मंत्री संजय यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि 13 जुलाई को सीएमडी को बुला कर कामगारों के बैठाएंगे, ताकि वे समस्याओं से अवगत हो सकें और त्वरित समाधान कर सकें.

### रोटरी क्लब ने छोटानागपुर गर्ल्स स्कूल को लिया गोद सत्र 25-26 में एक हैप्पी स्कूल बनाने का लिया संकल्प



**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची के सदस्यों ने थड़पखना स्थित छोटानागपुर गर्ल्स प्राइमरी एवं उच्च विद्यालय को गोद लेकर उसे हैप्पी स्कूल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है. बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा 2 के विद्यार्थियों के लिए 10 नए डेस्क-बेंच एवं एक अलमारी प्रदान की गई. कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय छाबड़ा एवं राजीव मोदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब ऑफ राइजिंग के सदस्यों ने छात्रों के लिए तकनीक, कला, कौशल विकास एवं सामान्य ज्ञान जैसे विषयों पर निरंतर कक्षाएं शुरू करने की पहल की. ये कक्षाएं अब नियमित रूप से संचालित की जाएंगी. बच्चों के बीच फूड पैकेट्स भी वितरित किए गए. विद्यालय के खेल मैदान को बैडमिंटन कोर्ट एवं फुटबॉल खेलने लायक बनाया जाएगा, जिससे छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा मिले. रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि हैप्पी स्कूल अभियान के माध्यम से हम शिक्षा, संसाधन और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में बच्चों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराना चाहते हैं. मौके पर डॉ. अनिल पांडेय, आस्था बेहल, मुकेश तनेजा, शाहिद पाल, अजय वाधवा, जसदीप, कांता मोदी, प्रकाश सरावगी, भावना तनेजा, रश्मि अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल एवं ऋचा मौजूद रहे.

### मैक्सिको में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी रांची की तनुश्री, आर्थिक तंगी बनी बाधा



**रांची।** राजधानी रांची की रहने वाली और अंतरराष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी तनुश्री एक बार फिर भारत का नाम रोशन करने को तैयार हैं. उनका चयन मैक्सिको में होने वाले बाटुमी इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में हुआ है. लेकिन इस उपलब्धि की चमक के पीछे एक बड़ी चिंता छिपी हुई है-मैक्सिको जाने के लिए तनुश्री को कम-से-कम दो लाख रुपये की जरूरत है, जो उनके परिवार के लिए जुटा पाना मुश्किल हो रहा है. तनुश्री बेहद साधारण परिवार से आती हैं. उनके पिता पंकज कुमार दिवेदी खादगढ़ा बस स्टैंड में काम करते हैं. खुद तनुश्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में बीकॉम सेकेंड ईयर की छात्रा हैं. वे 2014 से वूशु खेल रही हैं और देशभर के तमाम प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं. उनके झोले में इतने मेडल हैं कि गिनती करना मुश्किल हो जाए—लेकिन अब जब उन्हें पहली बार विदेश जाकर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है, तो आर्थिक तंगी उन्हें रोकने पर तुली है. तनुश्री का कहना है कि अगर कहीं से मदद नहीं मिलती तो मैं लोन लेकर देश के लिए खेलने जाऊंगी. ये मौका दोबारा नहीं मिलेगा.

### एनएचएम और डाक विभाग में योजनाओं के प्रसार पर मंथन

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड और भारतीय डाक विभाग के बीच बुधवार को समन्वय बैठक का आयोजन हुआ. बैठक की अध्यक्षता एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने की. इस दौरान दोनों विभागों के अधिकारियों ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रचार-प्रसार और सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में संयुक्त रूप से काम करने पर जोर दिया.बैठक में भारतीय डाक विभाग की ओर से सहायक निदेशक और डाक अधीक्षक ने भाग लिया. दोनों विभागों ने स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने, गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों से संबंधित सेवाओं की सुगमता, टीकाकरण अभियान और डिजिटल स्वास्थ्य मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सामूहिक रणनीति तैयार करने पर चर्चा की. मौके पर अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने डाक विभाग की संरचना और नेटवर्क का लाभ उठाकर राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों विभागों के संयुक्त प्रयास से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी. सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा.

### एनएसएस शिविर का शुभारंभ, युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**रांची।** डोरंडा महाविद्यालय की नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) इकाई 1, 2 और 3 की ओर से बुधवार को नामकुम प्रखंड स्थित खिजरी गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरुआत हुई. उद्घाटन समारोह में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार शर्मा, रांची विवि के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती कुजूर, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कंचन मुंडा और डॉ. एमलीन केरकेट्टा शामिल हुए. शिविर के पहले दिन स्वच्छता और नशा मुक्ति के संदेश के साथ एक जागरूकता रैली निकाली गई. इस शिविर में कुल 150 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं. प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि युवा सामाजिक परिवर्तन के प्रमुख वाहक होते हैं और ऐसे शिविरों से उनमें रचनात्मक सोच और सेवा भावना का विकास होता है. मुख्य वक्ता डॉ. ब्रजेश कुमार ने एनएसएस को युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम बताया. शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति, साक्षरता, सड़क सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा. कार्यक्रम में शिक्षिका वीणा, आरती कुजूर समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया.

## रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष सुरक्षा जांच अभियान यात्रियों की सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे की तलाशी


**शुभम संदेश। रांची**



राजधानी रांची के रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट द्वारा विशेष सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया. आरपीएफ डीएसपी पवन कुमार के निर्देश पर सुरक्षा टीम ने स्टेशन परिसर के हर कोने की गहन जांच की. इस दौरान डॉग स्क्वाड की भी सहायता ली गई. अभियान का उद्देश्य विस्फोटक सामग्री की जांच और विध्वंसक गतिविधियों की रोकथाम था. जांच के तहत यात्रियों के बैग, कूड़ेदान, मुख्य प्रवेश द्वार, आगमन क्षेत्र, पार्किंग में खड़ी गाड़ियां और ट्रेनों का भी गहन निरीक्षण किया गया. हालांकि, किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई.डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा आरपीएफ की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे अभियान भविष्य में भी समय-समय पर चलते रहेंगे.

## एसबीयू में हुआ रिकॉर्ड विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

**शुभम संदेश। रांची**



सरला बिरला विश्वविद्यालय में इस साल का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है. अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 407 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है. यह प्रक्रिया अब भी जारी है. प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के विद्यार्थियों को देश की नामी-गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा. इससे इन विद्यार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी की लहर है. विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट में संस्थान के छात्र को अधिकतम 9 लाख रूपये प्रति वर्ष का पैकेज मिला. इस वर्ष का औसतन पैकेज चार लाख रूपये रहा है.

इस बार संस्थान में देश विदेश की 150 से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया. इस वर्ष डेलोइट, एक्सेंचर, टीसीएस, विप्रो, डी मार्ट, स्ट्रेडा, बिरला ओपस, डीएसपी म्युचुअल फंड, लीप, चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, आईडीबीआई बैंक, आईटीसी, एक्सिस बैंक, क्रॉस लिमिटेड, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, बर्जर पेंट्स, आर्टेक एलएलपी, टाटा कैपिटल, टाटा एआईजी, फर्स्ट चॉइस रेडीमिक्स, ईएसएल स्टील लिमिटेड वेदांता, ईवाई, कॉग्निजेंट, ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड, गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग लिमिटेड, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कृष्णा मारुति लिमिटेड, एलएंडटी मशीनरी, अपोलो टायर्स, सायकेम टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, लक्ष्मी एग्री कॉम्पोनेंट्स एंड फॉर्गिंग्स , एआरएफ डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, सुब्रोस लिमिटेड, जेप्टो, शोभा लिमिटेड इत्यादि कंपनियों में विवि के विद्यार्थी अपनी जगह बनाने में सफल रहे.

इस अवसर पर विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी है. संस्थान के छात्र-छात्राओं की सफलता का उल्लेख करते हुए उन्होंने विवि के अकादमिक माहौल, अनुशासन और विद्यार्थियों की लगन और कड़ी मेहनत को इसका श्रेय दिया है.

**सेवाधाम** 3130 निराश्रित प्रभुजनों व सेवादारों को अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से भोजन कराया गया

# सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रितों को अन्नपूर्णा सेवा के अंतर्गत कराया गया भोजन

**शुभम संदेश। रांची**



परमहंस डॉ. संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के दिव्य सान्निध्य में श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे सेवा कार्यों की श्रृंखला में मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम - सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार), पुंदाग, रांची में बुधवार को पार्थ सारथी जी के सौजन्य से विशेष अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया गया है. कार्यक्रम के अंतर्गत आश्रम में निवास कर रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभुजनों एवं उनकी सेवा में समर्पित सेवादार साथियों को विधिवत आश्रम के किचन में बना पवित्र भोजन प्रसादी परोसा गया. आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 17 जून से दो जुलाई तक, मात्र 16 दिनों में कुल 3130 निराश्रित प्रभुजनों और सेवादारों को अन्नपूर्णा सेवा के माध्यम से भोजन कराया गया.

सेवाधाम में आयोजित इस सेवायज्ञ में विशेष सहयोग देनेवालों में डॉ. प्रशांत कुमार, मोहनलाल जिंदल, अगस्त जायसवाल, सीताराम खेतान, दिलीप कुमार गुप्ता, रेणु सिंह, दीपक खेतान, भरत केसरी, मनीष जालान, मीनू पाल, जगदीश शांति देवी, मधु छावनिका, सत्यजीत पटनायक, विजय सहाय, जितेंद्र सिंह, अमृता घोष, सुलेखा प्रसाद साहू प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे. सभी ने निराश्रित प्रभुजनों की सेवा कर अपने श्रद्धा और स्नेह का परिचय दिया.

मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, सचिव मनोज कुमार चौधरी, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुर्णमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, नंद किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधु जाजोदिया, अरविंद अग्रवाल, पवन कुमार पोद्दार, विष्णु सोनी, सुरेश भगत एवं अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे.

सभी सहयोगकर्ताओं और सेवाभावी आत्माओं को ट्रस्ट की ओर से हार्दिक धन्यवाद एवं प्रभु कृपा का आशीर्वाद प्रदान किया गया.

**रांची में फ्लाईओवर मरम्मत के दौरान फटी गैस पाइपलाइन**

# घरों और दुकानों को कराया गया खाली



**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची के निवारणपुर इलाके में फ्लाईओवर के नीचे मरम्मत कार्य के दौरान गेल इंडिया की गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई. यह कार्य एलएंडटी कंपनी द्वारा किया जा रहा था. पाइपलाइन फटते ही तीव्र गैस रिसाव शुरू हो गया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई. गैस रिसाव को देखते हुए प्रशासन ने तुरंत आसपास के घरों और दुकानों को खाली करवा लिया. स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए दमकल विभाग की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंचीं, हालांकि गेल इंडिया की तकनीकी टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में करीब दो घंटे लग गए. स्थिति पर नियंत्रण पाने के बाद टीम ने गैस पाइपलाइन को बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया. स्थानीय लोगों ने बताया कि गैस की तेज़ गंध के कारण सांस लेना भी मुश्किल हो गया था, जिससे लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए. फिलहाल प्रशासन ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं. साथ ही, एलएंडटी और गेल के अधिकारियों से जवाब-तलब की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी चल रही है.

## ब्रीफ न्यूज

### डाढ़ा में सांप काटने से किशोर की हुई मौत

**बालूमाथ (लातेहार)।** पुलिस अनुमंडल अंतर्गत बारियातू थाना क्षेत्र के डाढ़ा में सांप काटने से एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किशोर शनि उरांव, पिता सुले उरांव, डाढ़ा, थाना बारियातु निवासी अपने घर के बाहर ही खेल रहा था. इसी दौरान एक विषैला सांप ने उसे काट लिया. जिससे वह अचेत हो गया. घटना के बाद परिजनों द्वारा अचेतावस्था में किशोर को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया. जहां डॉ अलीशा टोप्पो के द्वारा प्राथमिक जांच के बाद किशोर को मृत घोषित कर दिया. मृत किशोर के परिजन मृतक का शव लेकर वापस अपने घर चले गए.

### पिछडा वर्ग से पोस्टल आर्डर लेना गलत: सतीश

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा (आजसू) के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने सरकार पिछडा वर्ग के उम्मीदवारों के साथ अन्याय किए जाने का पर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि ईएसडब्लू यानी अगडी जाति के उम्मीदवार को 125 रुपये का ड्राफ्ट लग रहा है जिनकी आबादी मात्र 10 प्रतिशत है जबकि झारखण्ड मे पिछडा वर्ग का आबादी 54 प्रतिशत है. सरकार अविलंब शुल्क मे संशोधन कर पिछड़ा वर्ग के अधिकार से वंचित करने की साजिश को रोका जाय. एक ओर सरकार जनगणना कराने की बात करती है. वहीं दूसरी ओर पिछड़ा वर्ग को अधिकार से वंचित रखने की साजिश रचने मे पीछे नही रहती.

### इटावा कांड: यादव महासभा ने राष्ट्रपति-पीएम को सौंपा ज्ञापन

**मनातू (पलामू)।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दादरपुर गांव में यादव समाज के कथावाचकों के साथ हुए अमानवीय व्यवहार के खिलाफ प्रांतीय यादव महासभा, पलामू ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा. जिला उपायुक्त के माध्यम से सौंपे गए इस ज्ञापन में दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है.प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने किया, जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग मंडल, युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव समेत कई सदस्य शामिल थे. ज्ञापन में बताया गया कि 21 जून को कथावाचक मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव को जातिगत आधार पर अपमानित किया गया.

### चंदवा के युवक की रांची में पिटाई, मामला दर्ज

**चंदवा( लातेहार)।** बीते रविवार की शाम रांची शहर के व्यस्तम क्षेत्र सेवा सदन अस्पताल के समीप पांच युवकों ने लातेहार जिले के चंदवा के एक युवक की बेरहमी से पिटायी कर उसे घायल कर दिया. घटना शाम करीब 8 बजे की है. जानकारी के अनुसार चंदवा निवासी आदित्य राज ठाकुर रांची में पहाड़ी मंदिर के समीप एक किराए के मकान में रह कर रांची में काम करता है. वह अपनी पल्सर बाइक से काम करके घर लौट रहा था. पीड़ित आदित्य ठाकुर ने कोतवाली थाना को दिए अपने बयान में बताया कि जैसे ही वह सेवा सदन अस्पताल के पास पहुंचा, एक स्विफ्ट डिजायर कार ने आकर उसकी बाइक से टक्कर मार दी. जब आदित्य ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वह गिर सकता था तो कार में सवार पांच युवकों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. एक ने उसके सिर पर हेलमेट से वार कर दिया. जबकि दूसरा युवक उसे बेल्ट से मारने लगा.

## खजुरी-शंखा सड़क का निर्माण पूरा, डीआईजी ने किया स्थल का निरीक्षण

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज करेंगे उद्घाटन

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने की बैठक

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



एनएच-39 पर पलामू जिले के शंखा व गढ़वा जिले के खजुरी पर निर्मित सड़क का उदघाटन 3 जुलाई को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी करेंगे. इसे लेकर गढ़वा जिले के हूर मोड़ में फोरलेन सड़क का उद्घाटन प्रस्तावित है. उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर है. केंद्रीय सड़क परिवहन सुरक्षा सलाहकार रवींद्र तिवारी लगातार कार्यक्रम तैयारी का जायजा ले रहे हैं. रवींद्र तिवारी ने कहा कि पलामू-गढ़वा जिले के लिए यह पहला फोर लेन सड़क है, जिसका उदघाटन 3 जुलाई को होने जा रहा है. उन्होंने कहा कि एनएच-39 का निर्माण कार्य पांच फेज में किया जाना है और इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र विकास को गति मिलेगी. इधर, वहीं गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, पूर्व सांसद घूरन राम समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उदघाटन कार्यक्रम की तैयारी का लगातार जायजा ले रहे हैं. पलामू डीआईजी नौशाद आलम ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल और बिरसा मुंडा हेलीपैड का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान डीआईजी नौशाद आलम ने गढ़वा एसपी अमन कुमार और अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूरी सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा और इसके लिए पुलिस बल पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार है. उन्होंने विश्वास दिलाया कि आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत होगी कि किसी प्रकार की अव्यवस्था की कोई संभावना नहीं रहेगी. डीआईजी ने कहा कि यह फोरलेन सड़क गढ़वा जिलेवासियों के लिए एक बड़ी सौगात है, जो क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी. वहीं, कार्यक्रम को लेकर गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें सुरक्षा को लेकर चर्चा की गई.

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं जनता की समस्याएं

# कई मामलों का ऑन द स्पॉट करा दिया गया निष्पादन

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जिले के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं. उपायुक्त ने कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, वहीं कुछ मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया.

**आधार के अभाव में दो साल से बंद पेंशन :** सिंदुरिया के ग्राम चट्टी निवासी 83 वर्षीय अंजनी देवी के पोते ने उपायुक्त को बताया कि उनकी दादी का पेंशन पिछले दो वर्षों से आधार कार्ड न होने के कारण बंद है. उन्होंने बताया कि दवा-इलाज का एकमात्र सहारा यही पेंशन थी. इस पर उपायुक्त ने यूआईडी के डीपीओ उदय सिंह को तत्काल बुलाकर आवेदन सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया.

**मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं मिलने से रुकी फिक्स्ड राशि की निकासी**
सतबरवा से आई अर्चना कुमारी ने बताया कि उनकी मां की मृत्यु 2003 में सदर अस्पताल में हुई थी. अस्पताल द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र को झारखंड वनांचल ग्रामीण बैंक मान्यता नहीं दे रहा है. डीसी ने मेदिनीनगर नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त को आवेदन अग्रसारित कर स्वर्गीय पुष्पा देवी का वैध मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया.

**पारिवारिक संपत्ति में अधिकार से वंचित:** सदर अंचल के रेड़मा निवासी एक महिला ने बताया कि उनके पति की रेल हादसे में मृत्यु के बाद ससुराल वाले संपत्ति की बिक्री कर रहे हैं और उन्हें वंचित किया जा रहा है. उपायुक्त से उन्होंने रजिस्टर टू की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने की मांग की.

**बेटी के नामांकन की अपील :** चियांकी के रामआशीष कुमार ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत अपनी बेटी रुपाली का कक्षा 1 में नामांकन सुनिश्चित करने की मांग उपायुक्त से की.

**उग्रवादियों ने की पिता की हत्या, न नौकरी मिली न मुआवजा:** धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि 1999 में उग्रवादियों ने उनके पिता की हत्या कर दी थी. सरकारी प्रावधान के बावजूद उन्हें न तो मुआवजा मिला और न ही नौकरी. उपायुक्त से उन्होंने मामले की जांच कर न्याय की गुहार लगाई.ऊंटारी रोड के विजय प्रताप सिंह ने बताया कि मनरेगा के तहत उनके नाम का फर्जी इस्तेमाल कर योजना ली गई है. उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की.जनता दरबार में भूमि विवाद, पीएम आवास की अनियमितता, स्वास्थ्य, आपूर्ति, पेयजल, शिक्षा, राजस्व और कल्याण विभाग से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए. उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता से विचार करने और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की बात कही.जनता दरबार में उपायुक्त समीरा एस के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया.

### एनडीपीएस के एक मामले में दो लोगों को 10 वर्ष की सजा एक लाख रुपए का जुर्माना

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने एनडीपीएस 12 /2021 के आरोपी सिकंदर उर्फ गुड्डू व दीपक कुमार उर्फ बिजली को एनडीपीएस की धारा 18 (सी) में दोषी पाते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है साथ ही एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है. जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी. इस मामले में नावा जयपुर थाना के प्रभारी रजन कुमार ने नावाजयपुर थाना में कांड संख्या 24/2021 तिथि तीन अगस्त 2021 को चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी एनडीपीएस की धारा 17, 18,व 22 में दर्ज कराया था .मुदालहुम पर आरोप था कि 2 अगस्त 2021 की रात्रि 9रू00 बजे ग्राम बन्दुवा में वाहन चेकिंग थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाया जा रहा था. जिसमें एक मोटरसाइकिल जिसमें नंबर नहीं था. उक्त मोटरसाइकिल चेकिंग के दौरान दीपक कुमार के पास से एक किलोग्राम अफीम जैसा पदार्थ और एक मोबाइल फोन जप्त किया गया था. जप्त सामग्री को जब जांच किया गया तो अफीम पाया गया था .अदालत में साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए मनातू थाना के पकरियाडी निवासी सिकंदर उर्फ गुड्डू व नावाजयपुर थाना के दीपक कुमार उर्फ बिजली को एनडीपीएस की धारा में दोषी पाते हुए 10 वर्ष की सजा व एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है.

## दूसरे दिन शराब दुकानों की हैंडओवर व टेकओवर की प्रक्रिया जारी रही

शुभम संदेश । लातेहार

जिले के लाइसेंसी शराब दुकानों की हैंडओवर व टेक ओवर की प्रक्रिया दो जुलाई को दूसरे दिन भी जारी रही. इसमें उत्पााद विभाग के अलावा बतौर दंडाधिकारी प्रशासन व पुलिस के अधिकारी शामिल रहे. उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने बताया कि पहले दिन एक जुलाई को जिले के कुल छह दुकानों में हैंडओवर व टेकओवर की प्रक्रिया शुरू की गयी थी. जिसमें चार दुकानों में प्रक्रिया पूरी कर ली गयी थी. दूसरे दिन नगर निगम क्षेत्र के अंग्रेजी शराब दुकान नंबर एक (अमवाटीकर) और देशी शराब दुकान (शिवपुरी) नंबर एक के अलावा जर्री व भोगिया-मुरपा की (कंपोजिट) शराब दुकानों मे हैंडओवर व टेक ओवर की प्रक्रिया शुरू की गयी. अगले आदेश तक उक्त दुकानें बंद रहेंगी. मौके पर बतौर दंडाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी मौजूद थे.बता दें कि जिले में कुल 23 लाइसेंसी शराब की दुकाने हैं. इन सभी दुकानों का संचालन मानव प्रदाता एजेंसी केएस मल्टीफैसिलिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों के द्वारा किया जा रहा था. उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उक्त मानव प्रदाता एजेंसी की सेवा अवधि 30 जून 2025 को समाप्त हो गयी है. एक जुलाई से दुकानो मे बचे स्टॉक एवं उपस्करों का हैंडओवर व टेक ओवर की प्रक्रिया उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, लातेहार एवं मानव प्रदाता एजेसी केएस मल्टीफैसिलिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के बीच शुरू की गयी है. दुकानों का क्रमवार हैंडओवर व टेक ओवर किया जायेगा. जिन दुकानों में इसकी प्रक्रिया शुरू की जायेगी, वह दुकान प्रक्रिया पूरी होने तक बंद रहेगी. जबकि शेष दुकानें खुली रहेगीं. उन्होने बताया कि हैंडओवर व टेक ओवर की प्रक्रिया में दो से तीन दिन लग सकता है.

## सम्मानित किए गए चंद्रभूषण मिश्रा व वीरेन्द्र नाथ मिश्रा

शुभम संदेश । मेदिनीनगर



शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की पलामू जिला इकाई के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष संतोष पाठक के आवास पर आद्रा मिलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया. समारोह की शुरूआत भगवान भास्कर की तस्वीर के समक्ष मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम पाठक, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सन्तोष कुमार पाठक, अधिवक्ता चंद्रभूषण मिश्रा, उपाध्यक्ष भोला नाथ पाठक एवं सुमन मिश्रा, संरक्षक सचिन्द्र पाठक, सत्यनारायण पाठक और उमेश पंडित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि पिपरा (पांकी) निवासी अधिवक्ता चंद्रभूषण मिश्रा और अधिवक्ता वीरेन्द्र नाथ मिश्रा डाल्टनगंज कचहरी में वकालत करते हैं. इन दोनों भाइयों का भ्रातृ प्रेम पूरे इलाके में चर्चा का विषय है जो समाज के लिए अनुकरणीय है. ऐसी स्थिति में दो भाइयों के बीच अटूट प्रेम का संदेश समाज को मिले इसलिए आज के इस समारोह में उन्हें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम पाठक के हाथों रामचरितमानस ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम पाठक को विगत 15 मई को विश्व संवाद केन्द्र झारखण्ड द्वारा रांची में देवर्षि नारद पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया था और यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है. उनकी इस उपलब्धि पर महासंघ के पलामू जिला इकाई द्वारा आज उन्हें नारद पुराण पुस्तक देकर सम्मानित किया जा रहा है. मुख्य अतिथि सीताराम पाठक ने महासंघ को मजबूती प्रदान करने, बच्चों को सांस्कारिक बनाने और इन्हें नशा पान से दूर रखने, अच्छी शिक्षा प्रदान करने तथा सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आह्वान किया. वहीं, अधिवक्ता चंद्रभूषण मिश्रा ने अपने जीवन के कई संस्मरण सुनाए और भाई-भाई के बीच अटूट प्रेम रखने के महत्व पर प्रकाश डाला. उपाध्यक्ष भोलानाथ पाठक, सुमन मिश्रा, रमेश पाठक, दिलीप पाठक सहित कई लोगों ने भी अपने विचार रखे. प्रिय रंजन पाठक ने भ्रातृ प्रेम पर आधारित बहुत ही अच्छी कविता सुनाई. समारोह की अध्यक्षता सचिन्द्र पाठक व संचालन प्रदीप पाठक ने किया. इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

**आक्रोश** छेंचा पंचायत के होरिलौंग आरईओ पथ की हालत बदहाल

# बारिश में धंसी सड़क, ग्रामीणों का आवागमन बाधित

### संवेदक की लापरवाही उजागर

शुभम संदेश । बरवाडीह



प्रखंड अंतर्गत छेंचा पंचायत के होरिलौंग आरईओ सड़क पर एक बार फिर निर्माण कार्य में लापरवाही और भ्रष्टाचार का घिनौना चेहरा सामने आया है. भारी बारिश के चलते यह सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है. सड़क की दुर्दशा से स्थानीय ग्रामीण बेहद परेशान हैं और वैकल्पिक मार्ग की मांग कर रहे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क लाखों रुपये की लागत से आरईओ मद से बनाई गई थी, लेकिन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया. शुरुआत से ही सड़क में गड्ढे उभरने लगे थे और पहली ही बारिश में सड़क धंस गई. इससे स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया गया, बल्कि मिलीभगत कर सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया. स्थानीय ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन से अपील की है कि इस मामले में त्वरित संज्ञान लिया जाए, संवेदक पर कार्रवाई हो और सड़क की मरम्मत के साथ-साथ एक स्थायी वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. साथ ही, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोहराई न जा सके. ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन जल्द कदम नहीं उठाता है, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

## गिरा 11 हजार वोल्ट का पोल आठ गांवों की बिजली आपूर्ति ठप

**हुसैनाबाद (पलामू)।** मंगलवार सुबह हुई बारिश के दौरान दंगवार और बेल बिगहा के बीच ब्रह्म स्थान के पास 11 हजार वोल्ट का बिजली पोल टूटकर गिर गया. इसके साथ ही दो अन्य पोल भी उखड़ गए और बिजली के तार सड़क किनारे गिर पड़े, जिससे नावाडीह, बेल बिगहा, रकशही, सलीमा, चौखंडी, धावाबार, लामार, कड़मरी और कजरात गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई.गनीमत रही कि तार गिरने से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई. स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी. एसडीओ रामप्रसाद महतो ने बताया कि संवेदक को कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दे दिया गया है और पोल व मशीन मौके पर भेजी गई है. बुधवार तक बिजली बहाल होने की संभावना जताई गई है.ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में जर्जर पोल और तार को अब तक नहीं बदला गया है, जिससे अक्सर तार टूटकर गिरते हैं और बिजली बाधित होती है. कई गांवों में अब तक एलटी पोल भी नहीं लगाए गए हैं, लोग निजी खर्च पर तार जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे हैं. उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है.

### जिला सुरक्षा समिति की बैठक में बॉडीगार्ड मुहैया कराने पर हुई चर्चा

**मेदिनीनगर।** पलामू समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में उपायुक्त ने निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने के लिए जिले में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली. आवेदनों के आधार पर निःशुल्क और सशुल्क निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने के लिये विस्तार से चर्चा की गई. कुछ आवेदनों के आधार पर अंगरक्षक देने पर विचार किया गया, वहीं कुछ पूर्व पदाधिकारियों/राजनीतिक व्यक्तियों की सुरक्षा में कटौती करने का भी निर्णय लिया गया. उपायुक्त ने जिले में सुरक्षा समिति की ओर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से दिए गए अंगरक्षकों की भी विस्तृत समीक्षा की. संबंधित पदाधिकारी को सूची को अद्यतन कर इसकी रिपोर्ट समर्पित करने को कहा.

## एक नजर



### आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की करेंगे मदद : शाहदेव

**लातेहार।** प्लस टू उच्च विद्यालय, सासंग में कक्षा 10 व 12 वीं के सफल छात्रो को सम्मानित किया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव मौजूद थे. उन्होंने छात्रों को प्रशस्ती पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. मौके पर संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री शाहदेव ने कहा कि सफलता के लिए परिश्रम आवश्यक है. जो परिश्रम करते हैं और मन लगा कर किसी काम को करते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है. उन्होंने छात्रों को आगे की पढ़ाई भी इसी प्रकार मन लगा कर करने की अपील की. आगे कहा कि वैसे मेधावी छात्र जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें वे हर प्रकार की सहायता करने को तैयार हैं. उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए वरीय अधिकारियों से बातचीत करने का भरोसा दिया. उन्होंने बताया कि इस विद्यालय की छात्रों ने झारखंड के टॉप टेन मे शामिल हुई है, उसने इस विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रौशन किया है. मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक सुनील कुमार गुप्ता, झामुमो जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव, शशिभूषण यादव, उमेश यादव, अवधेश यादव, रूना देवी व निरंजन यादव समेत विद्यालय के बच्चे व ग्रामीण मौजूद थे.

### लायंस क्लब ने चिकित्सकों को किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वावधान में डॉक्टर्स डे पर आजाद नगर स्थित गार्डन हट रेस्टोरेंट में भव्य समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर सेवा, समर्पण और संवेदना के प्रतीक चिकित्सकों को सम्मानित किया गया. सम्मानित होनेवाले चिकित्सकों में डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ, डॉ. रवीश कुमार, डॉ. अभय कुमार, डॉ. विनीत कुमार सिंह, डॉ. निशांत कुमार और डॉ. अमित सिंह शामिल हैं. उन्हें क्लब की ओर से पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न भेंट किया गया. इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में चिकित्सकों के सम्मान में केक काटा गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ व संचालन तथा आयोजन की व्यवस्था अनूप कुमार, परिमल प्रसून एवं मनोज सोनी ने की. लायंस क्लब के सदस्यों ने बताया कि डॉक्टर समाज की रीढ़ हैं. यह कार्यक्रम उन्हीं के योगदान को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया है. कार्यक्रम का समापन क्लब द्वारा आयोजित सामूहिक भोज के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. मौके पर गुरबीर सिंह, प्रियंका आनंद साहू, आकांक्षा जायसवाल, वरुण जायसवाल, राघवेंद्र सिंह, फिरोज अंसारी, मुकेश अग्रवाल, एवं रणजीत मिश्रा आदि मौजूद थे.

### रतनाग में स्कूली छात्रों ने चलाया नशामुक्ति अभियान



**पांडु (पलामू)।** मंगलवार को पीएम श्री यूपीजी राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय रतनाग में नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान का नेतृत्व पांडू थाना प्रभारी विगेश कुमार राय और वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने किया.अभियान के तहत रतनाग पंचायत के दर्जनों गांवों में पुलिस टीम ने जाकर नशे के दुष्परिणामों को लेकर लोगों को जागरूक किया. थानाध्यक्ष ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि समाज में अपराध और तनाव का कारण भी बनता है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों पर विशेष ध्यान दें, क्योंकि नशा अब स्कूली छात्रों तक भी पहुंच चुका है.कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य विनोद पासवान, वार्ड सदस्य हरेंद्र पासवान, अध्यक्ष बीरकेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित थे.

### फ्लाईओवर की मांग को लेकर किसानों ने शुरू की पदयात्रा



**चंदवा (लातेहार)।** टोरी-चंदवा एनएच 99 (न्यू 22) पर फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को किसानों ने दो दिवसीय ध्यान आकर्षण पदयात्रा शुरू की. पदयात्रा का नेतृत्व किसान नेता और पंचायत समिति सदस्य अयूब खान कर रहे हैं. यह यात्रा दामोदर गांव से शुरू हुई और इसका उद्देश्य केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का ध्यान लंबित परियोजना की ओर आकर्षित करना है.किसानों ने मंत्रीगणों की तस्वीरें लेकर गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया. अयूब खान ने कहा कि फ्लाई ओवरब्रिज का शिलान्यास चार साल पहले हुआ था, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ. इस मार्ग पर लगातार रेल परिचालन होता है, जिससे फाटक घंटों बंद रहता है और जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है. गंभीर मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंसें भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे जान जोखिम में पड़ जाती है.पदयात्रा में कई ग्रामीण व किसान शामिल हुए, जिनमें सनीका मुंडा, संजय राम, मोबीन खान, असरीता देवी, शीला देवी, राजेश परहैया, दिलीप परहिया, भुनेश्वर परहिया समेत अन्य लोग मौजूद थे. किसानों ने जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की.

### शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए पूजा -अर्चना की



**लातेहार।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और लंबी उम्र के लिए पूर्व मंत्री सह झामुमो केंद्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम व झामुमो के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने बुधवार को चंदवा के मां उग्रतारा नगर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की. मौके पर झामुमो के कई कार्यकर्ता और नेता मौजूद थे. पूर्व मंत्री व जिला अध्यक्ष ने शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की. बैद्यनाथ राम ने कहा कि उन्होंने नगर भगवती मंदिर में पूजा अर्चना कर दिशोम गुरू शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ्य व लंबी उम्र होने की कामना की है. कहा कि आज पूरा झारखंड शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना कर रहा है. हवन व पूजा पाठ किये जा रहे है. ईश्वर की कृपा और लोगों की दुआओं से शिबू सोरेन शीघ्र ही स्वस्थ्य हो कर हमारे बीच लौटेगें. जिला अध्यक्ष श्री शाहदेव ने भी शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की. मौके पर जिप सदस्य विनोद उरांव, सुशील यादव, एश्वर्य उरांव, रंजीत कुमार, अंकित पांडेय आदि मौजूद थे.

### पूर्व पीसीसीएफ मिश्र ने पुस्तक भेंट की

**लातेहार।** पर्यावरणविद पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं अध्यक्ष झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अजय कुमार मिश्र (भावसे) एवं चक्रीय विकास, प्रकृति विश्वविद्यालय तोलरा रेहला के प्रोफेसर डॉ अरुण विद्यार्थी ने वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार से मुलाकात की. उन्होने प्रो डॉ अरुण विद्यार्थी द्वारा लिखित कोविड 19 महामारी स्मारिका 2020-21 पुस्तक श्री कुमार को भेंट किया. श्री मिश्र ने बताया कि वे चक्रीय विकास डॉ विद्यार्थी द्वारा किए जा रहे चक्रीय विकास कार्यक्रम के तहत बरवाडीह प्रखंड के तीन दिवसीय प्रवास पर हैं और इस दौरान पौधों का वितरण किया जाएगा.

## ब्रीफ न्यूज

### तिलैया के होटल से नाबालिग युवक-युवती हिरासत में

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत श्री ओम होटल से गुरुवार की शाम पुलिस ने एक नाबालिग युवक और युवती को हिरासत में लिया. दोनों युवक-युवती स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं. पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और होटल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है.सूत्रों के अनुसार, होटल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर तिलैया पुलिस ने छापेमारी की और मौके से दोनों को पकड़ा. हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है.इस घटना के बाद झुमरीतिलैया के होटलों में कथित रूप से चल रहे देह व्यापार को लेकर फिर सवाल खड़े हो गए हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन के आसपास कई होटल देर रात 9:30 से 11:30 बजे तक संदिग्ध गतिविधियों का अड्डा बने हुए हैं, और इसमें कई बार नाबालिग छात्राओं की संलिप्तता की आशंका जताई जाती है.

### चितरपुर इंटर कॉलेज के साइंस के छात्रों ने बाजी मारी

**रामगढ़ ।** चितरपुर इंटर कॉलेज चितरपुर के छात्रों ने जैक बोर्ड द्वारा आयोजित 11वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. कॉलेज के विज्ञान संकाय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है. जबकि कला संकाय और वाणिज्य संकाय में भी बेहतर प्रदर्शन किया है. जानकारी के अनुसार विज्ञान संकाय में कुल 161 छात्र परीक्षा में शामिल हुए. जिसमें सभी छात्र प्रमोटेड हुए. इसी तरह कला संकाय में 700 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए. जिसमें 664 छात्र प्रमोटेड हुए. 23 मार्जिनल एवं 13 छात्र अनुपस्थित रहे. इसके अलावे वाणिज्य संकाय में 26 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए. इसमें से 24 छात्र प्रमोटेड हुए. जबकि दो छात्र अनुपस्थित रहा. इस बाबत प्राचार्य रणबीर कुमार ने बताया कि विज्ञान संकाय में छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया है.

### दिलीप कुमार बने अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव

**हजारीबाग ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने हजारीबाग सुलमी निवासी दिलीप कुमार रवि को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है . जिला के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि श्री रवि के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, असीम कुमार, विजय कुमार सिंह, अमृतेष रंजन, अनिल कुमार भुईंया, अर्जुन नायक, मिन्हाज अंसारी, राम अनुज सिंह, सरयु यादव, नरसिंह प्रजापति, अर्जुन रविदास, सदरूल होदा के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों हर्ष व्यक्त किया है और रवि को बधाई दी है .

### सेकंड लैंग्वेज लर्निंग' पर सेमिनार का आयोजन

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेज़ी विभाग में बुधवार को 'सेकंड लैंग्वेज लर्निंग' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ रिजवान अहमद ने की. इस मौके पर विभाग के विद्यार्थियों ने द्वितीय भाषा सीखने से जुड़ी विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए.छात्र शमशेर आलम ने बताया कि उम्र, सामाजिक परिवेश और पर्यावरण द्वितीय भाषा सीखने की प्रक्रिया को काफी हद तक प्रभावित करते हैं.

## कोडरमा जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने पर दिया गया जोर

**शुभम संदेश ।कोडरमा**



बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त श्री ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं और नियमित स्वास्थ्य सेवाओं की गहन समीक्षा की गई.बैठक में उपायुक्त ने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और सभी लाभार्थियों की सूची हेल्थ सेंटरों में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया. साथ ही लाभार्थी रजिस्टर के समुचित संधारण की बात कही. उन्होंने ममता वाहन सेवा शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए.जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने स्वास्थ्य उप केंद्रों पर फूट पैकेट वितरण, गर्भवती महिलाओं के लिए डायग्नोस्टिक सेवाएं और जिला अस्पताल में भोजन व्यवस्था की मॉनिटरिंग को अनिवार्य बताया. आयुष्मान भारत योजना के तहत चल रही सेवाओं की समीक्षा करते हुए उनके बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. आउटसोर्सिंग एएनएम को टीकाकरण, प्रसव सेवा सहित सभी आवश्यक कार्यों के लिए प्रशिक्षण देने पर बल दिया गया.

**औचक निरीक्षण और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश**

उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सों, चिकित्सकों व एएनएम को अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर रहने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि जिला एवं प्रखंड स्तर पर टीम गठित कर औचक निरीक्षण की प्रक्रिया चलाई जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.बैठक में उप विकास आयुक्त रवि जैन, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, उपाधीक्षक डॉ. रंजीत कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार, सभी बीडीओ, अंचलाधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे.उपायुक्त ने कहा कि "जिले के सभी हेल्थ सेंटर्स में आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है.

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, सौहार्दपूर्ण आयोजन पर जोर

# जारी निर्देशों का पालन अनिवार्य सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी

**शुभम संदेश .हजारीबाग**



मुहर्रम पर्व के मद्देनज़र जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है.बुधवार को नगर भवन सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति एवं विधि व्यवस्था की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.

बैठक में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया।उपायुक्त ने कहा कि मुहर्रम पर्व आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक है.इसे सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाए, यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है.उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा और किसी भी उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व शांति समिति बैठक आयोजित करने, जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन करने, ड्रोन सर्वे कर आपत्तिजनक वस्तुओं को हटाने एवं भीड़ नियंत्रण हेतु वालंटियर की नियुक्ति का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि मुहर्रम के दौरान डीजे और भड़काऊ गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा.सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक जानकारी या आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.इसके लिए साइबर थाना को सक्रिय कर निगरानी तेज कर दी गई है.

उन्होंने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में ज्वलनशील या आपत्तिजनक गतिविधियां देखी जाएं, तो तुरंत स्थानीय थाना या जिला कंट्रोल रूम (8002529349) को सूचित करें.प्रशासन ने मुहर्रम के मद्देनज़र जिले में व्यापक विधि-व्यवस्था की तैयारियां सुनिश्चित की हैं.सभी जुलूस निर्धारित मार्गों एवं समय पर ही निकालने के निर्देश दिए गए हैं.संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, साथ ही ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की जाएगी।बिजली विभाग को लटकते तारों को दुरुस्त करने और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है.नगर निगम को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है.स्वास्थ्य सुविधा के तहत कटकमसांडी में एम्बुलेंस और मेडिकल कैंप की व्यवस्था की जा रही है, जबकि जलाशयों के पास गोताखोरों की तैनाती का निर्देश भी दिया गया है।बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने जुलूस मार्गों की समस्याएं, जैसे सूखे पेड़, बिजली के तार और पार्किंग अव्यवस्था की जानकारी दी और उन्हें शीघ्र सुधारने की मांग की.उन्होंने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का आश्वासन भी दिया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, सिविल सर्जन, सभी बीडीओ-सीओ एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे.

### योगेंद्र साव ने गुरुजी से दिल्ली में की मुलाकात

**हजारीबाग :** नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत देशोम गुरु शिबू सोरेन से पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने मुलाकात किया एवं उनके कुशलक्षेम जाना.पूर्व मंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी के शीर्ष नेता एवं झारखंड आंदोलन के पुरोधा शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है. पूर्व मंत्री ने नई दिल्ली न्यू झारखंड भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की एवं गुरु जी के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मंत्री को गुरु जी के स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की.

पूर्व मंत्री ने अस्पताल में गुरु जी से मुलाकात के बाद कहा कि शिबू सोरेन जी के अस्वस्थ होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है, वे झारखंड को अलग राज्य दिलाने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई हैं यही वजह है कि उनके आंदोलनकारी छवि के स्वयं पूर्व मंत्री भी कायल है. आगे उन्होंने कहा कि गुरु जी के आंदोलनकारी नेतृत्व से काफी प्रेरणा मिली है जिसके कारण बड़कागांव विधानसभा वासियों के हक अधिकार दिलाने हेतु मैंने भी संघर्ष किया है. योगेंद्र साव ने बताया कि झारखंड की कण कण से जुड़े हुए ऐसे व्यक्तित्व का अस्वस्थ होना पूरे झारखंड वासियों के लिए काफी गहरी चिंता का विषय है.पूर्व मंत्री ने मां अष्टभुजी से प्रार्थना करते हुए गुरु जी के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने व उन्हें दीर्घायु बनाने की कामना की है ताकि वे सदैव हम सबका मार्गदर्शन करते रहें और जल्द ही हम लोग के बीच आएं. योगेंद्र साव ने कहा कि गुरु जी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए वे खुद विशेष पूजा अर्चना भी कर रहे हैं .

## हजारीबाग के मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा तोड़ी

# आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



**शुभम संदेश ।हजारीबाग**

सदर थाना क्षेत्र स्थित मीठा तालाब परिसर में देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा एक मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा खंडित कर दी गई. घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है. इससे पूर्व में भी चार बार इसी मंदिर की प्रतिमा को खंडित किया गया था. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मंदिर परिसर में जुट गए और विरोध जताने लगे. बता दे कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. सदर एसडीपीओ अमित आनंद, अनुमंडल अधिकारी वैधनाथ कामती, सदर अंचल अधिकारी मयंक भूषण सहित कई वरीय पुलिस पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच छानबीन में जुटे हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए हजारीबाग पुलिस ने जांच शुरू किया जिसमें मूर्ति को खंडित करने वाले स्थानीय काली बड़ी नाला के समीप रहने वाले युवक संतु कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया .जिसके बाद माहौल शांत हो गया स्थानीय लोग ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

# टंडवा में सड़क दुर्घटना में चालक की मौत, 15 घंटे बाद हटा जाम

**शुभम संदेश ।चतरा**



जिला अंतर्गत कोल नगरी टंडवा में मंगलवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई. यह हादसा टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ पर रहमतनगर के समीप हुआ, जहां एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने एक खराब खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी.

मृतक चालक की पहचान केरेडारी कुठान निवासी आशीष रजक (32 वर्ष) के रूप में हुई है. वह अपने ट्रक (जेएच 02 एवाई 2229) से कोयला लेकर बनारस जा रहा था. इसी दौरान ट्रक में खराबी आने पर वह सड़क किनारे ट्रक के पीछे झाड़ी लगाकर अन्य वाहनों को संकेत देने का प्रयास कर रहा था, तभी पीछे से आ रही ओएसल कंपनी की तेज रफ्तार हाइवा (जेएच 02 बीएस 5850) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और इलाज के लिए सिमरिया अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई.

हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने टंडवा-सिमरिया मुख्य मार्ग को जाम कर कोयला ढुलाई पूरी तरह बंद करा दी. परिजनों ने 25 लाख रुपये मुआवजा और एक सरकारी नौकरी की मांग रखी.

मौके पर थाना प्रभारी उमेश राम दल बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे. बाद में बीडीओ देवलाल उरांव, जेएमएम जिलाध्यक्ष नीलेश ग्यासेन, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मध्यस्थता से परिजनों को 6 लाख रुपये नगद व एक लाख रुपये आपदा प्रबंधन मद से देने का आश्वासन मिला. इसके बाद 15 घंटे बाद सड़क जाम हटाया गया. नीलेश ग्यासेन ने शीघ्र ही उपायुक्त से मिलकर मुआवजा नीति और वैकल्पिक ट्रांसपोर्टिंग सड़क की मांग की बात कही.

## विरोध

## त्रिवेणी सैनिक पर भू-रैयतों ने लगाया मनमानी का आरोप,दी आंदोलन की चेतावनी

# मुआवजा व नौकरी के बिना जबरन बना रही सड़क

**शुभम संदेश ।केरेडारी**



एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस के एमडीओ (माइन डेवलपर एंड ऑपरेटर) त्रिवेणी सैनिक कंपनी पर स्थानीय भू-रैयतों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कंपनी बिना मुआवजा और नौकरी दिए जबरन उनकी जमीन पर ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण करा रही है.

कंडाबेर, इतिज, सिरमा, बरियातू और बेलतू पंचायतों के भू-रैयतों लोकेश कुमार, मोहम्मद साहबान, शिव कुमार, मुन्ना कुमार, रघुनाथ कुमार, पंकज कुमार, करण कुमार, अजय कुमार सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि जब वे अपने हक की मांग करते हैं तो कंपनी उन्हें पुलिस बल की सहायता से डरा-धमका रही है. विरोध करने वालों की वीडियोग्राफी कर उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है.ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी स्थानीय बेरोजगारों को दरकिनार कर बाहरी मजदूरों से कार्य करवा रही है. रैयतों ने कहा कि वे औने-पौने दाम पर अपनी जमीन नहीं देंगे और जबरन कब्जा करने की कोशिश का पुरजोर विरोध करेंगे. मोहम्मद अमीन, मोहम्मद रिजवान, दीपक कुमार, मंजूर अंसारी, विवेक कुमार, रविंद्र कुमार, मनोज कुमार व मुन्ना राणा ने कहा कि त्रिवेणी सैनिक कंपनी "फूट डालो और शासन करो" की नीति पर काम कर रही है और अंग्रेजी हुकूमत की तर्ज पर शासन करने का प्रयास कर रही है.ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कंपनी ने मुआवजा और नौकरी से संबंधित उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे. कंडाबेर, बेलतू और बरियातू पंचायत की जनता अब गोलबंद होकर त्रिवेणी सैनिक की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोलने को तैयार है.

### गुरुजी के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं ने की पूजा

**रामगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पार्टी के संस्थापक व राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर रजरप्पा स्थित जोहार जाहेर आयो धोरोम गाढ़ में संथाली रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना की.पूजा कार्यक्रम का नेतृत्व झामुमो संयोजक मंडली के प्रमुख विनोद किस्कू ने किया. कार्यकर्ता पारंपरिक परिधान में गुरुजी की तस्वीर लेकर पहुंचे. पहान रामलाल टुडू ने पूजा सम्पन्न कराई.इस अवसर पर विनोद किस्कू ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का इलाज दिल्ली में चल रहा है. गुरुजी झारखंड राज्य निर्माण के अगुवा हैं और उनके मार्गदर्शन की सभी को आवश्यकता है.कार्यक्रम में दशई किस्कू, खेपन मांझी, बाबूराम मुर्मू, रामबिलास किस्कू, महेश मुर्मू, सतीश मुर्मू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## एक नजर



### जलसहिया कर्मियों ने मानदेय भुगतान को लेकर सौंपा ज्ञापन

जयनगर (कोडरमा)। जलसहिया कर्मियों ने मंगलवार को अपने लंबित मानदेय और अन्य समस्याओं को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता अनूप कुमार को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा. जिला जलसहिया कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रूबी राणा और सचिव अनु देवी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए कर्मियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत किए गए ऑनलाइन कार्यों के एवज में केवल जेजेएम मद से प्रोत्साहन राशि का ही भुगतान हुआ है, जबकि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत नवंबर 2023 से सितंबर 2024 तक की राशि अब तक लंबित है.ज्ञापन में यह भी कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा सितंबर 2024 में जलसहिया मानदेय की घोषणा के बावजूद जून 2025 तक की राशि अब तक नहीं मिली है. इसके अलावा मार्च 2022 में प्रत्येक पंचायत से एक जलसहिया द्वारा किए गए चापाकल जल जांच का भुगतान भी आज तक नहीं हुआ है.जलसहिया संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही लंबित भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा. इस अवसर पर कोषाध्यक्ष अनीता देवी, उपाध्यक्ष सोनी देवी, महामंत्री गीता देवी सहित कई जलसहिया कर्मी मौजूद थीं.

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**कोडरमा।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर बुधवार को बिरसा सांस्कृतिक भवन में एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त श्री ऋतुराज ने की, जिसमें जिले के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, समाज के प्रबुद्ध नागरिक और शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे.बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री ऋतुराज ने कहा, "आप सभी समाज के नेता हैं, और यह आप सभी की जिम्मेदारी है कि पर्व को शांति और आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए." उन्होंने मस्जिदों, इमामबाड़ों और जुलूस आयोजकों से कहा कि वे निर्धारित मार्ग और समय के अनुसार ही जुलूस निकालें और भीड़ में स्वयंसेवकों की तैनाती अनिवार्य करें.उपायुक्त ने थाना प्रभारियों व अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में पूर्व में शांति समिति की बैठकें आयोजित करें एवं जुलूस मार्गों का ड्रोन सर्वे करने को कहा. .उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे जिला प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें और मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं. बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

### जयनगर में मुहर्रम की पांचवीं पर रखा गया मिट्टी



**जयनगर (कोडरमा)।** इस्लामी नववर्ष के पहले महीने मुहर्रम की पांचवीं तारीख मंगलवार को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पूरे अकीदत, और शांति के साथ मिट्टी रखने का कार्यक्रम संपन्न हुआ. अकीदतमंदों ने कर्बला के शहीदों की याद में घरों, इमामबाड़ों में मिट्टी रखी. सुबह से ही लोगों ने ग़ुस्ल करके पाकीज़गी के साथ ताज़ियाखानों की साफ़-सफाई की. इसके बाद इमामबाड़ों में 'मिट्टी रखने' की रस्म अदा की गई. मिट्टी रखे जाने के बाद तबर्रुक बांटा गया और फातिहा पढ़ी गई. कई जगहों पर मजलिसों का भी आयोजन किया गया, जिसमें मौलानाओं ने कर्बला की ऐतिहासिक घटना पर रोशनी डाली. वक्ताओं ने कहा कि कर्बला सिर्फ एक जंग नहीं, बल्कि हक और बातिल के बीच का वो ऐतिहासिक मुकाबला है. जिसमें इंसानियत, सब्र, न्याय और बलिदान का सबसे बड़ा पैग़ाम दिया गया. हज़रत इमाम हुसैन (अ.स) ने जुल्म के आगे झुकने से इंकार करते हुए जान की कुर्बानी देकर इंसाफ़ का परचम बुलंद किया. कार्यक्रम में शामिल लोगों ने समाज में अमन, भाईचारा, इंसानियत और शांति के लिए विशेष दुआएं मांगी. मिट्टी रखने का यह कार्यक्रम मुहर्रम की श्रृंखलाबद्ध परंपराओं में एक अहम कड़ी है, जो हज़रत इमाम हुसैन (अ.स) की कुर्बानी को याद करने के साथ-साथ समाज को इंसानियत और हक की राह पर चलने का पैगाम देता है. मौके पर सरवर खान,अरमान खान, कौशर खान, अब्दुल हफिज खान, रहमत खान, नौशाद खान, सलीम खान, इबरार खान, तस्लीम खान, मुस्लिम खान, तासो खान, एहतेशाम खान सहित अन्य मौजूद थे.

### खाद्य वितरण योजनाओं की केंद्रीय दल ने की समीक्षा



**चतरा।** जिले में भारत सरकार, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से एकदिवसीय केंद्रीय दल का दौरा संपन्न हुआ. यह दौरा झारखंड, रांची स्थित खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशानुसार किया गया. मंगलवार देर शाम केंद्रीय दल के वरिष्ठ पदाधिकारी गोकुल नगरकोटी (निदेशक) एवं रामानंद मीणा (सेक्शन ऑफिसर) चतरा परिसदन पहुंचे, जहां अपर समाहर्ता अरविंद कुमार एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. बुधवार को केंद्रीय दल ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ एफसीआई गोदाम (कुल्लू मोड़, उटा), हफुआ, टीकर एवं चतरा सदर प्रखंड की विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान लाभुकों से संवाद कर वितरण प्रक्रिया, स्टॉक की उपलब्धता, सामग्री की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता की स्थिति का जायजा लिया गया. निरीक्षण उपरांत दल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य और जिला प्रशासन की सराहना की.

### वनांचल महाविद्यालय में नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन



**चतरा।** आम्रपाली-चन्द्रगुप्त कोल परियोजना के सौजन्य से वनांचल महाविद्यालय, टंडवा में निर्मित नए सभागार भवन का उद्घाटन बुधवार को चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया. ढोल-नगाड़ों और झारखंडी सांस्कृतिक रंग में रंगे स्वागत के बीच सांसद का कॉलेज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया. उन्होंने नारियल फोड़कर और फीता काटकर सभागार का विधिवत उद्घाटन किया.इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अक्षयवट पांडे ने गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया. समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे. अपने संबोधन में सांसद सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का विकास अत्यंत आवश्यक है. यह सभागार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा. कार्यक्रम में सिमरिया विधायक कुमार उज्जवल दास, वीबीयू कुलपति चंद्रभूषण शर्मा, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, सुनील चौरसिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## ब्रीफ न्यूज

### पालकोट में पेड़ से टकराया पिकअप, चालक की मौत

**गुमला ।** पालकोट रोड में अंबेरा डीह के समीप मंगलवार की शाम एक पिकअप चालक ने सड़क किनारे पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया. घटना के बाद चालक घंटों वाहन में फंसा रहा. घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई. वाहन में फंसे चालक को निकालने का काफी प्रयास किया गया. घटना की सूचना मिलने पर पालकोट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे चालक को बाहर निकाला गया. उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया. जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई. मृत चालक सुमित कुमार तमेरा 25 वर्ष लोहरदगा बरवा टोली का रहने वाला था. बुधवार की सुबह 10 बजे घटना की सूचना गुमला थाना को दी गई.

### गुमला सदर अस्पताल से बाइक की चोरी

**गुमला ।** सदर अस्पताल गुमला से मंगलवार की रात एक बाइक की चोरी हो गई. बाइक अंबवा गांव निवासी मोहम्मद अजहर अंसारी का था. अजहर के अनुसार बताया कि सदर अस्पताल में इलाजरत अपने एक रिश्तेदार मरीज को देखने के लिए परिवार के साथ मंगलवार को दिन के लगभग दो बजे आए थे. शाम लगभग पांच बजे अस्पताल से बाहर आया तो देखा की बाइक गायब था. बताया कि वह सदर अस्पताल के सामने कदम के पेड़ के नीचे बाइक को खड़ा किया था साथ ही बाइक को लॉक भी किया था . बाइक का चाबी उसके पास ही था. अजहर ने घटना की जानकारी तत्काल सदर अस्पताल प्रबंधन को दी. उसके बाद के गुमला थाना में लिखित शिकायत कर चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है.

### गढ़वा :जंगली हाथी ने बुजुर्ग की ले ली जान

**गढ़वाः** जिले में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है. पिछले 72 घंटे में हाथियों ने तीन लोगों की जान ले ली है. मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात झुंड से बिछड़े हाथी ने रंका थाना क्षेत्र के नगारी गांव में घुसकर एक घर को ध्वस्त कर दिया. जिससे घर में सो रहे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है.मृतक की पहचान विजय सिंह के रूप में की गई है. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने में लगे हैं. वहीं जानकारी मिलने के बाद पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. इधर, घटना के बाद वन विभाग के पदाधिकारी भी नगारी गांव पहुंच गए हैं. पदाधिकारी ने परिजनों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है और हाथियों से जल्द ग्रामीणों को निजात दिलाने की बात कही है.

### एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट में 32 टीमें लेंगी हिस्सा

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा (मांडर) के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 का शुभारंभ 1 सितंबर को सुबह 10 बजे से होगा. टूर्नामेंट का आयोजन मांडर प्रखंड के बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में किया जा रहा है. टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 5 सितंबर को खेला जाएगा. खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो और मो. साकिब ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग लेंगी. उद्घाटन मैच ग्रुप ए के तहत न्यू तूफान क्लब टांगरवसली और युवा विकास क्लब बुढ़ाखुखरा के बीच खेला जाएगा. 1 सितंबर को कुल सात मैच होंगे.

साइकिल वितरण के तैयारी को लेकर कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के साथ की बैठक

# स्कूल में नामांकित सभी योग्य बच्चों को मिले साइकिल:डीसी

**शुभम संदेश । लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने जिले में स्कूली बच्चों को दिए जाने वाले साइकिल की समीक्षा कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के साथ की. उन्होंने प्रखण्ड वार स्कूली बच्चों की संख्या के अनुपात में वितरित की जाने वाले साइकिल की संख्या की समीक्षा करते हुए इन पर अनुमोदन दिया.

बैठक में कल्याण विभाग द्वारा प्रखंडों के सभी सरकारी विद्यालयों में नामांकित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण पर सहमति बनी. उपायुक्त ने सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से साइकिल वितरण की समीक्षा की. उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया और कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात पुनः होने वाली बैठक में प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करें.



साथ ही निर्देश दिया कि साइकिल क्रय के समय साइकिल की गुणवत्ता पर अवश्य ध्यान दिया जाय ताकि बाद में किसी तरह की शिकायत नहीं आए.

उन्होंने निर्देश दिया कि साइकिल वितरण में पारदर्शिता बरती जाय किसी भी हाल में डुप्लीकेसी न हो.उपायुक्त ने साइकिल वितरण में अनियमितता न हो इसके लिए परियोजना निदेशक आइटीडीए को सभी प्रखंडों के सरकारी विद्यालयों में कुल नामांकित छात्र-छात्राएं और प्रखंडों से अनुमोदन हेतु प्राप्त सूची का मिलान किये जाने का निर्देश दिया. इसके साथ साथ बैठक में गत वित्तीय वर्ष में साइकिल वितरण की भी समीक्षा की गई. आज की बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप और जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिजीत कुमार उपस्थित थे.

गुमला पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चार तस्कर हुए गिरफ्तार

# 10.48 लाख रुपये व 32 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त

**शुभम संदेश । गुमला**

प्रतिबंधित मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार पर नकेल कसते हुए गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने चार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10.48 लाख रुपये नकद, कुल 32 ग्राम ब्राउन शुगर, दो वेट मशीन और कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं. बुधवार शाम सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया.



पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर का अवैध धंधा चल रहा है. सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया. टीम में शिवशंकर मरांडी (परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक), महेन्द्र कुमार करमाली (थाना प्रभारी), पुअनि हिमांशु शेखर सिंह, अनि सुनील कुमार, सआनि हेमा देवी एवं सशस्त्र बल शामिल थे.

छापेमारी के पहले चरण में लक्ष्मण नगर से आकाश राज उर्फ आकाश पासवान (उम्र 21 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ.

पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर टीम चाहा गांव पहुंची, जहां से बादल साहू (33 वर्ष) और छोटु साहू उर्फ जनेश्वर साहू (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया. बादल के पास से 12 ग्राम ब्राउन शुगर, 35,700 नकद और दो मोबाइल मिले, जबकि छोटु साहू के पास से सात पुड़िया ब्राउन शुगर, एक वेट मशीन और एक मोबाइल बरामद हुआ.

आगे की कार्रवाई में पुलिस ने चाहा गांव के ही मिंत कुमार (32 वर्ष) को गिरफ्तार किया, जिसके घर से 10 ग्राम ब्राउन शुगर, एक वेट मशीन और 10.13 लाख नकद जब्त किए गए. पुलिस ने जब्त सभी सामग्री की विधिवत सूची बनाकर उन्हें सील किया.एसपी हरीश बिन जमा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में छोटु साहू और बादल साहू का आपराधिक इतिहास रहा है. उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा.

### सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने पर बनी सहमति

**बरवाडीह।** थाना परिसर में बुधवार को मुहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने की, जबकि एसडीपीओ भरत राम, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, अन्य प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि मंचासीन रहे. बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक एवं सभी मुहर्रम कमिटियों के प्रतिनिधि शामिल हुए. एसडीपीओ ने सभी समुदायों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की और अफवाहों से बचने को कहा. जुलूस के पारंपरिक मार्ग, समय, पड़ाव, सुरक्षा, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई. सभी अखाड़ों को निर्देश दिया गया कि डीजे का उपयोग ध्वनि सीमा के भीतर करें और रात 10 बजे के बाद तेज आवाज न बजाएँ. उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई. मुहर्रम कमिटियों ने मेडिकल टीम की मांग रखी, जिस पर प्रशासन ने शीघ्र व्यवस्था का आश्वासन दिया. बैठक में तय हुआ कि पर्व को शांति, मर्यादा और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा. बैठक में मुखिया संजय सिंह, बुद्धेश्वर सिंह, मंसूर आलम सहित कई लोग उपस्थित थे.

### अवैध वाहन पार्किंग से आवागमन बाधित, हटाने की मांग



**बुंडू।** धुर्वा मोड़ बस स्टैंड के पास सड़क किनारे निजी और व्यावसायिक वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से रोजाना यातायात बाधित हो रहा है. बस, हाईवा, टैम्पू, सवारी जीप, जेसीबी सहित अन्य भारी वाहन दिनभर सड़क किनारे खड़े रहते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है. बुंडू बस स्टैंड का स्वयं का कोई निर्धारित स्थान नहीं होने के कारण रांची से आने-जाने वाली गाड़ियाँ सड़क पर ही यात्रियों को चढ़ाती और उतारती हैं. यही कारण है कि यहां हमेशा ट्रैफिक का दबाव बना रहता है. साथ ही, टैम्पू और टोटो चालकों द्वारा मनमाने ढंग से वाहन खड़ा करने से स्थिति और भी खराब हो जाती है. बालू व्यवसाय से जुड़े व्यापारी भी हाईवा ट्रक सड़क किनारे पार्क कर देते हैं. कुछ वाहन मालिकों के पास खुद का पार्किंग स्थल नहीं है, जिससे वे सड़क को ही स्थायी अड्डा बना लेते हैं. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाए ताकि आम लोगों को जाम से राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की आशंका कम हो.

### मुहर्रम को लेकर बालूमाथ थाना में शांति समिति की बैठक

**बालूमाथ।** थाना परिसर में बुधवार को मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विनोद रवानी ने की. बैठक में अंचल अधिकारी विजय कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरुवा, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सहित कई अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे. एसडीपीओ रवानी ने कहा कि मुहर्रम केवल इस्लामिक नववर्ष की शुरुआत नहीं, बल्कि इंसानियत और बलिदान की सीख देता है. कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत हमें आपसी भाईचारे और न्याय के लिए खड़े होने की प्रेरणा देती है. उन्होंने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने की अपील की. अंचल अधिकारी विजय कुमार ने आपसी सौहार्द को देश की खूबसूरती बताया और किसी भी विवाद से बचने की बात कही. थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने चेतावनी दी कि कानून व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी. बैठक में विभिन्न दलों के नेता, मुहर्रम कमिटी के सदस्य व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया.

### नरकोपी थाना में शांति समिति की बैठक, पुलिस प्रशासन अलर्ट

**बेडो।** प्रखंड के नरकोपी थाना परिसर में आगामी मोहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय और थाना प्रभारी नागेश्वर साव सहित कई पुलिस अधिकारी व समाजसेवी मौजूद रहे. थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बैठक के दौरान कहा कि मोहर्रम का त्योहार नरकोपी क्षेत्र में हमेशा की तरह भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी प्रकार की अशांति या शरारत बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि नरकोपी क्षेत्र के लोग समझदार और शांतिप्रिय हैं, इसलिए प्रशासन को पूरा भरोसा है कि इस बार भी मोहर्रम शांतिपूर्वक संपन्न होगा. सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय ने जुलूस की जानकारी ली और लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए. बैठक में सब इंस्पेक्टर विश्वजीत पाठक, पुलिस अवर निरीक्षक कंचन सिंह, राम नगीना प्रसाद और कई समाजसेवी जैसे जमरूद्दीन अंसारी, इदरीश अंसारी, भवानी उरांव, हबीब अंसारी समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

### डीसी से मिला प्रेस क्लब रामगढ़ का प्रतिनिधिमंडल

**शुभम संदेश। रामगढ़**

प्रेस क्लब रामगढ़ की कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त (डीसी) फैज अक अहमद मुमताज से मिला. इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया और पत्रकारों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र सौंपा. बातचीत के दौरान डीसी ने पत्रकारों की मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया. उन्होंने विशेष रूप से आयुष्मान कार्ड की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पत्रकारों के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है और सभी को इसे अवश्य बनवाना चाहिए. प्रतिनिधिमंडल ने प्रेस क्लब के जर्जर भवन की जगह नए भवन के निर्माण, सभी पत्रकारों को आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड उपलब्ध कराने, पात्र पत्रकारों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने, जिले के टोल प्लाजा पर पत्रकारों के चार पहिया वाहनों के लिए निःशुल्क आवाजाही की सुविधा देने और पत्रकार कॉलोनी के लिए भूमि चिन्हित कर निर्माण की मांग की. डीसी ने इन सभी मांगों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कदम उठाने की बात कही. इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने डीडीसी आशीष अग्रवाल, डीपीआरओ प्रभात शंकर और डीटीओ मनीषा वत्स से भी शिष्टाचार मुलाकात की.

### हाजी चौक पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**रातू।** थाना क्षेत्र के हाजी चौक स्थित अल कमर कॉलोनी में रहने वाले मोहम्मद इरशाद की एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. इरशाद किराए के मकान में रहकर जीवनयापन कर रहे थे. बुधवार की दोपहर जब वे खाना खाने अपने घर लौट रहे थे, तभी तिलता ओवरब्रिज की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक (नंबरः CG 04 MG 1171) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही रातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. मृतक की पत्नी सोनी खातून के बयान पर पुलिस ने ट्रक चालक और मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया कि ट्रक की पहचान कर ली गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है. दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है. स्थानीय लोगों में घटना को लेकर रोष है और वे ट्रैफिक नियमों के पालन की मांग कर रहे हैं.

### स्थानीय नेता जेम्स बान खलखो का हृदयाघात से निधन

**रातू।** झारखंड आंदोलनकारी, लोकप्रिय नेता एवं विधायक प्रतिनिधि जेम्स बान खलखो (55) का मंगलवार रात हृदयाघात से निधन हो गया. उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और सोशल मीडिया पर संवेदनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा. लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया. विधायक नवीन जायसवाल ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जेम्स बान खलखो हमेशा उनके संघर्षों में साथ रहे और उनका जाना व्यक्तिगत क्षति है. युवा समाजसेवी ओम शंकर गुप्ता, वरिष्ठ झामुमो नेता महावीर विश्वकर्मा, भाजपा नेत्री सुमन मिश्रा, पूर्वी मंडल भाजपा अध्यक्ष परमेश्वर गोप, किसान मोर्चा जैविक कृषि प्रकोष्ठ संयोजक कामेश्वर महतो, संजीव तिवारी समेत कई नेताओं ने इसे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया. बुधवार दोपहर 1:30 बजे उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव चितरकोटा कब्रिस्तान में किया गया, जिसमें विधायक समेत बड़ी संख्या में राजनीतिक कार्यकर्ता, स्वजन और ग्रामीण शामिल हुए.

### रातू में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**रातू।** प्रखंड सभागार में बुधवार को मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और समिति सदस्यों ने मिलकर पर्व के दौरान शांति बनाए रखने हेतु विचार-विमर्श किया. प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी राम नारायण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी और रातू थाना के पुलिसकर्मी मौजूद रहे. अधिकारियों ने समिति सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रशासन का सहयोग करें ताकि पर्व बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न हो सके. सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट से बचने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और समुदाय में सौहार्द बनाए रखने की सलाह दी गई.

परेशानी | थोक सब्जी मंडी को है अब तक अच्छी सड़क का इंतजार

# छह किलोमीटर लंबी सड़क वर्षों से जर्जर

**शुभम संदेश। बेड़ो**

रांची जिले के बेड़ो प्रखंड में स्थित झारखंड की सबसे बड़ी थोक सब्जी मंडी आज भी बदहाल सड़कों की मार झेल रही है. बारीडीह बायपास से केशा मोड़ होते हुए जरिया बायपास तक की लगभग छह किलोमीटर लंबी सड़क वर्षो से जर्जर हालत में है, लेकिन अब तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं किया गया है. यह सड़क न केवल बेड़ो की हजारों की आबादी को जोड़ती है, बल्कि यह रास्ता सब्जियों के राज्य और अंतरराज्यीय परिवहन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. बावजूद इसके, न तो इस सड़क का पुनर्निर्माण हो पाया है, न ही यहां की जनता की पीड़ा को गंभीरता से सुना गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि



राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (रांची-गुमला रोड) के फोरलेन निर्माण के दौरान बेड़ो को बायपास कर दिया गया, जिससे बारीडीह से बेड़ो होकर जरिया तक की यह पुरानी सड़क उपेक्षित हो गई. लोगों को उम्मीद थी कि अब बेड़ो की तस्वीर बदलेगी, बेहतर क्वालिटी की सड़क बनेगी, नालियां और फुटपाथ भी विकसित होंगे, लेकिन इन सपनों को धरातल पर उतारने के बजाय एनएचएआई और सड़क निर्माण विभाग ने बेड़ो को नजरअंदाज कर दिया.

इस उपेक्षा का नतीजा यह हुआ कि बेड़ो के व्यवसायी, किसान, और आम जनता बदहाल सड़कों, जलजमाव और धूल-मिट्टी की समस्याओं से जूझने को मजबूर हो गए हैं. यह मार्ग जिस पर सैकड़ों ट्रक सब्जियों की ढुलाई होती है, अब खस्ताहाल बन चुका है. सड़क की खराब स्थिति ने न केवल आवागमन को बाधित किया है, बल्कि बेड़ो की खूबसूरती को भी बदरंग कर दिया है. समाजसेवी मोहन सोनी, अंकित सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, मुन्ना बड़ााइक, विश्वनाथ गोप और खद्दी उरांव सहित दर्जनों स्थानीय लोगों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की है. उनका कहना है कि यह सड़क अगर फिर से बनाई जाती है तो हजारों किसानों और शहरी निवासियों को राहत मिलेगी और बेड़ो का विकास फिर से गति पकड़ सकेगा. अब यह देखना बाकी है कि केंद्र सरकार और संबंधित विभाग कब इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान देते हैं और कब बेड़ो की सड़कें वास्तव में ₹चकाचक₹ बनती हैं.

## एक नजर



### दुष्कर्म के आरोपी के फ्लैट में पुलिस ने साटा इश्तेहार

**गुमला।** दुष्कर्म के आरोपी फरार अभियुक्त बैंक ऑफ़ इंडिया बिशुनपुर के कैशियर राजकुमार सिंह के रांची स्तिथ फ्लेट मे बिशुनपुर थाना के पुलिस ने बुधवार को इश्तेहार चिपकाया. ज्ञात हो कि दो माह पहले बैंक कैशियर के खिलाफ एक आदिवासी किशोरी ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए बिशुनपुर थाना में प्राथमिकी की दर्ज करायी है.प्राथमिकी दर्ज के बाद आरोपी फरार चल रहा था. बिशुनपुर थाना की पुलिस ने आरोपी बुधवार को उसके रांची सिंह मोड़ लतमा रोड स्थित विकास नगर के शांति एंक्लेव फ्लैट न 104 में जा कर इश्तेहार चिपका कर परिजनों से आरोपी को आत्मसमर्पण कराने की बात कही. बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने परिजनों से बात करते हुए कहा कि आज गुमला न्यायालय से मिले इश्तेहार को विधिवत आरोपी के घर में चिपकाया गया है. इसके बाद भी आरोपी आत्मसमर्पण नहीं करता है तो इसके बाद घर का कुर्की जब्ती की करवाई की जाएगी.

### गिरा हाई टेंशन तार, जमीन से उठने लगा धुआं



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के चरका टांगर जाम टोली स्कूल मैदान के समीप बड़ा हादसा टल गया. स्कूल के समीप से गुजर ग्यारह हजार वोल्ट का हाइ टेंशन तार टूट कर गिर गया. वर्षा के कारण जमीन जिला था. जमीन से धुआं उठने लगा. तार गिरने और जमीन से उठते धुआं देख कर ग्रामीण सहम गए. संयोग कहा जाए कि जब खेत में है टेंशन तार गिरा उसे दौरान खेत में ना तो कोई किसान थे और नहीं कोई मवेशी विचरण कर रहा था. खेती किसानी का समय होने के कारण यदि खेत में किसान या मवेशी रहते तो बड़ी घटना घट सकती थी. ग्रामीणों ने हाई टेंशन विद्युत तार टूट कर गिरने की सूचना विद्युत विभाग को दी और कनेक्शन विच्छेद कराया.

### लोहरदगा में कर्बला मेले की तैयारी जोरों पर



**लोहरदगा।** मुहर्रम की सातवीं तारीख को कर्बला मैदान में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं. इसी क्रम में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नाइब सदर सैयद आरिफ हुसैन 'बबलू' के नेतृत्व में नगर परिषद और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की संयुक्त टीम ने कर्बला परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया.निरीक्षण में नगर परिषद के जूनियर इंजीनियर इमरान अंसारी, मोहम्मद अख्तारुल, रमीज अहमद, सिराज अंसारी, शमीम अंसारी, यासीन कुरैशी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे. टीम ने साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, प्रकाश और सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया.नगर परिषद ने तत्परता दिखाते हुए साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दिया है. स्ट्रीट लाइट की मरम्मत और पानी की व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है. अंजुमन इस्लामिया और मोहर्रम कमेटी के सदस्यों ने प्रशासनिक सहयोग पर संतोष जताते हुए आशा जताई कि मेला शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न होगा. स्थानीय लोग भी इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं और तैयारियों में सहयोग कर रहे हैं.

### चांपी मुखिया ने की विकास कार्यो की समीक्षा

**कुडू।** ग्राम पंचायत बड़की चांपी के पंचायत भवन में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक मुखिया राजधन भगत की अध्यक्षता में आयोजित हुई.बैठक में पंचायत कर्मी, जनप्रतिनिधि, कृषक मित्र, पंचायत सहायक, वीएलई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे. बैठक में पंचायत की राजस्व व्यवस्था और समग्र विकास पर विस्तार से चर्चा की गई. सर्वसम्मति से बड़की चाँपी बाजार समिति के गठन, जीएम लैंड और तालाबों का सर्वे करने, तथा जैविक संसाधन केंद्र की स्थापना जैसे कई निर्णय लिए गए. स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रमों के तहत 80 से 100 परिवारों को पोषण वाटिका लगाने और पशुपालन के तहत टीकाकरण,कृमिकरण तथा बकरी मचान का लाभ देने का निर्णय हुआ.किसानों को संगठन के माध्यम से कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री में सहयोग और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मशरूम व मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित किया जाएगा. .बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक सत्यनारायण रजक ने केसीसी लोन और अन्य बैंक सहायता की जानकारी दी. बैठक में उपमुखिया हेना तिवारी, सचिव जीत बाहन उरांव समेत कई गणमान्य उपस्थित थे.

### बिरसा योजनाओं के तहत बीज वितरण कार्यक्रम

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड स्थित ऐटिक सेंटर में एनएफएसएम (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन) योजना के अंतर्गत अरहर, मडुवा, मक्का और मूंगफली के बीजों का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुडू प्रमुख ने की, जिसमें एफपीओ के सदस्य, बीटीएम, एटीएम और स्थानीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. किसानों को मिनीकिट के रूप में बीज उपलब्ध कराए गए ताकि वे नई तकनीकों के साथ कृषि उत्पादन बढ़ा सकें. इसी क्रम में एग्रीक्लिनिक सेंटर, लोहरदगा में निगनी पंचायत के बमनडीहा गांव के 14 टाना भगत किसानों को एनएफएसएम क्लस्टर डेमोंस्ट्रेशन योजना के तहत अरहर बीज ओटीपी के माध्यम से वितरित किया गया. ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को भी अरहर मिनीकिट दिए गए. इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो मौजूद थे.

### बवाल करनेवालों पर होगी कार्रवाईः थाना प्रभारी



**बुढ़मू (ठाकुरगांव)।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के खखरा गांव में जमीन मापी के दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच झड़प हो गई. इस घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है. थाना प्रभारी विनीत कुमार ने जानकारी दी कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने और हथियार लूटने का प्रयास करने के आरोप में 10 से अधिक लोगों को नामजद किया गया है. साथ ही 30 से 40 अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है.

### विधायक प्रकाश राम ने लगाया जनता दरबार

**बालूमाथ।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया. कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, विधायक प्रतिनिधि योगेन्द्र गंझु, बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंदकुमार राम, मनरेगा बीपीओ केतन गुप्ता सहित कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई. विधायक ने पहले लगे जनता दरबार में प्राप्त 54 आवेदनों की समीक्षा की. इनमें से 44 मामले प्रगति पर हैं जबकि 10 मामलों में समाधान की आवश्यकता है. इसके बाद विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं. समाचार लिखे जाने तक कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 25 अंचल और 30 प्रखंड से संबंधित थे. एक मामला भाटचतरा गांव से आया जिसमें एक भूरैय्यत ने हल्का कर्मचारी नंददेव राम पर रशीद कटवाने के एवज में दलाल दशरथ राम के माध्यम से 25 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया.

**मंथन**

## राजधानी को ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत की उम्मीद

राजधानी रांची के नागरिकों के लिए 3 जुलाई 2025 महत्वपूर्ण तारीख बनने जा रही है. वर्षों से प्रतीक्षित रातू रोड फ्लाईओवर का उद्घाटन अब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों होने जा रहा है. यह न सिर्फ राहत की खबर है, बल्कि यह राज्य के बुनियादी ढांचे की दिशा में मजबूत कदम भी है. करीब 400 करोड़ की लागत से बना यह फ्लाईओवर रांची के पश्चिमी हिस्से में जाम की समस्या का समाधान करने में अहम भूमिका निभाएगा. इस फ्लाईओवर के चालू होने से ट्रैफिक का बोझ काफी हद तक कम होगा और राजधानी की सड़कों पर वाहन गति और सुगमता दोनों बढ़ेगी. उद्घाटन समारोह केवल एक फ्लाईओवर तक सीमित नहीं है। एनएचएआई के अनुसार, इस मौके पर राज्य में चल रही कई अन्य परियोजनाओं का भी शिलान्यास होगा. रांची सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा उद्घाटन से पूर्व की गई प्रेसवार्ता यह दर्शाती है कि स्थानीय नेतृत्व भी इस उपलब्धि को लेकर संजीदा है. राजधानी को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में यह परियोजना मील का पत्थर साबित हो सकती है. राज्य सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वे इस फ्लाईओवर के रखरखाव, निगरानी और यातायात प्रबंधन पर भी उतनी ही गंभीरता से ध्यान दें, ताकि इसका लाभ लंबे समय तक जनता को मिलता रहे. साथ ही, राजधानी रांची के अन्य जाम प्रभावित क्षेत्रों की पहचान कर भविष्य की योजनाओं को गति देने की जरूरत है. यह परियोजना केवल कंक्रीट और स्टील का ढांचा नहीं, बल्कि राजधानी रांची की सुविधा, गति और आधुनिकता का प्रतीक है.

**नजरिया**

## हूल दिवस पर हिंसा, सामाजिक सौहार्द के लिए बनी बड़ी चुनौती

हूल दिवस जैसे भावनात्मक अवसर पर साहिबगंज के भोगनाडीह में हुई हिंसा न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि राज्य की सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना पर गहरी चोट भी है. जहां एक ओर यह दिन आदिवासी अस्मिता और स्वतंत्रता संग्राम के प्रतीक सीदो-कान्हू की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर था, वहीं दूसरी ओर इसे हिंसा और साजिश का अखाड़ा बना देना चिंताजनक है. गोड्डा से दो संदिग्धों की गिरफ्तारी और उनके पास से अवैध हथियारों की बरामदगी इस बात की पुष्टि करती है कि यह कोई सामान्य झड़प नहीं थी, बल्कि इसके पीछे सुनियोजित रणनीति थी. पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों का राजनीतिक प्रभाव भी है और वे पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के करीबी बताए जा रहे हैं. यदि यह तथ्य सत्य साबित होता है, तो यह घटना महज कानून-व्यवस्था का मुद्दा न रहकर राज्य की राजनीति और सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाली गंभीर साजिश बन जाती है. हूल दिवस पर ऐसी घटना न केवल शहीदों की स्मृति का अपमान है, बल्कि आदिवासी समाज को बदनाम करने की कोशिश भी हो सकती है. यह जरूरी है कि प्रशासन मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कर दोषियों को कठोरतम सजा दिलाए. साथ ही, समाज को भी सतर्क रहना होगा कि कोई भी तत्व धार्मिक, सांस्कृतिक या जातीय भावनाओं को भड़काकर शांति को भंग न कर सके. हूल दिवस को संघर्ष और बलिदान की भावना के साथ मनाना चाहिए, न कि साजिशों की बलिवेदी बनाना चाहिए.

# पटना के साहित्य सभा में चीरहरण

**हरीश शिवनानी**



पटना में हुई घटना से साबित हो गया है कि स्त्री कहीं भी सुरक्षित नहीं है.

पिछले सप्ताह पटना में हुई घटना से एक फिर यह साबित हो गया है कि स्त्री कहीं भी सुरक्षित नहीं है. और यह भी कि, वो स्त्री चाहे गांव-देहात की अशिक्षित हो, कस्बे-कूचे की अल्प शिक्षित या फिर नगर-महानगर की उच्च-शिक्षित. इस प्रकरण ने हिन्दी साहित्य के चरित्र को भी उजागर कर दिया है जो कथनी में बड़े-बड़े आदर्श, नैतिकता, स्त्री-मुक्ति, उसकी गरिमा, अस्मिता और स्त्री सशक्तीकरण पर लंबे लंबे अकादमिक विमर्श रच कर उसको सात-सात सलाम ठोकता है लेकिन व्यवहार में अपने शीर्षासन को लाख-लाख जतन करने पर भी नहीं छुपा पाता.

इक्कीसवीं सदी में पितृसत्तात्मकता और स्त्री सशक्तीकरण हमारे साहित्यिकों के बौद्धिक व्यायाम का प्रिय आसन रहा है. व्यवहार में इसके अर्थ-गाम्भीर्य को कितने पित्तरों या कितनी स्त्रियों को आत्मसात किया है, यह विचारणीय विषय है.इसे पटना-प्रकरण से भी समझा जा सकता है. पटना कांड में जिस नई धारा संस्था के राइटर्स रेजिडेंसी का प्रसंग बताया जा रहा है उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है. यह बात अब सार्वजानिक वितान में आ ही चुकी है कि हिन्दी के एक वरिष्ठ कवि और लेखक ने रेजिडेंसी में एक युवा कवयित्री के साथ अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक हरकत की है. इसके बाद काफी बवाल मचा और अंत में कवयित्री के कड़े विरोध के बाद वरिष्ठ कवि को वहां से बेआबरू होकर रुखसत होना पड़ा. प्रकरण का क्लाइमेक्स यह है पटकथा की सर्वाइवर और उत्पीड़क के बीच चालीस बरस का फासला है.

इस भदेस प्रकरण से हिन्दी साहित्य की दुनिया को भी उबाल दिया.जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच ने कड़ी भर्त्सना की है तो राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ ने उसे संगठन से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया. इन सबके बावजूद महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि सामाजिक, नैतिक और सबसे बढ़कर विधिक रूप से अपराध की श्रेणी में आने वाले कृत्य के आरोपी के खिलाफ कानूनी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे? पुलिस में मामला दर्ज क्यों नहीं करवाया जा रहा है ? स्त्री-मुक्ति के डंडों से पितृसत्तात्मकता के खिलाफ ढोल पीटने वाली स्वयं कवयित्री और उसकी समर्थक स्त्रीवादी कवि-लेखक समाज उसके माफीनामे लिखने या रेजिडेंसी से निकल जाने पर ही क्यों समझौता कर बैठे ?इसके बाद नई धारा संस्था ने जो वक्तव्य जारी किया है वो भी लीपापोती करने वाला ही है. उत्पीड़क के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के संबंध में अब तक चुप्पी ही पसरी हुई है. इन चुप्पियों ने ही पितृसत्तात्मकता को स्त्री को डुबोने का हथियार थमाया है. गौरतलब तो यह है कि पटना की घटना की सर्वाइवर किसी गांव-देहात या कस्बे की घूंघट या पल्लू ओढ़े बैठी रहने वाली कोई परंपरागत महिला नहीं, शहर की आधुनिक उच्च शिक्षित, बिंदास जीवन शैली जीने वाली हिन्दी-अंग्रेजी साहित्य की अध्येता है. इस अभद्र प्रकरण में इस चुप्पी का समर्थन करने वाले-वालियों के भी अपने तर्क हैं. सोशल कंडीशनिंग की तरह बड़े जतन से पनपाए गए कुछ प्रलोभन, कुछ भय भी स्त्री को कानूनी कदम उठाने से रोकते हैं.

दरअसल हिन्दी साहित्य और समाज की संरचना विक्टिम ब्लेमिंग नहीं, सत्ता के अनुरूप रंग बदलती है. बरसों से क्रांति की अलख जगाने वाले, व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकने का फतवा जारी करने वाले क्रांतिकारी हिन्दी लेखक ऐसे किसी मसले पर एकजुट नहीं हो सकते. ऐसे समय में क्रांति की मशाल बुझ जाती है. यह कौन-सा भय है जो गलत को गलत, दुराचारी को दुराचारी कहने से इन क्रांतिकारियों को रोकता है 1 ऐसे क्रांतिकारी संगठन मंचों पर, सोशल मीडिया पर दम तो भरते हैं सत्ता से, सरकार से लड़ने का, व्यवस्था उखाड़ फेंकने का, लेकिन अपराधी को सरेआम बेनकाब करने का वक्त आते ही चुप्पी मारकर पीछे खिसक जाते हैं.असली क्रांति तो यह है कि पीड़िता को मुखर होकर पुलिस में मामला दर्ज करवा कर कथित कवि को अदालत तक घसीटना चाहिए. विक्टिम ब्लेमिंग अब गुजरे जमाने की बात हो चुकी है.

**अगर इस उत्पीड़क व्यवस्था से मुक्ति पानी है, तो यह माहौल अब बदलना होगा. हो गई है पीर-पर्वत सी, अब पिघलनी चाहिए, अब आंचल को परचम बना लेना चाहिए. यह वक्त चुप्पी साधने का नहीं, मुखर होकर दहाड़ने का वक्त है.**

इस प्रसंग ने समाज और साहित्यिक जगत को आत्म-आलोड़न और आत्म चिंतन का एक अवसर दिया है. ऐसे किसी भी मामले को अंजाम तक पहुंचाना भी एक सामाजिक, साहित्यिक जवाबदेही मानी जानी चाहिए. कोई भी मामला किसी सार्वजनिक वितान पर आकर व्यक्तिगत नहीं, सार्वजनिक हो जाता है उसके बाद यह मामला आपसी नहीं रह जाता. यह अवश्य है कि प्राथमिकता में व्यक्तिगत निजता की सुरक्षा का पूरा ध्यान हो.

हमारे बौद्धिक जगत की विसंगति यह भी कम नहीं कि हिन्दी के साहित्यिक घेरे में जाति और रंग भेद को तो बेहद गंभीर माना जाता है लेकिन स्त्री विद्वेष या यौन हिंसा, यौन आक्रमण को हल्के में ले लिया जाता है, उसे अपने अपने टोले के नफे-नुकसान,अपने राजनीतिक हितों,भविष्य की 'संभावनाओं' के मुताबिक तौला जाता है. उसे सहन ही नहीं किया जाता बल्कि ऐसा करने वालों को पुरस्कृत भी किया जाता है, सम्मानित किया जाता है, उसके 'ऑरा' उसके 'पावर स्ट्रक्चर' को मजबूत किया जाता है. और प्रकारांतर से ऐसा परिवेश जिसमें उत्पीड़न आसान और सुरक्षित हो जाता है. अगर इस उत्पीड़क व्यवस्था से मुक्ति पानी है तो यह माहौल अब बदलना होगा. हो गई पीर पर्वत-सी, अब पिघलनी चाहिए, अब आंचल को परचम बना ही लेना चाहिए. यह वक्त चुप्पी साधने का नहीं, मुखर हो कर दहाड़ने का वक्त है.

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं. )**

**आज का इतिहास**

**1867:** भारत के शिक्षाविद, राजनेता, न्यायविद और लेखक हरविलास शारदा का जन्म.
**1915 :** ब्रिटिश सरकार ने रविंद्रनाथ टैगोर को नाइटहुड की उपाधि से नवाजा.
**1918:** महात्मा गांधी की अध्यक्षता में इन्दौर में 'हिन्दी साहित्य सम्मेलन' का आयोजन.
**1972 :** देश के पहले युद्धक पोत नीलगिरी को देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जलावतरित किया.
**1974:** बिहार के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी कृष्ण बल्लभ सहाय का निधन.
**1985 :** भारत सरकार ने पांच दिन का कार्य दिवस सप्ताह शुरू किया.
**1999:** हावरक्राफ़्ट विमानों के अविष्कारक क्रिसटोफ़र काकरैल का निधन.
**2005:** फ्रांस ने सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन दोहराया.
**2014:** पूर्व केंद्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे का सड़क हादसे में निधन.

## हम जैसे भी हैं सुंदर हैं, किसी से तुलना नहीं करें

**चिंतन**

एक कौआ जंगल में रहता था और अपने जीवनसे संतुष्ट था. एक दिन उसने एक हंस को देखा, यह कितना सफ़ेद है, कितना सुन्दर है. उसने मन ही मन सोचा. उसे लगा कि यह सुन्दर हंस दुनिया में सबसे सुखी पक्षी होगा, जबकि मैं तो कितना काला हूं ! यह सोचकर वह परेशान हो गया और उससे रहा नहीं गया, उसने अपने मनोभाव हंस को बताए. हंस ने कहा – वास्तिकता ऐसी है कि पहले मैं खुद को सभी पक्षिओ में सुखी समझता था. लेकिन जब मैने तोते को देखा तो पाया कि उसके दो रंग है तथा वह मीठा बोलता है. तब से मुझे लगा कि सभी पक्षिओ में तोता ही सुन्दर है. अब कौआ तोते के पास गया. तोते ने कहा-मै सुखी जिंदगी जी रहा था, लेकिन जब मैंने मोर को देखा तब मुझे लगा कि मुझमे तो दो रंग ही हैं, पर मोर तो विविधरंगी है. मुझे तो वह ही सुखी लगता है. फिर कौआ उड़ कर मोर के पास गया. कौआ उससे बोला-मित्र, तुम तो अति सुन्दर हो. कितने सारे लोग तुम्हे देखने के लिए आते है. जब कि मुझे देखते ही लोग मुझे उड़ा देते है. मुझे लगता है कि अपने इस ग्रह पर तो तुम ही सभी पक्षिओ में सबसे सुखी हो.

मोर ने गहरी सांस लेते हुए कहां-मैं हमेशा सोचता था कि मैं इस पृथ्वी पर अतिसुन्दर हूं, मैं ही अतिसुखी हूं. परन्तु मेरे सौन्दर्य के कारण ही मैं यहां पिंजरे में बंद हूं. मैंने सारे प्राणी में गौर से देखे तो समझा कि कौआ ही ऐसा पक्षी है जिसे पिंजरे में बंद नहीं किया जाता. मुझे तो लगता है कि काश मैं भी तुम्हारी तरह एक कौआ होता तो स्वतंत्रता से सभी जगह घूमता-उड़ता, सुखी रहता !

मित्रों, यही तो है हमारी समस्या. हम अनावश्यक ही दूसरों से अपनी तुलना किया करते हैं और दुखी-उदास बनते हैं. हम कभी हमें जो मिला होता है, उसकी कद्र नहीं करते इसीके कारण दुःख के विषचक्र में फंसे रहते हैं. प्रत्येक दिन को भगवान की भेट समझ कर आनंद से जीना चाहिए. सुखी होना तो सब चाहते है, लेकिन सुखी रहने के लिए सुख की चाबी हाथ करनी होगी तथा दूसरों से तुलना करना छोड़ना होगा. क्योंकि तुलना करना दुःख को न्योता देने के सामान है.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #JainRightToGirnar5thPeak
2.#WednesdayWisdom
3. #LetsFightForBikeTaxi
4. True Charity
5. #HolisticGrowth
6.श्री गणेश
7. #HBDayMadanJi
8. Raising With Values
9. Nurturing The Future
10. International Solar Festival

**बहुरंग**

## 'अनुपमा' को पछाड़ 'तारक मेहता...' बना टेलीविजन का बादशाह, टीआरपी लिस्ट में नंबर 1 पर पहुंचा शो

सब टीवी के सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है. लोग शो को पिछले 17 सालों से लगातार सपोर्ट करते आए हैं. पिछले काफी समय से शो में दयाबेन का किरदार गायब है. लेकिन फिर भी उनका प्यार शो के लिए कम नहीं हुआ है. शो ने अभी भी टेलीविजन की दुनिया में अपनी बादशाहत कायम रखी है. 'तारक मेहता...' ने 'अनुपमा' को टीआरपी रेस में पछाड़ दिया है.


**टीआरपी चार्ट में नंबर 1 पर पहुंचा 'तारक मेहता : '** हाल ही में टेलीविजन पर चल रहे शोज की टीआरपी लिस्ट सामने आई है जिसमें काफी समय के बाद एक बड़ा उलटफेर देखने मिला है. टीवी की जनता का सबसे पसंदीदा कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता...' इस हफ्ते टीआरपी रेटिंग्स में नंबर 1 पर पहुंच गया है. शो ने स्टार प्लस के सीरियल 'अनुपमा' से उसकी नंबर 1 वाली गद्दी छीनकर अपनी बादशाहत साबित की है. 'तारक मेहता...' में इस समय भूतनी वाला ट्रैक जारी है जिसे फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं.

**'अनुपमा' से छीनी नंबर 1 की कुर्सी, मेकर्स ने किया धन्यवाद :** 'अनुपमा' शो पिछले काफी समय से टीआरपी रेटिंग्स में नंबर 1 पर बना हुआ था. उसके साथ स्टार प्लस का एक और शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' भी टीआरपी लिस्ट में नंबर 2 पर शामिल था. दोनों शोज की पॉपुलैरिटी घर-घर में काफी ज्यादा है. लेकिन 'तारक मेहता...' पिछले काफी समय से टीआरपी लिस्ट में टॉप 10 शोज में भी शामिल नहीं था. अब फैंस 'तारक मेहता...' की इस सफलता से बेहद खुश हैं. खुद शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी ने भी फैंस का शुक्रिया किया कि उन्होंने उनके शो को इस हफ्ते नंबर 1 शो बनाया. उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके लिखा, 'आप सभी दर्शकों का तहे दिल से धन्यवाद ! तारक मेहता का उल्टा चश्मा एक बार फिर बना है टीआरपी में नंबर 1 ! आपके प्यार और साथ से ही ये सफर इतना खास बना है.'



- 'अनुपमा' शो पिछले काफी समय से टीआरपी रेटिंग्स में नंबर 1 पर बना हुआ था. उसके साथ स्टार प्लस का एक और शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' भी टीआरपी लिस्ट में नंबर 2 पर शामिल था. दोनों शोज की पॉपुलैरिटी घर-घर में काफी ज्यादा है. लेकिन 'तारक मेहता...' पिछले काफी समय से टीआरपी लिस्ट में टॉप 10 शोज में भी शामिल नहीं था. अब फैंस 'तारक मेहता...' की इस सफलता से बेहद खुश हैं.

**जेठालाल-दयाबेन के बिना भी चला 'तारक मेहता : '** का जादू 'तारक मेहता...' में इस समय शो के मेन लीड एक्टर दिलीप जोशी, जो जेठालाल के किरदार को निभाते हैं वो मौजूद नहीं है. भूतनी वाली स्टोरी में उनके किरदार को शामिल नहीं किया गया है. वहीं बबीता जी यानी मुनमुन दत्ता भी इस स्टोरी का हिस्सा नहीं है. मगर इस सबके बावजूद शो की कहानी ऑडियंस का एंटरटेनमेंट करने में कामयाब हुई है. 'तारक मेहता...' के लिए भूतनी वाला ट्रैक काफी लकी रहा है. जब भी शो में मेकर्स इस ट्रैक को लेकर आते हैं, उन्हें हर बार सफलता मिली है.







**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. मनोरथ सिद्घि का योग है. मेहमानों का आगमन होगा. शुभांक-3-6-8

**वृष :** अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. सम्पत्ति से लाभ. शुभांक-4-6-8

**मिथुन :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे. कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. सुखदायी समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. बुद्घितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. मनोविनोद बढ़ेगे. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. शुभांक-2-4-6

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. स्थान परिवर्तन की संभावना हैं. शुभांक-3-5-7

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे. लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. यात्रा का योग है. शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. शुभांक-4-5-7

**धनु :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. थोड़े प्रयास से कार्य सिद्घ होंगे. शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा. शुभांक-2-4-6


**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. बौद्घिक उलझनें बनी रहेंगी. लाभमार्ग प्रशस्त होगा. नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी. शुभांक-1-3-5

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ. मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. ङ्क्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. नैतिक दायरे में रहें. मेहमानों का आगमन होगा. दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. पारिवारिक विवाद टालें. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. शुभांक-2-6-9

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. शुभांक-2-4-6

## सौरव गांगुली की बायोपिक में लीड रोल निभाएंगे राजकुमार, बोला-काफी नर्वस हूं...

भारतीय क्रिकट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर सौरव गांगुली की जिंदगी पर बायोपिक बनने जा रही है. उनपर बन रही फिल्म में बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव लीड रोल निभाते नजर आएंगे. गौरतलब है कि सौरव गांगुली सिर्फ भारतीय क्रिक्रेट ही नहीं बल्कि वर्ल्ड क्रिकेट में महान खिलाड़ी के तौर पर जाने जाते हैं. अब उनकी लाइफ पर फिल्म बनने जा रही है. खुद एक्टर राजकुमार राव ने भी इस खबर पर मुहर लगा दी है. बता दें कि एक्टर राजकुमार राव ने महीनों से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए ऑफिशियल पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म बायोपिक होगी और वो पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली की भूमिका निभाएंगे. हाल ही में एक टीवी इंटरव्यू में राजकुमार ने कहा, 'अब जब दादा



(सौरव) ने यह कह दिया है, तो मुझे भी इसे आधिकारिक रूप से बता देना चाहिए - हां, मैं उनकी बायोपिक में उनका किरदार निभा रहा हूं.'

**मैं काफी नर्वस हूं- राजकुमार राव :** राजकुमार राव ने कहा कि वो इस रोल को लेकर काफी ज्यादा नर्वस हैं, लेकिन इसके साथ ही वो नए चैलेंज के लिए काफी एक्साइटेड भी हैं. एक्टर ने कहा- ये एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन इसमें काफी मजा आने वाला है. ये जानकारी भी सामने आई है कि राव इस रोल के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी कर रहे हैं. गांगुली के तौर-तरीकों को सीखने के अलावा वो बंगाली भाषा भी सीख रहे हैं.

**सौरव गांगुली ने शूटिंग को लेकर क्या कहा :** वहीं सौरव गांगुली ने फिल्म के प्रोडक्शन टाइमलाइन पर भी अपडेट दिया है. उन्होंने पीटीआई से कहा, 'यह अच्छी चल रही है. यह अगले दिसंबर में रिलीज होगी. शूटिंग जनवरी में शुरू होगी. प्री-प्रोडक्शन, स्टोरी और स्क्रिप्टिंग में बहुत समय लगता है. शूटिंग में इतना समय नहीं लगता, यह लगभग तीन महीने का है और फिर पोस्ट-प्रोडक्शन में समय लगता है. वहीं अपनी बायोपिक में राजकुमार राव को लेकर सौरव गांगुली ने कहा कि 'मेरे ख्याल से सही व्यक्ति इसे कर रहा है. मैं उनकी हर तरह से मदद करूंगा.'

## 'सरदार जी 3' पर बवाल के बीच मीका सिंह की डिमांड-माफी मांगें दिलजीत दोसांझ

फिल्म 'सरदार जी 3' का ट्रेलर जबसे रिलीज हुआ है, तभी से इसपर कॉन्ट्रोवर्सी हो रही है. वो इसलिए क्योंकि इसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर हैं.

**दिलजीत ने दिया था बयान :** दिलजीत से जब इस कॉन्ट्रोवर्सी पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि इस फिल्म की शूटिंग पहलगाम अटैक से पहले पूरी हो गई थी. बता दें कि फिल्म कब रिलीज हो रही है, इसपर मेकर्स की ओर से कोई अपडेट नहीं है. पर दिलजीत को काफी आलोना झेलनी पड़ रही है. मीका सिंह, बी प्राक, गुरु रंधावा, कुछ पंजाबी सिंगर्स हैं जो दिलजीत से खफा हैं. मीका ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दिलजीत के लिए कहा था कि उन्होंने गलती की है. अगर वो माफी मांग लेते हैं तो सबसे बड़ी बात होगी. हाल ही में आजतक



चैनल संग एक्सक्लूसिव बातचीत के दौरान भी मीका ने अपनी बात रखी.

**मीका ने दिया बयान : मीका ने कहा-** पहली बात तो मैं ये बोलूंगा सभी लोगो को जो दिलजीत के फैन हैं कि बहुत ही प्यारा लड़का है. कई बार हम सभी से गलती हो जाती है. पर अगर वो माफी मांग लें. और लोगों को बता दें कि फिल्म पहले से ही शूट हो चुकी थी तो सही रहेगा. आपने सीधा उसका ट्रेलर भी लॉन्च कर दिया. इतना विवाद यहां हो गया है. पहली बात तो दिलजीत को सामने आने की जरूरत नहीं है. वहां पर उनकी पूरी टीम है. वो जवाब दे दे. लेकिन वो भी जवाब नहीं दे रहे हैं. रिप्लाई भी नहीं दे रहे हैं. न ही पोस्ट को डिलीट किया है. फिल्म को एडिट ही कर दें. लेकिन उनकी ओर से कुछ भी नहीं है. वो बोल रहे हैं कि ठीक है हम इंडिया में नहीं करेंगे, हम ओवरसीज करेंगे तो कही ना कही ये तरीका गलत है. हमें पाकिस्तानी ऑडियंस से या पाकिस्तानी एक्ट्रेस से प्रॉब्लम नहीं है. न पाकिस्तान से प्रॉब्लम है, अभी जो हमारा ये टाइम चल रहा है, ये जो दौर चल रहा है, ये हमारे रिलेशनशिप, हमारे जो रिश्ते हैं सही नहीं चल रहे. तो जब सही नहीं चल रहे हैं आप जब सही हो जाए रिश्ते तब आप मूवी रिलीज कर सकते थे. जहां इतना आपने इंतजार करा और ऊपर से आप न सॉरी बोल रहे हो न बता रहे हो की हो क्या रहा है.



# फ्रांस की सरकारी यूनिवर्सिटीज, जहां अंग्रेजी में पढ़ सकते हैं स्टूडेंट्स

फ्रांस में कोई भी इंग्लिश यूनिवर्सिटी नहीं है, लेकिन वहां कई बेहतरीन फ्रेंच यूनिवर्सिटी हैं। इन यूनिवर्सिटीज में इंग्लिश में पढ़ाया जाता है। यही वजह है कि फ्रांस आजकल इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के लिए एक बड़ा सेंटर बन गया है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में फ्रांस के चार इंस्टीट्यूट टॉप 100 में शामिल हैं। यहां पढ़ने के लिए स्कॉलरशिप भी मिलती है। इससे फ्रांस में पढ़ाई करना सस्ता हो जाता है। आइए फ्रांस की टॉप 5 यूनिवर्सिटी के बारे में जानते हैं, जहां इंग्लिश में पढ़ाई होती है।

## यूनिवर्सिटी PSL

यूनिवर्सिटी PSL पेरिस में है। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के अनुसार, ये फ्रांस की नंबर वन यूनिवर्सिटी है। यहां रिसर्च पर ध्यान दिया जाता है। यहां हर स्टूडेंट को गाइड करने के लिए टीचर मौजूद रहते हैं। क्लास में स्टूडेंट्स की संख्या भी कम होती है। इससे हर स्टूडेंट पर ध्यान दिया जा सकता है। सबसे अच्छी बात ये है कि क्लास में हर पांच में से एक स्टूडेंट विदेश से आता है, इसलिए PSL बेस्ट इंग्लिश यूनिवर्सिटी इन फ्रांस में से एक है।

## इकोले पॉलीटेक्निक

इकोले पॉलीटेक्निक फ्रांस के रक्षा मंत्रालय के अंडर में आने वाला एक बड़ा इंस्टीट्यूट है। यह इंस्टीट्यूट पॉलीटेक्निक डी पेरिस का हिस्सा है। यह एक पब्लिक हायर एजुकेशन और रिसर्च इंस्टीट्यूट है। यहां नेशनल मिलिट्री से जुड़े स्कूल में पढ़ने का मौका मिलता है। यहां 40% से ज्यादा स्टूडेंट्स इंटरनेशनल हैं। इसलिए पढ़ाई के लिए इकोले पॉलीटेक्निक बहुत अच्छी जगह है।

## यूनिवर्सिटी पेरिस सिटे

यूनिवर्सिटी पेरिस सिटे 2018 में पेरिस डिडेरोट, पेरिस डेस्कार्टेस और इंस्टीट्यूट डी फिजिक डु ग्लोब डी पेरिस को मिलाकर बनाई गई थी। ये फ्रांस की सबसे बड़ी मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी है। यहां आर्ट्स, ह्यूमैनिटीज, लैंग्वेज, इकोनॉमिक्स, सोशल साइंस, साइंस, टेक्नोलॉजी, मेडिसिन, डेंटिस्ट्री, फार्मेसी और नर्सिंग जैसे फील्ड में नए और आधुनिक कोर्स कराए जाते हैं। मल्टीडिसिप्लिनरी का मतलब है कि यहां कई तरह के सब्जेक्ट पढ़ाए जाते हैं।

## सोर्बोन यूनिवर्सिटी

सोर्बोन यूनिवर्सिटी पेरिस के बीच में स्थित है। ये एक मल्टीडिसिप्लिनरी, रिसर्च-इंटेंसिव और वर्ल्ड-क्लास इंस्टीट्यूट है। दूसरी पब्लिक यूनिवर्सिटी की तरह, यहां भी इंग्लिश में प्रोग्राम कराए जाते हैं। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स का यहां स्वागत किया जाता है। बडी सिस्टम नाम का एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म पर इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को लोकल स्टूडेंट्स के साथ जोड़ा जाता है। लोकल स्टूडेंट्स को बडी कहा जाता है।



# करें फूलों का व्यवसाय और बनें मालामाल

**भारत में फूलों की खेती एक लंबे अरसे से होती रही है, लेकिन आर्थिक रूप से लाभदायक एक व्यवसाय के रूप में फूलों का उत्पादन पिछले कुछ सालों से ही प्रारंभ हुआ है**



भारत में फूलों की खेती एक लंबे अरसे से होती रही है, लेकिन आर्थिक रूप से लाभदायक एक व्यवसाय के रूप में फूलों का उत्पादन पिछले कुछ सालों से ही प्रारंभ हुआ है। समकालिक फूल जैसे गुलाब, कमल ग्लैडियोलस, रजनीगंधा, कार्नेशन आदि के बढ़ते उत्पादन के कारण गुलदस्ते और उपहारों के स्वरूप देने में इनका उपयोग काफी बढ़ा है। फूल को मनुष्य के द्वारा सजावट और औषधि के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके अलावा घरों और कार्यालयों को सजाने में भी इनका उपयोग बहुतायत से होता है। मध्यम वर्ग के जीवनस्तर में सुधार और आर्थिक संपन्नता के कारण पुष्प बाजार के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और फूलों की खेती को एक विशाल बाजार का स्वरूप प्रदान कर दिया है। भारत ने पुष्प उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## फूलों की खेती की संभावनाएं


भारतीय फूल उद्योग में गुलाब, रजनीगंधा, ग्लेड्स, एंथुरियम, कार्नेशन, गेंदा आदि फूल शामिल है। फूलों की खेती अत्याधुनिक पाली और ग्रीनहाउस दोनों में की जाती है। व्यावहारिक विविधीकरण की दृष्टि से पुष्पों की खेती का महत्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। यद्यपि पुष्पों को उगाने की कला भारत के लिए नई नहीं है तथापि, बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक स्तर पर इनकी खेती तथा पॉली हाउसों में इनकी संरक्षित खेती भारत में अपेक्षाकृत नयी है। विपुल आनुवंशिक विविधता, विभिन्न प्रकार की कृषि जलवायु संबंधी परिस्थितियों बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न मानव संसाधन के कारण भारत में इस क्षेत्र में विविधीकरण के नए मार्ग प्रशस्त हैं जिनका अभी तक पर्याप्त रूप से दोहन नहीं हुआ है। विश्व व्यापार संगठन के युग में विश्व बाजार के खुल जाने के कारण पुष्पों तथा पुष्पोत्पादों का विश्व भर में स्वतंत्र रूप से आवागमन संभव है। इस संदर्भ में प्रत्येक देश को प्रत्येक देश की सीमा में व्यापार करने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हैं।

विश्व स्तर पर 140 से अधिक देश पुष्पों की फसलों की खेती में लगे हुए हैं। विभिन्न देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका पुष्पों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। जहां प्रति वर्ष 10 बिलियन डॉलर से अधिक के पुष्पों की खपत होती है। इसके बाद उपभोग के मामले में जापान का स्थान है जहां प्रति वर्ष 7 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के पुष्पों की खपत होती है। भारत का भविष्य में बेहतर स्कोप है क्योंकि उष्णकटिबंधीय पुष्पों की ओर लोगों का रुझान बढ़ रहा है और भारत जैसे देश द्वारा इसका लाभ उठाया जा सकता है क्योंकि हमारे यहां देशी वनस्पति जगत में उच्च स्तर की विविधता उपलब्ध है। पुष्प हमारे देश के समाज में गहराई से जुड़े हुए है और इनके बिना कोई भी समारोह पूर्ण नहीं होता है। हमारा घरेलू उद्योग प्रतिवर्ष 7-10 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ रहा है।

## फूलों की किस्में

पुष्पकृषि उत्पादों में मुख्यतया खुले पुष्प, पॉट प्लांट, कट फोइलेज, सीड्स बल्बस, कंद, रूटेड कटिंग्स और सूखे फूल व पत्तियां सम्मिलित है। प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पुष्पकृषि में खुले गुलाब के फूलों का व्यापार, लाली, गुलदाउदी, मारगेरा, ग्लेडियोलस, जाइसोफिला, लायरिट्रस, नेरिन, आर्किड, अर्किलिया, अन्थुरियम, ट्यूलिप और लिलि है। गारबेरास, गुलनार आदि फूलों की खेती ग्रीन हाउस (हरित गृह) में की जाती है। खुले खेतो में उगाई जाने वाली फसल गुलदाउदी, गुलाब, गेलारडिया, लिलि, मेरीगोल्ड, तारा, कंदाकार प्रमुख है। फूलों में रैनन क्लाउज, स्वीट, विलियम, डेहलिया, लुपिन, वेरबना, कासमांस आदि के फूल लगा सकते हैं। इसके अलावा गुलाब की प्रजातियों में चाइना मैन, मेट्रोकोनिया फर्स्ट प्राइज, आइसबर्ग और ओक्लाहोमा जैसी नई विविधताएं है, जो शर्तिया कमाई देती है। इसके साथ-साथ मोगरा, रात की रानी, मोतिया, जूही आदि झाड़ियों के अलावा साइप्रस चाइना जैसे छोटे-छोटे पेड लगा कर अच्छी कमाई की जा सकती है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि प्रमुख पुष्पकृषि केंद्र के रूप में उभरे है।





## कैरियर की संभावनाएं

नर्सरी खोल कर स्वरोजगार करे तो अच्छी कमाई हो सकती है। इसके अलावा, फ्लोरल डिजाइनर, लैंडस्केप डिजाइनर, फ्लोरीकल्चर थेरेपिस्ट, ग्राउंडकीपर्स प्लांटेशन एक्सपर्ट के अलावा पीएचडी कर के देश की किसी भी एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में बतौर लेक्चरर नियुक्त हो सकते है। फ्लोरीकल्चर हॉर्टिकल्चर की एक शाखा है, जिसमें फूलों की पैदावार, मार्केटिंग, कॉस्मेटिक और परफ्यूम इंडस्ट्री के अलावा फार्मास्यूटिकल आदि शामिल हैं।

## योग्यता

जो युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमाने चाहते है, उनके लिए अनुभव बेहद जरूरी है। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और डिग्री जैसे कोर्स के लिए 10+2 में बायोलॉजी, फिजिक्स, कैमिस्ट्री के साथ पास होना जरूरी है, लेकिन मास्टर्स डिग्री के लिए एग्रीकल्चर में बैचलर डिग्री जरूरी है। मास्टर्स डिग्री के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च द्वारा ऑल इंडिया एंट्रेंस टेस्ट परीक्षा ली जाती है। गौरतलब है कि किसी भी यूनिवर्सिटी में फ्लोरीकल्चर (ऑनर्स) की पढ़ाई नहीं करवाई जाती, बल्कि बीएससी (एग्रीकल्चर) में एक विषय के तौर पर फ्लोरीकल्चर पढ़ाया जाता है। इस काम के लिए सवा बीघा जमीन काफी है, लेकिन जमीन पांच बीघा हो तो वारे-न्यारे हैं। इसे एक नर्सरी के तौर पर खोला जाए।

## आमदनी

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि जागरूक किसान यदि एक हेक्टेयर गेंदा के फूल लगाते हैं तो वे वार्षिक आमदनी 1 से 2 लाख रुपए तक बढ़ा सकते हैं। इतने ही क्षेत्र में गुलाब की खेती करते हैं तो दोगुनी तथा गुलदाउदी की फसल से तकरीबन 7 लाख रुपए तक कमा सकते हैं।

## कहां बेचे

दिल्ली में फूलों की सबसे बड़ी मंडी है। इस मंडी में देश-विदेश के फूल व्यापारी खरीद-फरोख्त करते है। लगभग सौ कंपनियां फूल उत्पादन व उनके व्यापर में 2500 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश कर चुकी हैं। इन कंपनियों के एजेंट हर जगह उपलब्ध हैं। आप अपने खेतों में उत्पन्न फूलों को बेचने के लिए इनसे संपर्क कर सकते हैं। फूल सजावट के काम आते हैं। इससे माला, गजरा, सुगंधित तेल, गुलाब जल, गुलदस्ता, परफ्यूम आदि बनाए जाते हैं। उपरोक्त कार्य के अलावा पुष्प उत्पादक किसानों से आप थोक भाव में फूल खरीद कर मंडी में पहुंचा सकते हैं। विदेशों को निर्यात कर सकते हैं। मंडियों से खरीद कर कस्बों में वितरण कर सकते हैं। लाभ के लिए फूल व्यवसाय उत्तम है।

## प्रमुख जुड़े संस्थान

इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च इंस्टीट्यूट, नई दिल्लीआनंद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी आनंद, गुजरातजीबी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी, पंत नगर, उत्तराखंडपंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, लुधियाना, पंजाबइलाहाबाद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, इलाहाबादबनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर साइंस फैकल्टी, वाराणसी, उत्तर प्रदेशहिसार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, हिसार, हरियाणा




# कॉर्पोरेट लॉ में बनाएं करियर

**कानून के क्षेत्र में लोगों को अब खूब नौकरियां मिल रही हैं। देश में अदालतें बेशक कम हों लेकिन मुकदमों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है इसीलिए दिन-ब-दिन वकीलों की मांग भी बढ़ रही है**

कानून के क्षेत्र में लोगों को अब खूब नौकरियां मिल रही हैं। देश में अदालतें बेशक कम हों लेकिन मुकदमों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है इसीलिए दिन-ब-दिन वकीलों की मांग भी बढ़ रही है। देश का कानून इतना व्यापक है कि स्पेशलाइजेशन की जरूरत बढ़ जाती है, बिल्कुल मेडीकल फील्ड की तरह। आप अपनी रुचि के अनुसार किसी विशेष क्षेत्र के कानून के विशेषज्ञ के रूप में पहचान बना सकते हैं। यह क्षेत्र एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ, कॉन्सटिट्यूशन लॉ, फैमिली लॉ, इंटरनेशनल लॉ, साइबर लॉ, लेबर लॉ, पेटेंट लॉ, एन्वायरनमेंट लॉ, कार्पोरेट लॉ आदि में से कुछ भी हो सकता है।

## कैसे बनें कार्पोरेट लॉयर

यह लीगल फील्ड का उभरता स्वरूप है। बड़े बिजनेस हाऊसेज और सरकारी विभागों को भी कई जटिल कानूनी मामलों का सामना करना पड़ता है। इन्हें हल करने के लिए कार्पोरेट लॉयर्स की मांग बड़ी तेजी से बढ़ रही है। इनका काम कम्पनी के संचालन में कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित करना कम्पनी से जुड़े मुकदमों की पैरवी करना, कम्पनी के लिए कॉन्ट्रेक्ट्स तैयार करना आदि होता है। कार्पोरेट कम्पनियों में मिलने वाले आकर्षक वेतन के चलते युवा इस तरफ आकर्षित हो रहे हैं।

समय से आगे चलने और दुनिया की भीड़ से कुछ अलग कर गुजरने की हिम्मत किसी-किसी में होती है। वैश्वीकरण के फलस्वरूप बाजार की वृहत्ता में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियां एक साथ काम कर रही हैं जिनको प्राधिकृत करने के लिए सरकार ने नियमों की रचना की है। इनमें से कुछ नियम सरकार द्वारा तथा कुछ कम्पनियों द्वारा खुद ही तय किए जाते हैं। सरकारी नियमों के अलावा कम्पनियां कर्मियों, ग्राहकों या सहयोगियों के लिए अपने भी नियम बनाती हैं। ऐसे ही नियमों की गुत्थियों को समझने और उनकी प्राथमिकताओं को पूरा करने का भार कार्पोरेट लॉ के जानकारों का होता है। कार्पोरेट लॉ फर्म अपने ग्राहक की टैक्स प्लानिंग से लेकर, कर्मियों, सहयोगियों, शेयरधारकों यहां तक कि किरायों और समझौतों की संपूर्ण रूपरेखा बनाते हैं। कार्पोरेट लॉ फर्म किसी भी कंपनी की रीढ़ होती है, जिसके द्वारा किए गए काम से ही कंपनी की वार्षिक आमदनी और उपलब्धियों का आकलन किया जाता है। नियमों में पारदर्शिता और स्थिरता कंपनी का भविष्य तय करती है।

## कार्पोरेट लॉ का कार्यक्षेत्र

- कम्पनी के टैक्सों का आकलन और निष्पादन
- नए संस्थानों के गठन की संरचना
- लाइसेंस समझौता बनाना
- बौद्धिक संपत्तियों को संरक्षित करना
- शेयरधारकों के लिए नियम बनाना
- विक्रय तथा वितरक समझौते की रूप-रेखा तैयार करना
- ट्रेड मार्क और कॉपीराइट नियमों का निष्पादन करना
- कर्मियों के लिए कम्पनी अधिनियमों के अनुरूप नियम बनाना
- नए व्यवसायों के लिए लाभ हानि की सलाह देना आदि।

## कैसे मिलेगा प्रवेश

दसवीं के बाद लॉ की पढ़ाई शुरू की जा सकती है। कई यूनिवर्सिटीज और प्राइवेट कॉलेजों में पांच वर्षीय बी.ए. एल.एल.बी. कोर्स कराया जाता है। अगर आप ग्रेजुएट हैं, तो 3 वर्षीय एल.एल.बी. कोर्स के बाद इस क्षेत्र में करियर शुरू कर सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम में बैठने के लिए दसवीं में कम से कम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए। देश के विभिन्न नेशनल लॉ स्कूल्स में एडमिशन कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सी.एल.ए.टी.) के माध्यम से होता है। अन्य संस्थान लॉ कॉलेज के लिए अलग-अलग एंट्रेंस एग्जाम्स आयोजित करते हैं। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में आमतौर पर इंग्लिश, लॉजिकल रीजनिंग, लीगल रीजनिंग, मैथमैटिक्स और जनरल नॉलेज से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। अगर आप विदेश जाकर लॉ की पढ़ाई करना चाहते हैं तो वहां एडमिशन की प्रक्रिया अलग हो सकती है।

### सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई, जेमिमा-अमनजोत चमकीं

# भारत ने दूसरे टी20 में इंग्लैंड को 24 रन से हराया



एजेंसी। ब्रिस्टल

भारतीय महिला टीम ने ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे टी20 मुकाबले में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया. इस जीत के साथ टीम इंडिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है. पहला मुकाबला भारत ने 97 रन से अपने नाम किया था. अब अगला मुकाबला चार जुलाई को लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेला जाएगा. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 181 रन बनाए. जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अर्धशतक जमाया. वहीं, ऋचा घोष ने आखिर में तूफानी पारी खेली. जवाब में इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 157 रन ही बना सकी. भारतीय टीम इस मैच में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरी थी. पिछले मैच में वह नहीं खेली थीं.

**भारत की पारी :** पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही थी. शेफाली वर्मा तीन रन और पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना 13 रन बनाकर आउट हुईं. कप्तान हरमनप्रीत कौर भी कुछ खास नहीं कर सकीं और एक रन बनाकर पवेलियन लौट गईं. इसके बाद जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी निभाई. जेमिमा 41 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाकर आउट हुईं. वहीं, अमनजोत ने पांचवें विकेट के लिए ऋचा के साथ 57 रन की नाबाद साझेदारी की. अमनजोत 40 गेंद में नौ चौके की मदद से नाबाद 63 रन बना सके, जबकि ऋचा 20 गेंद में छह चौके की मदद से 32 रन बनाकर नाबाद रहीं. इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो विकेट लिए. वहीं, लॉरेन फ्लेयर और एम आर्लोट को एक-एक विकेट मिला.

**इंग्लैंड की पारी :** जवाब में इंग्लिश टीम ने 17 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे. सोफिया डंकले एक रन, डेनियल वायट हॉज एक रन और कप्तान नेट शीवर ब्रंट 13 रन बनाकर आउट हुईं. इसके बाद टैमी ब्यूमोंट और एमी जोंस ने पारी संभालने की कोशिश की. दोनों ने चौथे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी निभाई. टैमी ने अर्धशतक पूरा किया. वह 35 गेंद पर आठ चौके और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुईं. एमी 27 गेंद में चार चौके की मदद से 32 रन बना सकीं. इसके बाद फिर इंग्लैंड की गाड़ी पटरी से उतर गई. एलिस कैप्सी पांच रन बनाकर आउट हुईं. आखिर में सोफी एक्लेस्टोन ने कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था. सोफी ने 23 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बना सकीं. एम आर्लोट 11 गेंद में 12 रन बनाकर नाबाद रहीं. भारत की ओर से श्री चरणी को दो विकेट मिले. वहीं, दीप्ति शर्मा और अमनजोत ने एक-एक विकेट लिया.

### ओलंपिक 2036 भारत में होगा!

# मेजबानी की रेस में हुआ शामिल



एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत ओलंपिक खेलों की पहली बार मेजबानी की कोशिशों में लगा हुआ है. समय-समय पर इसे लेकर चर्चा छिड़ती रहती है. लेकिन अब उसने 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए आधिकारिक तौर अपनी दावेदारी ठोक दी है. भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्विट्जरलैंड के लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अधिकारियों से मुलाकात कर आधिकारिक तौर पर भविष्य में ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दावेदारी पेश की है.इस बैठक की टाइमिंग बहुत महत्वपूर्ण है. आईओसी ने हाल ही में ऐलान किया था कि वह भविष्य के ओलंपिक खेलों के मेजबानों की चयन प्रक्रिया को फिलहाल रोक रहा है.

यह बैठक उसके इस बयान के बाद हुई है. भारतीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा के अलावा केंद्रीय खेल मंत्रालय और गुजरात सरकार के प्रतिनिधि शामिल थे. प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक तौर पर होस्ट सिटी यानी मेजबान शहर के तौर पर अहमदाबाद के नाम की दावेदारी की. ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सामने आधिकारिक तौर पर होस्ट सिटी के तौर पर अपने किसी शहर का नाम रखा है. 2032 का ओलंपिक खेल ब्रिसबेन में होना है लिहाजा भारत की नजर 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है.भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा है, 'भारत में ओलंपिक खेल का होना न सिर्फ एक भव्य आयोजन होगा बल्कि उसका सभी भारतीयों पर ऐसा प्रभाव पड़ेगा जो पीढ़ियों में कभी कभार पड़ता है.'पीटी ऊषा ने लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अधिकारियों के साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक की तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया है. उन्होंने बातचीत को सार्थक बताया है.

### एशिया कप 2025 का का शेड्यूल तय

# दो बार होगी भारत पाक की महाभिड़ंत



एजेंसी .नई दिल्ली

एशिया कप 2025 का आगाज कथित रूप से 5 सितंबर को होगा. टूर्नामेंट में चिरप्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना कम से कम दो बार होगा. रिपोर्ट में मुकाबले की तारीखों का भी जिक्र किया गया है. टूर्नामेंट की मेजबानी इस बार भारत को करनी है, लेकिन बीसीसीआईकी तरह पीसीबी भी अपनी टीम को भारत नहीं भेजेगा. इसलिए एशिया कप 2025 की सह-मेजबानी यूएई करेगा. जहां हाईब्रिड मॉडल के तहत सभी मुकाबले खेले जाएंगे. इस हाईवोल्टेज टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान के अलावा अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और यूएई कुछ छह टीमें हिस्सा लेंगी. भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते अब तक एशिया कप में भारत की भागीदारी आधिकारिक रूप से तय नहीं हुई है. पिछले महीने बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने उन अफवाहों का खंडन किया था कि भारत इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेगा. इनसाइडस्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई एशिया कप 2025 में भागीदारी को भारत सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है. रिपोर्ट में बीसीसीआई के एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि टूर्नामेंट के बहिष्कार के बारे में कोई चर्चा या दूर-दूर तक कोई विचार नहीं है. हम आईसीसी इवेंट्स में पाकिस्तान के साथ खेलते हैं और अगर हमारी सरकार कुछ और नहीं कहती है तो यह जारी रहेगा.

**17 दिन चलेगा टूर्नामेंट :** वहीं, टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 17 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का शेड्यूल लगभग तय हो चुका है, जिसमें पहला मुकाबला 5 सितंबर को और फाइनल 21 सितंबर को होगा. यह टूर्नामेंट ग्रुप स्टेज के बाद सुपर फोर प्रारूप में खेला जाएगा. बता दें कि लंबे समय एशिया कप और आईसीसी इवेंट ही ऐसे मंच हैं, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होता है.

**कब होगी भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत :** रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया कप 2025 में भारत पहली बार 7 सितंबर को चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा और इन दोनों के बीच दूसरी भिड़ंत संभवतः 14 सितंबर को होगी. कहा गया है कि अधिकांश सदस्य देश एशिया कप में भाग लेने के लिए अपनी सरकारों से हरी झंडी मिलने के करीब हैं.

# मूलर को हराकर जोकोविच ने की शानदार शुरुआत



एजेंसी। लंदन

सात बार के विंबलडन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को फ्रांस के गैर वरीय खिलाड़ी अलेक्जेंडर मूलर को 6-1, 6-7(7), 6-2, 6-2 से हराकर विंबलडन 2025 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया.

इस जीत के साथ ही जोकोविच ने अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ा दिए हैं.छठे वरीय जोकोविच का सामना अब अगले दौर में ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी डैन इवांस से होगा. जोकोविच विंबलडन में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने और ऑल-टाइम ग्रैंड स्लैम चैंपियन की सूची में मार्गरेट कोर्ट को पीछे छोड़ने के इरादे से मैदान में उतरे हैं.मैच के बाद जोकोविच ने कहा,अगर मुझे लगता कि मेरे पास मौका नहीं है, तो मैं यहां होता ही नहीं. मुझे लगता है कि मेरे पास हमेशा मौका होता है, और मैंने उस अधिकार को अर्जित किया है कि मैं खुद को खिताब जीतने का दावेदार मान सकूं. पिछले एक दशक में मेरे लिए यह ग्रैंड स्लैम सबसे सफल रहा है.मैच की शुरुआत में जोकोविच ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए पहला सेट 6-1 से अपने नाम किया. हालांकि दूसरे सेट में मूलर ने जोरदार वापसी करते हुए कई ब्रेक प्वाइंट बचाए और टाईब्रेक में 2-5 से पिछड़ने के बाद सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया.तीसरे सेट की शुरुआत में सेंटर कोर्ट की छत बंद होने के बाद जोकोविच ने पेट दर्द की शिकायत के चलते मेडिकल टाइमआउट लिया. हालांकि इसके बाद उन्होंने मूलर की छठी डबल फॉल्ट का फायदा उठाकर 3-2 की बढ़त बनाई और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा.तीसरा सेट 6-2 से जीतने के बाद जोकोविच ने चौथे सेट में एक शानदार बैकहैंड विनर के जरिए 4-2 की बढ़त ली और अंततः सेट और मैच को 6-2 से जीतकर दूसरे दौर का टिकट कटा लिया.जोकोविच का अगला मुकाबला घरेलू खिलाड़ी डैन इवांस से होगा, जिसे लेकर उन्होंने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण रहेगा लेकिन वह इस मुकाबले के लिए तैयार हैं.

### फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ पहले ही दौर में बाहर

एजेंसी। लंदन

फ्रेंच ओपन 2025 की चैंपियन कोको गॉफ विंबलडन के पहले ही राउंड में चौंकाने वाली हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं. अमेरिका की नंबर 2 वरीयता प्राप्त गॉफ को यूक्रेन की गैरवरीय डयाना यास्त्रेम्स्का ने सीधे सेटों में 7-6(3), 6-1 से हरा दिया. यह मुकाबला मंगलवार देर रात को प्रतिष्ठित नंबर 1 कोर्ट पर खेला गया.21 वर्षीय गॉफ इस हार के साथ ओपन एरा में केवल तीसरी महिला बन गई हैं, जो फ्रेंच ओपन जीतने के बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम यानी विंबलडन के पहले दौर में हार गईं. इससे पहले यह दुर्भाग्य जस्टिन हेनेन (2005) और फ्रांसेस्का स्कियावोने (2010) को झेलना पड़ा था.गॉफ के लिए यह मुकाबला बेहद निराशाजनक रहा.

उन्होंने केवल छह विनर लगाए, जबकि 29 अनफोर्स्ड एरर किए, जिनमें नौ डबल फॉल्ट शामिल थे. वहीं यास्त्रेम्स्का ने 16 विनर लगाते हुए दबदबे के साथ मुकाबला अपने नाम किया.



**गॉफ का ग्रास कोर्ट पर खराब रिकॉर्ड जारी :** रोनाल्ड गैरोस की लाल मिट्टी पर कुछ हफ्ते पहले ही गॉफ ने नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराकर अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था. इससे पहले उन्होंने 2023 यूएस ओपन में भी खिताब अपने नाम किया था.लेकिन विंबलडन, जहां उन्होंने 2019 में 15 साल की उम्र में वीनस विलियम्स को हराकर सनसनी मचाई थी, उनके लिए अब तक सबसे कमजोर ग्रैंड स्लैम साबित हुआ है. वह यहां अभी तक सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सकी हैं और पिछले तीन वर्षों में यह दूसरी बार है जब वह पहले ही राउंड में बाहर हुई हैं.

**यास्त्रेम्स्का का आत्मविश्वास दिखा :** गॉफ के खिलाफ यह यास्त्रेम्स्का की पहली जीत थी. इससे पहले तीन मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. 42वीं रैंक की यास्त्रेम्स्का ने कहा, "मैं आज काफी लय में थी. कोको के खिलाफ खेलना अपने आप में खास होता है.यास्त्रेम्स्का ने हाल ही में नॉटिंघम में एक ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल तक का सफर तय किया था, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिला.उन्होंने कहा, "मुझे घास पर खेलना बहुत पसंद है. इस बार ऐसा लग रहा है जैसे घास से मेरी दोस्ती हो गई है.इस जीत के साथ यास्त्रेम्स्का ने न केवल एक बड़ी उलटफेर को अंजाम दिया, बल्कि टूर्नामेंट में अपने अभियान को भी नई उड़ान दी है. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि वह यहां से कितनी दूर तक जा पाती हैं

### एशियन चैंपियन ज्योति के घुटने में चोट

# वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियों को झटका



एजेंसी . नई दिल्ली

भारत की स्टार हर्डलर और एशियन चैंपियन ज्योति याराजी को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई है. इस चोट ने न केवल उनके मौजूदा सीज़न को प्रभावित किया है, बल्कि इस साल के अंत में होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी भागीदारी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं.याराजी ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के ज़रिए इस बात की जानकारी दी. उन्होंने लिखा,₹कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिसके चलते मुझे इस सीजन को फिलहाल रोकना पड़ा है. मैं अपनी मेडिकल टीम के साथ मिलकर विकल्पों पर विचार कर रही हूं और आगे की दिशा तय करूंगी. याराजी ने कहा,चोटें एक एथलीट के सफर का हिस्सा होती हैं. मैं इसे एक और बाधा मान रही हूं, जिसे जल्द ही आपके समर्थन और आशीर्वाद से पार कर लूंगी. मैं और मजबूत होकर लौटूंगी.25 वर्षीय याराजी ने इसी साल एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 12.96 सेकंड के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता था. हालांकि, वह अभी तक वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए 12.73 सेकंड की ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन मार्क को हासिल नहीं कर सकीं हैं. रैंकिंग के ज़रिए क्वालिफाई करने की दौड़ में वह अभी भी शामिल हैं और इस कोटे से क्वालिफाई करने वाली खिलाड़ियों में वह 12वें स्थान पर हैं. लेकिन 24 अगस्त की समयसीमा से पहले उन्हें अपनी रैंकिंग बनाए रखने के लिए और प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेना जरूरी था. चोट ने इस राह को कठिन बना दिया है.ज्योति याराजी 12.78 सेकंड का समय लेकर भारत की सबसे तेज़ महिला 100 मीटर हर्डल धाविका हैं और देश की सबसे बड़ी पदक उम्मीदों में से एक मानी जाती हैं.

### जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए केशव महाराज

# मुल्डर होंगे द अफ्रीका के कप्तान

**नई दिल्ली :** अफ्रीका अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज ग्रोइन इंजरी के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह बाएं हाथ के स्पिनर सेनुरन मुथुसामी को टीम में शामिल किया गया है. ऑलराउंडर वियान मुल्डर अब महाराज की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी करेंगे.क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा, महाराज को यह चोट पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान लगी थी. वह आगे की जांच के लिए स्वदेश लौटेंगे, ताकि उनकी चोट की गंभीरता का पता लगाया जा सके. बयान में यह भी कहा गया कि तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी, जिन्हें बुधवार को टीम से जुड़ना था, अब रिलीज कर दिया गया है ताकि पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजों को एक और मौका मिल सके.दूसरा और अंतिम टेस्ट शनिवार, 6 जुलाई से शुरू होगा. साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 328 रनों के बड़े अंतर से जीतकर सीरीज में बढ़त बना ली है.

### बनारस की बेटी ने अमेरिका में बढ़ाया मान

# वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में जीता गोल्ड



एजेंसी। वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के राजातालाब में बढ़ैनी खुर्द गांव की ममता पाल ने जिले का मान बढ़ाया है. ममता ने अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में इतिहास रच दिया है. ममता ने 5000 मीटर क्रॉस कंट्री रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है.ममता इस समय उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर तैनात हैं. वे भारत की 260 सदस्यीय टीम का हिस्सा बनकर अमेरिका गई थीं, जहां एक जुलाई को हुए मुकाबले में उन्होंने दुनियाभर के धावकों को पीछे छोड़ते हुए स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया. उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि की खबर बुधवार को जैसे ही गांव पहुंची, पूरा गांव जश्न में डूब गया. डॉ आर. के. पाल, प्यारेलाल, दीनू पाल, एडवोकेट संतोष कुमार पाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार पटेल, डॉ राजेश पाल, डॉ राकेश पाल, पप्पू पाल और ग्रामीणों ने ममता के घर पहुंचकर फोन पर बात कर उन्हें और परिजनों को शुभकामनाएं दीं. इस दौरान ममता के माता-पिता की आंखों में जहां खुशी के आंसू दिखे वहीं, गांव के लोग भी ममता की सफलता पर गदगद दिखे.

### एमएलसी 2025 | प्लेऑफ की उम्मीदें कायम, रोमांच बरकरार

# सिएटल की यूनिकॉर्न्स पर चार विकेट से जीत

एजेंसी। नई दिल्ली

सिएटल ओकार्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 के 22वें मैच को अपने नाम किया. सिएटल ओकार्स ने फ्लोरिडा में खेले गए इस मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की. यह सीजन में सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड की दूसरी हार रही.

टीम अब तक आठ में से छह मुकाबले जीत चुकी है. प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर मौजूद यह टीम पहले ही 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई कर चुकी है.वहीं, दूसरी ओर आठ में से तीन मैच जीतकर सिएटल ओकार्स ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को कायम रखा है. सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड के अलावा वाशिंगटन फ्रीडम और टेक्सास सुपर किंग्स भी अगले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं.मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड ने पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए. टीम महज दो रन पर कप्तान मैथ्यू शॉर्ट (2) का विकेट गंवा चुकी थी. यहां से फिन एलन ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़े.फिन एलन 15 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जैक ने 22 गेंदों में 35 रन की पारी खेली.इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद संजय कृष्णमूर्ति ने टिम सेफर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की.संजय कृष्णमूर्ति ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 41 रन की पारी खेली, जबकि टिम सेफर्ट 31 रन बनाकर नाबाद रहे. विपक्षी टीम की ओर से अयान देसाई ने सर्वाधिक दो विकेट झटके.इसके जवाब में सिएटल ओकार्स ने तीन गेंदें शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली. टीम 18 रन तक स्टीवन टेलर (0) और काइल मेयर्स (3) का विकेट गंवा चुकी थी.यहां से शायन जहांगीर (36) ने कप्तान सिकंदर रजा (11) के साथ तीसरे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी की. रजा के आउट होने के बाद शिमरोन हेटमायर ने टीम को जीत दिलाने का जिम्मा उठाया. उन्होंने 37 गेंदों में सात छक्कों और चार चौकों की मदद से नाबाद 78 रन जड़े.विपक्षी टीम की ओर से जेवियर बार्टलेट को सर्वाधिक दो विकेट हाथ लगे, जबकि लियाम प्लंकेट, रोमारियो शेपर्ड और करीमा गोर ने एक-एक विकेट झटका.



### फीफा क्लब विश्व कप 2025

# रियल ने जुवेंटस को हरा क्वाफा में बनाई जगह

एजेंसी। मियामी

गोंजालो गार्सिया के 54वें मिनट में किए गए शानदार हेडर की बदौलत रियल मैड्रिड ने मंगलवार देर रात हार्ड रॉक स्टेडियम में जुवेंटस एफसी को 1-0 से हराकर फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया.

कोच ज़ाबी अलोंसो की अगुआई वाली मैड्रिड टीम ने पूरे मैच में प्रभावशाली खेल दिखाया. मैच की एक और बड़ी खबर रही स्टार फॉरवर्ड किलियन एम्बाप्पे की वापसी, जो बीमारी के चलते पहले मुकाबले से बाहर थे. एम्बाप्पे ने 68वें मिनट में बतौर सब्स्टीट्यूट मैदान में कदम रखा और यह टूर्नामेंट में उनका पहला प्रदर्शन था.पहले हाफ में मुकाबला बराबरी का रहा. इगोर ट्यूडर की कोचिंग में जुवेंटस ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन आधे समय से पहले रियल ने लय पकड़ ली थी.शुरुआती मिनटों में जुवेंटस के रैंडल कोलो मुआनी को केनन यिल्डिज़ के शानदार पास पर गोल करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने थिबो कर्टोआ को चिप करने की कोशिश की और गेंद बार के ऊपर से निकल गई. यिल्डिज़ ने फिर मिडफील्ड से तेज़ दौड़ लगाकर एक जोरदार शॉट मारा, जो ऑरेलियन चूआमेनी से डिफ्लेक्ट होकर बाहर चला गया.जुवेंटस एफसी की टीम गेंद पर अच्छी पकड़ बना रही थी, लेकिन रियल ने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण करना शुरू किया. जुड बेलिंघम ने क्लोज रेंज से डि ग्रेगोरियो को बचाव के लिए मजबूर किया, वहीं फेडेरिको वालवर्डे ने भी लंबी दूरी से गोलकीपर की परीक्षा ली. ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड का लो क्रॉस भी खतरनाक रहा, हालांकि हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा.दूसरे हाफ में रियल ने शुरुआत से ही दबाव बनाना जारी रखा. बेलिंघम ने वालवर्डे को पास दिया, जिनका शॉट थोड़ा सा बाहर चला गया. इसके बाद बेलिंघम का एक और प्रयास डि ग्रेगोरियो ने रोक लिया. डीन हुइसेन का रॉकेटिंग शॉट भी कीपर ने बाहर टाल दिया.54वें मिनट में आखिरकार रियल को सफलता मिली, जब अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के दाहिने छोर से आए क्रॉस को गोंजालो ने बेहतरीन टाइमिंग से हेड कर गोल में बदल दिया. यह टूर्नामेंट में गोंजालो का चार मैचों में तीसरा गोल रहा. जुवेंटस एफसी ने भी वापसी की कोशिश की, जिसमें पुर्तगाली विंगर फ्रांसिस्को कोंसेसाओ का लो शॉट कर्टोआ ने बेहतरीन तरीके से रोक लिया.



## ब्रीफ न्यूज

### तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने छात्रा को कुचला, मौत

**नवादा।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बुधौली गांव में तेज रफ्तार बालू ट्रक ने 14 वर्षीय छात्रा ज्योति को कुचल दिया. ज्योति कसमारा गांव की रहने वाली थी और साइकिल से बुधौली इंटर विद्यालय पढ़ने जा रही थी. अचानक ट्रक ने उसे टक्कर मारी, जिससे उसका दाहिना हाथ और सिर गंभीर रूप से घायल हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को पकड़ लिया और गुस्साए ग्रामीणों ने नवादा-जमुई हाइवे पर सड़क जाम कर दिया. घटना की खबर फैलते ही ज्योति के परिवार में मातम छा गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई.

### विधवा से गैंगरेप, गांव के युवकों पर लगा आरोप

**गया।** एक दलित विधवा महिला से दुष्कर्म का मामला उजागर हुआ है. महिला को बेहोशी की हालत में मगध मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. मिली जानकारी के अनुसार बांकेबाजार में दलित विधवा महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. इस गैंगरेप का आरोप गांव के ही तीन युवकों पर लगाया गया है. महिला अपनी बेटी को शौच कराने घर से बाहर गई थी. इसी दौरान तीन युवकों ने महिला को पकड़ लिया और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया. गैंगरेप के बाद महिला बेहोश हो गई जहां उसे बेहोशी की हालत में मगध मेडिकल कॉलेज लाया गया और इलाज के लिए भर्ती कराया गया है.

### गांव में खुलेंगे जन औषधि केंद्र, मिलेंगी सस्ती दवाएं

**मुजफ्फरपुर।** ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना के तहत सस्ते और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जन औषधि केंद्र खोले जा रहे हैं. ये केंद्र प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) के माध्यम से संचालित किए जाएंगे. पहले चरण में जिले के सात पैक्स को चुना गया है, जिनमें से मीनापुर के पिपराहा असली पैक्स को ड्रग लाइसेंस मिल चुका है, जबकि बाकी छह के लिए लाइसेंस प्रक्रिया जारी है. इन केंद्रों पर डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और हृदय रोग जैसी बीमारियों की दवाएं बाजार मूल्य से 10 गुना कम कीमत पर उपलब्ध होंगी.

### सूची में बदलाव के तेजस्वी यादव के आरोपों का ईसी ने दिया जवाब

# कोई ठोस और प्रमाणित सबूत प्रस्तुत नहीं किया

**शुभम संदेश। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने हाल ही में बिहार की चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूची में हो रहे बदलावों को लेकर कड़ी आपत्तियां जताई हैं. उन्होंने दावा किया है कि यह प्रक्रिया राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) की तरह है, जिसका उद्देश्य मतदाताओं को गलत तरीके से सूची से बाहर करना हो सकता है. तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी का मानना है कि इससे गरीब, दलित, प्रवासी और जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें मतदाता सूची से निकाल दिया जाएगा. उनका यह भी आरोप है कि यह कोई सामान्य सूची अपडेट नहीं बल्कि एक राजनीतिक साजिश है, जो खास समुदायों और वर्गों के मताधिकार को कमजोर करने के लिए की जा रही है. इन आरोपों के




जवाब में केंद्रीय चुनाव आयोग ने साफ किया है कि राजद या तेजस्वी यादव ने इस बारे में कोई ठोस और प्रमाणित सबूत प्रस्तुत नहीं किया है. इसके बावजूद चुनाव आयोग ने 2 जुलाई शाम 5 बजे तक तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी को मिलने का निमंत्रण दिया है ताकि वे अपने सवालों और आपत्तियों को सामने रख सकें. आयोग की तरफ से यह स्पष्ट किया गया है कि जिन मतदाताओं के नाम 2003 या उससे पहले मतदाता सूची में दर्ज हैं, उन्हें किसी भी तरह के अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है.

चुनाव आयोग ने बताया कि जिन नए नामों को मतदाता सूची में शामिल किया जाना है, उनके लिए नागरिकता प्रमाण संबंधी दस्तावेज संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत मांगे जा रहे हैं. यह प्रक्रिया वोटर आईडी बनाने और सूची में नाम जोड़ने के लिए आमतौर पर लागू होती है. हालांकि इस बार विवाद तब गहरा गया जब कुछ लोगों से माता-पिता के जन्म प्रमाण पत्र भी मांगे जाने लगे. विपक्ष ने इसे एनआरसी जैसी प्रक्रिया बताया और कहा कि यह कदम मतदाताओं की संख्या घटाने की साजिश हो सकती है.

राजद समेत कई विपक्षी दलों का कहना है कि यह छंटनी की प्रक्रिया है, जिससे लोकतंत्र की नींव को नुकसान पहुंच सकता है. उनका तर्क है कि दस्तावेजों की कमी के कारण कई गरीब और पिछड़े वर्गों के लोग मतदाता सूची से अनजाने में बाहर हो सकते हैं. राजद ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए कहा कि यह विशेष समुदायों को चुनाव प्रक्रिया से दूर रखने का प्रयास है. सीपीआईएम ने भी चुनाव आयोग को इस मामले में अपना पत्र भेजा है और उनके नेता 2 जुलाई को शाम 5 बजे चुनाव आयोग से मिलने जा रहे हैं.

### पति को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही हैः रिंकू देवी

**पटना।** राजद के विधायक रितलाल यादव की पत्नी रिंकू देवी ने बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव से मुलाकात कर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने दावा किया है कि भागलपुर जेल में बंद उनके पति को मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही है, साथ ही एक पुलिस अधिकारी उनकी हत्या की साजिश रच रहा है. रिंकू देवी ने पटना में विधानसभा अध्यक्ष के सरकारी आवास पर एक लिखित आवेदन सौंपा, जिसमें बताया कि रात में 300 पुलिसकर्मी घर की दीवार फांदकर जांच के नाम पर घर में घुसते हैं. विधायक होने के बावजूद रितलाल यादव को एकांत सेल में रखा गया है, जहां उन्हें उचित इलाज और न्याय नहीं मिल रहा है. कहा कि यदि पुलिस अधिकारी का नाम लिया गया तो उनके और बच्चों की जान को खतरा हो सकता है. रितलाल यादव ने जेल में अनशन शुरू किया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों ने उनके बीपी और शुगर लेवल कम होने की जानकारी दी. रिंकू देवी ने बताया कि वे पहले से बुलेट इंजरी से जूझ रहे हैं. इसलिए इसे ध्यान देना चाहिए.

## न्यूज अपडेट

### पंजाब मेल में फर्जी टीटीई गिरफ्तार, शराब बरामद

**पटना।** रेल पुलिस ने डाउन पंजाब मेल ट्रेन में सघन जांच के दौरान एक फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया है. आरोपी रजनीकांत यादव, जो उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के लहुबार गांव का निवासी है, को वातानुकूलित कोच ए-1 में संदिग्ध स्थिति में सफर करते हुए पकड़ा गया. रेलवे पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जीआरपी की विशेष जांच टीम ने पंजाब मेल में जांच अभियान चलाया. जांच के दौरान कोच ए-1 में एक काला ट्रॉली बैग संदिग्ध पाया गया. पूछताछ में रजनीकांत ने खुद को टीटीई बताया, लेकिन वह अपना रेलवे पहचान पत्र नहीं दिखा पाया. जब पुलिस ने बैग खोलने को कहा, तो वह भागने लगा, लेकिन जीआरपी ने उसे तुरंत पकड़ लिया. बैग की तलाशी में 18 लीटर अंग्रेजी शराब, दो मोबाइल फोन, एक टैबलेट, आधार कार्ड और पैन कार्ड की फोटोकॉपी, काला टीटीई जैसा कोट, और दो फर्जी नेम प्लेट बरामद हुई. आरोपी के खिलाफ रेल थाना में जालसाजी, सरकारी कर्मचारी बनकर धोखाधड़ी, और शराब तस्करी के आरोपों में मामला दर्ज किया गया. रजनीकांत को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### बदमाशों ने घर में घुसकर की लूटपाट, दहशत में परिवार

**गया।** बोधगया थाना क्षेत्र के टीका बीघा निवासी व्यवसायी चंदन कुमार पुत्र इंद्रदेव साहू और उनके परिवार पर मंगलवार शाम बदमाशों ने जानलेवा हमला किया. चंदन कुमार और उनकी पत्नी गयाजी शहर से सामान लेकर लौट रहे थे, जबकि उनके चार बच्चे घर पर अकेले थे. इसी दौरान चार अज्ञात व्यक्ति उनके घर आए और बच्चों को डराकर दरवाजा खुलवाया. घर में घुसकर बदमाशों ने मारपीट की और अलमारी का ताला तोड़कर एलआईसी का लोन जमा करने के लिए रखे दो लाख रुपए, एक सोने का चैन और अंगूठी तथा कान का टॉप लेकर फरार हो गए. घटना के दौरान दो अन्य व्यक्ति बाहर गली में निगरानी कर रहे थे. घटना का पूरा फुटेज पड़ोसी के सीसीटीवी में कैद हो गया है. पीड़ित परिवार घटना से बेहद भयभीत है और घर से बाहर निकलने या बच्चों को स्कूल भेजने में डर महसूस कर रहा है. चंदन कुमार ने बोधगया थाना में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा एवं दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है.

### आंगनबाड़ी सहायिका की पीट-पीटकर हत्या कर दी

**नालंदा।** सरमेरा थाना क्षेत्र के गोवाचक गांव में एक आंगनबाड़ी सहायिका की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मृतका स्वर्गीय बालदेव दास की पत्नी कलवा देवी है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन में जुट गई है. मृतका की छोटी पुत्री चांदनी कुमारी ने आरोप लगाया है कि पड़ोस के विजय रविदास और उनकी पत्नी दायमुनी देवी पिछले दो वर्षों से उनकी मां को केंद्र से हटाकर अपनी बहू को सहायिका बनवाने की कोशिश कर रहे थे. जब कलवा देवी ने इसका विरोध किया तो उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा. शाम दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद आरोपियों ने पहले उनकी मां के साथ मारपीट की और फिर जबरन तेजाब पिलाकर उनकी हत्या कर दी. चांदनी ने बताया कि उसकी मां अक्सर घर पर अकेली रहती थीं. मृतका के छह संतान हैं. तीन बेटे और तीन बेटियाँ. पति का देहांत पहले ही हो चुका था. बेटे मजदूरी के सिलसिले में बेंगलुरु में रहते हैं.

### युवक की संदिग्ध हत्या, सकरी नदी से मिली लाश

**नवादा।** बिंद थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह सकरी नदी से राजू रविदास का शव बरामद हुआ. प्राथमिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि राजू की हत्या ईंट और पत्थर से हमला करके की गई है. मृतक की मां छठिया देवी ने मीडिया को बताया कि मंगलवार शाम कुछ लोग उनके बेटे को घर से बुलाकर ले गए थे, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा. उन्होंने साजिश के तहत हत्या की आशंका जताई है. राजू हरियाणा के एक ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता था और करीब दस दिन पहले ही गांव लौटा था. उसकी पत्नी फिलहाल मायके गई हुई है. घटना के बाद ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए. बिंद थानेदार चंदन कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया. थानेदार ने बताया कि राजू की पत्नी के लौटने के बाद उसके बयान के आधार पर मामले की गहन जांच की जाएगी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

### लिव-इन रिलेशनशिप में धोखा, न्याय की गुहार

**औरंगाबाद।** एक महिला को 11 साल तक लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद अपने प्रेमी से धोखा मिला. महिला का आरोप है कि उसने प्रेमी पर भरोसा करते हुए अपनी जमीन उसके नाम कर दी थी, लेकिन प्रेमी ने उस जमीन को बेचकर फरार हो गया. इस घटना से महिला आर्थिक तौर पर बुरी तरह प्रभावित हुई है और वह मानसिक तथा भावनात्मक रूप से भी गहरे सदमे में है. न्याय की तलाश में पीड़िता बिहार राज्य महिला आयोग के समक्ष पहुंची. 1 जुलाई को पटना स्थित आयोग ने इस मामले की सुनवाई की. महिला ने आयोग को पूरी घटना की जानकारी और संबंधित दस्तावेज सौंपे. आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच के आदेश दिए हैं. जांच पूरी होने के बाद आरोपी प्रेमी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश भी दिया गया है. यह मामला लिव-इन रिलेशनशिप में झूठे भरोसे और धोखे की गंभीर समस्या को उजागर करता है.

### झटकाः पूर्व एमएलसी 18 साल से थे नीतीश कुमार के साथ

# जदयू के सलमान राजद में होंगे शामिल

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक बड़ा झटका लगा है. उनके करीब 18 वर्षों तक साथ निभाने वाले जदयू के पूर्व एमएलसी सलमान रागीव मुन्ना अब राजद का दामन थामने जा रहे हैं.

यह औपचारिक घोषणा 9 जुलाई को नवादा में तेजस्वी यादव की मौजूदगी में होगी. सलमान रागीव मुन्ना मगध क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय के प्रमुख नेताओं में गिने जाते हैं. उन्होंने लंबे समय तक जदयू का समर्थन किया, लेकिन अब उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे पूरी तरह से राजद के साथ हैं. नवादा में 9 जुलाई को आईटीआई मैदान में आयोजित होने वाली रैली के लिए भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है, जिसमें लाखों



लोगों के जुटने की उम्मीद है. पूर्व एमएलसी सलमान रागीव मुन्ना ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को 'थका हुआ मुख्यमंत्री' बताया है. कहा है कि जनता बदलाव चाहती है. उनके मुताबिक, तेजस्वी यादव में बिहार का उज्ज्वल भविष्य दिखाई दे रहा है. नवादा से उठने वाली यह आवाज मगध क्षेत्र में व्यापक रूप से गूंजेगी. इसके साथ ही नवादा के दो पूर्व विधायक भी जदयू छोड़कर राजद में शामिल होने जा रहे हैं, जिससे नवादा की राजनीतिक तस्वीर में बड़ा बदलाव आ सकता है.

इस कदम को राजनीतिक विशेषज्ञ जदयू के लिए गंभीर नुकसान के रूप में देख रहे हैं. सलमान रागीव मुन्ना का इस तरह का रुख आगामी विधानसभा चुनाव में समीकरणों को प्रभावित कर सकता है. राजद भी तेजस्वी यादव के इस दौरे को विशेष रूप से महत्व दे रहा है. नवादा के आईटीआई मैदान में रैली के लिए मंच, पंडाल और प्रचार-प्रसार के कार्य जोरों पर हैं. राजद के नेता इस रैली को ऐतिहासिक बनाने का दावा कर रहे हैं और इसे मगध क्षेत्र में बदलाव का प्रतीक मान रहे हैं. इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लंबे समय के एक और साथी प्रशांत किशोर के साथ उनका संबंध टूट चुका है, जिसने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. अब सलमान रागीव मुन्ना का जदयू छोड़कर राजद में शामिल होना यह संकेत देता है कि पार्टी के अंदर मतभेद गहराते जा रहे हैं.

बिहार की राजनीति में ये घटनाएं आगामी चुनाव की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी. नवादा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह के बड़े नेता के पलटने से मतदाता की धारणा और चुनावी रणनीतियों में बड़े बदलाव की संभावना है. अगले कुछ दिनों में 9 जुलाई की रैली के बाद इस सियासी बदलाव का और प्रभाव देखने को मिलेगा. ऐसे में जदयू के लिए यह चुनौती है कि वह टूटे नेतृत्व को मजबूत करे और अपने खोए प्रभाव को फिर से स्थापित करे. वहीं राजद इस मौके को भुनाकर अपने प्रभाव को और मजबूत करने की कोशिश करेगा. इस राजनीतिक बदलाव से बिहार विधानसभा चुनाव के समीकरण और अधिक रोमांचक और जटिल होते दिख रहे हैं.

## कारोबार

### सत्यनारायण की संपत्ति में 78.4% की बढ़ोतरी हुई

नयी दिल्ली। सोलर इंडस्ट्रीज के सह-संस्थापक और चेयरमैन सत्यनारायण नुवाल की गिनती अब भारत के शीर्ष उद्योगपतियों में होने लगी है. ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के मुताबिक, उनकी संपत्ति में पिछले छह महीनों में 78.4% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है और अब यह 67,527 करोड़ तक पहुंच गई है. उनकी कंपनी के शेयरों ने भी 2023 में 54% और 2024 में अब तक 45% की छलांग लगाई है. हालांकि, नुवाल का सफर आसान नहीं रहा. उनका जन्म राजस्थान के भीलवाड़ा में एक साधारण परिवार में हुआ. पिता पटवारी थे और दादा परचून की दुकान चलाते थे.

### भारत ने 22 देशों के साथ किया समझौता

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की है. सरकार ने अब तक ब्रिटेन, नीदरलैंड समेत 22 देशों के साथ सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट किया है. हाल ही में ब्रिटेन ने इस समझौते को मंजूरी दी है, जबकि अमेरिका के साथ हो रहे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट में भी सोशल सिक्योरिटी प्रावधान को शामिल किया गया है. इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विदेशों में काम करने वाले भारतीय कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देना है.

### अरबपति रहे प्रमोद मित्तल कर्ज में, दिवालिया घोषित

**नयी दिल्ली।** प्रमोद मित्तल, जो कभी दुनिया के सबसे अमीर लोगों में गिने जाते थे और स्टील किंग लक्ष्मी मित्तल के छोटे भाई हैं, आज आर्थिक बदहाली के शिकार हैं. अपनी भव्य जीवनशैली के लिए मशहूर प्रमोद मित्तल ने 2013 में अपनी बेटी सृष्टि की शादी पर करीब 550 करोड़ रुपये खर्च कर दिए थे. हालांकि, गलत वित्तीय निर्णयों और बढ़ते कर्ज के कारण उनकी हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती चली गई. वर्ष 2020 में लंदन की एक अदालत ने उन्हें आधिकारिक रूप से दिवालिया घोषित कर दिया. उस समय उनके ऊपर 130 मिलियन पाउंड से अधिक का कर्ज था.

### ब्राजील आकाश एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने को है इच्छुक

# भारत का वैश्विक रक्षा क्षेत्र में बढ़ता प्रभाव

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील का दौरा करेंगे. इस यात्रा के पहले विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि ब्राजील भारत के रक्षा उपकरणों में गहरी रुचि दिखा रहा है. विशेष रूप से ब्राजील आकाश एयर डिफेंस सिस्टम और गरुड़ आर्टिलरी गन खरीदने का इच्छुक है. दोनों देश रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा कर रहे हैं, जिसमें संयुक्त अनुसंधान, तकनीकी सहयोग और प्रशिक्षण शामिल हैं. प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में 5 से 8 जुलाई तक रहेंगे और इसके बाद घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया का भी दौरा करेंगे. ब्राजील का भारत की ओर बढ़ता रुझान चीन के लिए चिंता का विषय बन सकता है. चीन, जो खुद एक बड़ा रक्षा निर्यातक है, लैटिन अमेरिका समेत विकासशील देशों में अपने सैन्य उपकरण बेचने का प्रयास



करता रहा है. भारत के रक्षा उत्पादों की बढ़ती मांग उन देशों के लिए चिंता का विषय हो सकती है, जो पारंपरिक रूप से चीनी या रूसी हथियारों पर निर्भर रहे हैं.

ब्रिक्स के भीतर ब्राजील और भारत के बीच गहरा रक्षा सहयोग चीन के लिए एक संकेत है कि भारत समूह में केवल एक आर्थिक भागीदार नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण रणनीतिक खिलाड़ी के रूप में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है. यह कदम इंडो-पैसिफिक और लैटिन अमेरिका में भू-राजनीतिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है. भारत और ब्राजील के रक्षा संबंध चीन के वैश्विक प्रभाव को संतुलित करने में सहायक होंगे और भारत को विश्वसनीय रक्षा साझेदार के रूप में स्थापित करेंगे, खासकर उन देशों के लिए जो चीन पर अपनी सैन्य निर्भरता कम करना चाहते हैं. विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव पी. कुमारन ने बताया कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने पर बातचीत हो रही है. वे संयुक्त अनुसंधान, तकनीकी साझेदारी और प्रशिक्षण के क्षेत्र में नए रास्ते तलाश रहे हैं. फिलहाल यह तय नहीं है कि किस तरह का सहयोग संभव होगा और ब्राजील को कौन से रक्षा उपकरण बेचे जाएंगे. कुमारन के अनुसार, ब्राजील युद्ध के मैदान में सुरक्षित कम्युनिकेशन सिस्टम, अपतटीय गश्ती पोत और स्कॉर्पीन पनडुब्बियों के रखरखाव में भारत की मदद चाहता है. इसके अलावा, ब्राजील आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, तटीय निगरानी प्रणाली और गरुड़ आर्टिलरी गन में भी रुचि दिखा रहा है.

ब्राजील भारत के साथ मिलकर रक्षा उद्योग में संयुक्त उद्यम भी स्थापित करना चाहता है. कुमारन ने ब्राजील की एम्ब्रेयर कंपनी और विमान उद्योग की ताकत का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के लिए उनके साथ काम करने की बड़ी संभावनाएं हैं. आकाश मिसाइल सिस्टम भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा विकसित मध्यम दूरी की मोबाइल सरफेस-टू-एयर मिसाइल है. यह प्रणाली लड़ाकू विमानों, ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को 25-45 किलोमीटर की दूरी तक रोकने में सक्षम है. आकाश मिसाइल की रफ्तार मैच 1.8 से 2.5 तक है और यह 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक लक्ष्यों को भेद सकती है. आकाश सिस्टम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां इसने पाकिस्तान की ओर से किए गए कई ड्रोन और मिसाइल हमलों को सफलतापूर्वक विफल किया था. यह भारतीय एयर डिफेंस का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है जो रणनीतिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है.

गरुड़ आर्टिलरी सिस्टम भी भारत में विकसित एक अत्याधुनिक हथियार है. यह विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों में तेजी से तैनाती के लिए उपयुक्त है और भारतीय सेना की ताकत में इजाफा करता है. ब्राजील जैसे बड़े लैटिन अमेरिकी देश का भारतीय रक्षा उपकरणों में दिलचस्पी लेना 'आत्मनिर्भर भारत' पहल और 'मेक इन इंडिया' के प्रयासों की सफलता का प्रमाण है. आकाश एयर डिफेंस सिस्टम और गरुड़ आर्टिलरी गन भारतीय उन्नत सैन्य तकनीक की गुणवत्ता, और दक्षता को दर्शाते हैं.

### कुटनीति | पाक को चीन व यूएस से मिल रही आर्थिक व रणनीतिक मदद

# भारत के लिए दोहरे खतरे की चुनौती

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हाल के वर्षों में पाकिस्तान को चीन और अमेरिका दोनों से लगातार आर्थिक और रणनीतिक मदद मिल रही है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी अमेरिकी प्रभाव वाली संस्थाएं पहले ही पाकिस्तान को उदारतापूर्वक लोन दे चुकी हैं. अब चीन ने भी अपने रणनीतिक हितों के तहत पाकिस्तान को 3.4 अरब डॉलर का कर्ज रोलओवर किया है, जिससे पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अरब डॉलर तक पहुंच गया है.

यह केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि चीन की एक दीर्घकालिक



रणनीतिक योजना का हिस्सा है, जिसका प्रभाव भारत की सुरक्षा चिंताओं पर भी गहराई से पड़ता है. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपैक) चीन को हिंद महासागर तक पहुंच प्रदान करता है, खासकर ग्वादर बंदरगाह के जरिये. इससे वह मलक्का जलडमरूमध्य जैसी असुरक्षित समुद्री सीमाओं पर निर्भरता घटाता है. इसके साथ ही, यह चीन की ऊर्जा आपूर्ति लाइनों को छोटा और सुरक्षित बनाता है. चीन का यह निवेश पाकिस्तान को अपनी आर्थिक और रणनीतिक जाल में फंसाने की कोशिश है, जो उसकी 'डेट ट्रैप डिप्लोमेसी' यानी कर्ज जाल कूटनीति का क्लासिक उदाहरण है.

दूसरी ओर, अमेरिका भी पाकिस्तान के साथ अपने पुराने रिश्तों को पुनर्जीवित कर रहा है. डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पाकिस्तान के सेना प्रमुख की व्हाइट हाउस में मेजबानी इसी दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है. अमेरिका पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठान के साथ नजदीकी बनाकर चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करना चाहता है. इसके पीछे अफगानिस्तान, ईरान और मध्य एशिया से जुड़े अमेरिकी रणनीतिक हित हैं. पाकिस्तान को इससे सैन्य और आंशिक आर्थिक सहायता की उम्मीद है, जिससे वह अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था को कुछ समय तक सहारा दे सकता है. पाकिस्तान बड़ी चतुराई से चीन और अमेरिका दोनों का लाभ उठा रहा है. वह चीन से आर्थिक समर्थन ले रहा है, वहीं अमेरिका के साथ सैन्य रिश्तों को मजबूत कर रहा है. इससे उसे न सिर्फ वित्तीय सहारा मिलता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रासंगिकता भी बढ़ती है. इस दोतरफा रणनीति से पाकिस्तान अपने कमजोर आर्थिक हालात के बावजूद खुद को एक अहम भू-राजनीतिक खिलाड़ी के रूप में पेश करने में सफल हो रहा है.

### एसबीआई ने अनिल की आरसी के लोन अकाउंट को फ्रॉड घोषित किया

**नयी दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अंबानी के लिए एक तरफ जहां उनकी कंपनियों के लिए लगातार अच्छी खबरें आ रही थीं, वहीं दूसरी ओर उन्हें एक बड़ा झटका लगा है. रिलायंस पावर और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर बाजार में लगातार चढ़ान पर थे और देश-विदेश से कंपनियों को नए ऑर्डर मिल रहे थे. इस बीच, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन (आरसी) के लोन अकाउंट को फ्रॉड घोषित कर दिया है. यह मामला साल 2016 से जुड़ा हुआ है, जब कंपनी भारी कर्ज और दिवालिया स्थिति से गुजर रही थी. कंपनी पर एसबीआई से लिए गए लोन को लेकर नियमों के उल्लंघन और शर्तों की अनदेखी के आरोप लगे हैं.

### टाटा मोटर्स की पहली तिमाही में बिक्री में गिरावट

**नयी दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई को वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के बिक्री आंकड़े जारी किए, जिनमें कुल बिक्री 2,10,415 यूनिट रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 8.3% कम है. वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में कंपनी ने 2,29,891 यूनिट्स की बिक्री की थी. इस दौरान कंपनी के दोनों सेगमेंट — कमर्शियल और पैसेंजर व्हीकल्स — में बिक्री में गिरावट देखी गई. कमर्शियल व्हीकल्स की बिक्री 85,606 यूनिट्स रही, जो साल-दर-साल 6% कम है, जबकि पैसेंजर व्हीकल्स की बिक्री 10% घटकर 1,24,809 यूनिट्स रह गई. जून 2025 में टाटा मोटर्स की घरेलू बिक्री भी पिछले वर्ष जून के मुकाबले 12% कम रही. इसके विपरीत, कंपनी का अंतरराष्ट्रीय कारोबार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है. कमर्शियल व्हीकल्स सेगमेंट में अंतरराष्ट्रीय बिक्री में 68% की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने बताया कि पहली तिमाही की शुरुआत विशेष रूप से भारी और छोटे वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में धीमी रही, जिससे कुल बिक्री पर असर पड़ा. कंपनी की निगाहें अब इस सेगमेंट में सुधार लाने और अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूती बनाए रखने पर हैं.

### सिगाल नॉर्दर्न को अयोध्या बाइपास प्रोजेक्ट मिला

**नयी दिल्ली।** इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी सिगाल इंडिया लिमिटेड की सब्सिडियरी, सिगाल नॉर्दर्न अयोध्या बाइपास प्राइवेट लिमिटेड को नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) से 1,199.30 करोड़ रुपये के एक महत्वपूर्ण हाईवे प्रोजेक्ट का ठेका मिला है. यह प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में 35.40 किलोमीटर लंबा 4/6 लेन का उत्तरी अयोध्या बाइपास बनाने के लिए है. कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि एनएचएआई ने 1 जुलाई 2025 को लेटर जारी किया और 9 जुलाई 2025 को प्रोजेक्ट की शुरुआत की तारीख तय की है. यह प्रोजेक्ट दो हिस्सों में विभाजित हैः पहला हिस्सा एनएच-27 के उत्तर में 30.40 किलोमीटर का, जो किमी 112+540 से शुरू होकर किमी 139+928 पर समाप्त होता है; दूसरा हिस्सा एनएच-27 के दक्षिण में 5 किलोमीटर का है. यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत पूरी की जाएगी. इस प्रोजेक्ट के तहत उत्तरी अयोध्या क्षेत्र में यातायात सुगमता और बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी, जिससे क्षेत्र का विकास और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा. सिगाल इंडिया की यह पहल राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के सुधार में एक अहम कदम मानी जा रही है.

### पिछले ढाई साल में सोने की कीमतें दोगुनी हो गई

**नयी दिल्ली।** पिछले ढाई साल में अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें दोगुनी हो गई हैं. अक्टूबर 2022 में सोना $1,630 प्रति औंस था, जो अब लगभग $3,260 प्रति औंस तक पहुंच चुका है. 2025 की पहली छमाही में सोने की कीमतों में 27% की तेजी आई, लेकिन पिछले दो महीनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 2% गिर गई है. भारतीय सर्राफा बाजार में भी सोना अपने रिकॉर्ड स्तर से लगभग 4% नीचे आ गया है. इस वजह से सवाल उठ रहे हैं कि क्या सोने का बुल रन खत्म हो चुका है. वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, और अनिश्चितता ने सोने की मांग को काफी बढ़ावा दिया है. रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिका की बिगड़ती वित्तीय स्थिति, और मध्य-पूर्व के संघर्षों ने सोने को सुरक्षित निवेश के तौर पर मजबूती दी है. केंद्रीय बैंक भी इस दौरान बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं और अभी भी खरीदारी जारी है.

### आयुष के शेयर में पांच वर्षों में जबरदस्त उछाल

**नयी दिल्ली।** आयुष वेलनेस का शेयर बीते पांच वर्षों में जबरदस्त उछाल के साथ निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है. पांच साल पहले मात्र 4 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर ट्रेड हो रहा यह स्टॉक अब 2 जुलाई 2025 को बीएसई पर 211 रुपये पर खुला, जो पिछले सत्र की तुलना में लगभग 2% अधिक है. लगातार अपर सर्किट लगने के कारण यह स्टॉक मल्टीबैगर की श्रेणी में मजबूती से शामिल हो चुका है. अगर किसी निवेशक ने इस कंपनी में पांच वर्ष पूर्व सिर्फ 2 लाख रुपये लगाए होते, तो आज वह रकम 1 करोड़ रुपये से अधिक हो गई होती. बीते एक साल में ही इस शेयर ने लगभग 950% की तेजी दिखाई है, जिससे यह स्टॉक निवेशकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है. विशेषज्ञों के अनुसार, आयुष वेलनेस की यह सफलता टेलीमेडिसिन और डिजिटल हेल्थकेयर सेवाओं के क्षेत्र में इसके तेज़ विस्तार की वजह से संभव हुई है.

# देश-विदेश

## न्यूज अपडेट

### न्यूयॉर्क के फैंसी फूड शो में चमकी असम की लोकप्रिय अतुल्य चाय

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असम की चाय की 200 वर्षों की रंगीन यात्रा को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित समर फैंसी फूड शो में प्रस्तुत किया गया. इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'अतुल्य असम' की ब्रांडिंग के तहत न केवल राज्य की चाय के स्वाद को दुनिया के सामने लाया गया, बल्कि उसके सांस्कृतिक महत्व को भी दर्शाया गया. मशहूर शेफ विकास खन्ना जैसे विशेष अतिथियों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया और असम की चाय की प्रशंसा करते हुए इसका समर्थन किया. मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को असम के लिए गर्व की बात बताया और कहा कि वैश्विक स्तर पर असम की चाय को मिली यह मान्यता राज्य के उत्पादों की गुणवत्ता को प्रमाणित करती है.

### गंजाम में दलित युवकों से बर्बरता पर एनएचआरसी ने लिया संज्ञान

**नयी दिल्ली।** ओडिशा के गंजाम जिले में दो दलित युवकों के साथ हुई कथित बर्बरता के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लिया है. आयोग ने राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजकर दो हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है. मीडिया में इस घटना की खबर आने के बाद एनएचआरसी ने इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना है. आयोग ने कहा है कि अगर रिपोर्ट में बताई गई बातें सही निकलती हैं, तो यह एक गंभीर अपराध है. एनएचआरसी ने राज्य सरकार से यह भी कहा है कि वह रिपोर्ट में बताए कि आरोपियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? और पीड़ितों को कोई मुआवजा दिया गया है या नहीं? उल्लेखनीय है कि ओडिशा के गंजाम जिले के खारीगुम्मा गांव में 26 जून को बुलु नायक और बाबुला नायक नाम के दो दलित युवक गाय खरीदकर अपने गांव सिंगीपुर लौट रहे थे.

### पंजाब में अघोषित इमरजेंसी लगा रहे सीएम भगवंत मानः तरुण चुघ

**नयी दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में विपक्ष की आवाज़ को दबाने के लिए एक अघोषित इमरजेंसी थोपी जा रही है. पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर बादल और अन्य अकाली नेताओं को आज मोहाली में हिरासत में लिए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए चुघ ने मीडियाकर्मियों से कहा कि अरविंद केजरीवाल के इशारे पर पंजाब में दमनकारी कानूनों का इस्तेमाल हो रहा है और विपक्ष को धरना देने और शांतिपूर्वक विरोध दर्ज कराने जैसे लोकतांत्रिक अधिकारों से भी वंचित किया जा रहा है. चुघ ने कहा कि राज्य में अब शांतिपूर्ण प्रदर्शन तक की अनुमति नहीं दी जा रही, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि केजरीवाल-प्रेरित पंजाब सरकार कितनी दमनकारी हो चुकी है. उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने पहले पंजाब विधानसभा में खुलेआम विपक्ष को धमकियां दी थीं और अब वे लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे नेताओं को भी हिरासत में लेने लगे हैं, जो लोकतंत्र के लिए एक खतरनाक संकेत है.

### बंगाल भाजपा अध्यक्ष के लिए सांसद शमिक भट्टाचार्य ने भरा नामांकन

**कोलकाता।** बंगाल भाजपा के नए अध्यक्ष को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. राज्यसभा सांसद शमिक भट्टाचार्य बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया. पार्टी के आधिकारिक बयान में बताया गया कि उन्होंने अकेले नामांकन दाखिल किया है. इसलिए उनका अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है. हालांकि, अभी आधिकारिक तौर पर इस संबंध में कोई ऐलान नहीं हुआ है. नामांकन को लेकर सॉल्टलेक स्थित भाजपा कार्यालय में हलचल तेज हो गई है. बुधवार को नामांकन प्रक्रिया दोपहर 2 बजे से शुरू हुई और 4 बजे तक चलेगी, जबकि दस्तावेजों की जांच शाम 5 बजे की जाएगी. इसे लेकर कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं का जमावड़ा शुरू हो गया था. इस दौरान सुनील बंसल, सुकांत मजूमदार, ज्योतिर्मय सिंह माहतो, जगन्नाथ चटर्जी और शंकर घोष समेत अन्य वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी मौजूद हैं. इस बीच, मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि हमारी पार्टी सहमति के आधार पर चलती है. मुझे पूरा विश्वास है कि पार्टी जिसे तय करेगी, वही नामांकन करेगा. पश्चिम बंगाल में नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति ऐसे समय में हो रही है जब राज्य विधानसभा चुनाव में केवल अब एक साल का समय बचा है.




## नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर में श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**एजेंसी।काठमांडू**

नेपाल के रास्ते कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू होने के पहले सप्ताह में ही करीब साढ़े पांच सौ भारतीय श्रद्धालु पवित्र कैलाश मानसरोवर का दर्शन करके वापस आ चुके हैं. पांच सालों बाद यह यात्रा शुरू होने के कारण भारतीय श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है. चीन प्रशासन की ओर से इस वर्ष जुलाई से अक्टूबर तक के महीने के लिए करीब 25 हजार भारतीय श्रद्धालुओं को कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर आने की अनुमति दी गई है. कोरोना महामारी के बाद चीन सरकार ने नेपाल-चीन की सीमा से कैलाश मानसरोवर की यात्रा की अनुमति दी है. भारतीय श्रद्धालुओं के लिए हिलसा सीमकोट के रास्ते कैलाश मानसरोवर की यात्रा फिर से शुरु हुई है. नेपाल के पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक हिलसा नाका होते हुए नेपाल के सिमकोट विमानस्थल से कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वालों की संख्या 546 हो गई है. पिछले हफ्ते से शुरू हुई इस धार्मिक यात्रा में अब तक 248 महिला एवं 298 पुरुष यानी कुल 546 भारतीय श्रद्धालुओं कैलाश मानसरोवर के दर्शन कर चुके हैं. नेपाल की विभिन्न घरेलू विमान कंपनियां नेपालगंज से सिमकोट होते हुए हिल्सा पहुंचने तक के लिए मौसम के अनुकूल होने पर दिन भर में एक दर्जन से अधिक विमानों का संचालन कर रही हैं. इसके अलावा हेलीकॉप्टर के माध्यम से करीब 289 लोग कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए हैं. इसी तरह सैकड़ों की संख्या में भारतीय श्रद्धालु सड़क मार्ग से भी कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जा रहे हैं. एक जुलाई को ही नेपालगंज से सिमकोट जाने वाले विमान के माध्यम से करीब 103 भारतीय श्रद्धालु कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गए हैं. इस समय नेपाल की समिट एयर, सीता एयर तथा तारा एयर कंपनियां नेपालगंज से सिमकोट तक विमान का संचालन कर रही हैं. सिमकोट विमानस्थल से हिलसा तक जाने के लिए इस समय कैलाश हेली सेवा, माउंटेन हेली तथा प्रभु एयरलाइंस के हेलीकॉप्टर अपनी सेवाएं दे रहे हैं.

### भारत की नई भू-राजनीतिक रणनीति का स्तंभ है आर्मेनिया

## भारत के ब्लैक सी कॉरिडोर का आर्मेनिया ने किया समर्थन

**एजेंसी।येरेवान**

चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के बढ़ते प्रभाव और पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान गठजोड़ की आक्रामक रणनीतियों के बीच भारत के लिए यूरेशिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का एक अनूठा अवसर उभरा है. इस रणनीतिक परिदृश्य में ब्लैक सी कॉरिडोर एक वैकल्पिक और निर्णायक भूमिका निभा सकता है, जो भारत को ईरान, आर्मेनिया, जॉर्जिया होते हुए ब्लैक सी के जरिए यूरोप से जोड़ेगा. भारत और आर्मेनिया के संबंध दशकों पुराने हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इनमें जबरदस्त मजबूती आई है.



2022 में भारत रूस को पीछे छोड़कर आर्मेनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन गया था. इसके अलावा, ईरान-इजरायल के संघर्ष के दौरान भारत ने आर्मेनिया के रास्ते अपने छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला और ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ में आर्मेनिया ने भारत को खुला समर्थन दिया. ये घटनाएं दर्शाती हैं कि दोनों देशों के रिश्ते केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि रणनीतिक और मानवतावादी स्तर पर भी मजबूत हैं.

ब्लैक सी कॉरिडोर महज एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं है, बल्कि यह भारत की ₹मल्टी-वेक्टर फॉरेन पॉलिसी₹ का केंद्रबिंदु बनता जा रहा है. चीन जहां अजरबैजान और जॉर्जिया में भारी निवेश कर काकेशस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है, वहीं भारत के पास एक विकल्प है कि वह ईरान, आर्मेनिया और जॉर्जिया के जरिए यूरेशिया और यूरोप तक पहुंच बनाए. यह गलियारा मौजूदा उत्तर-दक्षिण अंतरराष्ट्रीय परिवहन गलियारे का विस्तार भी हो सकता है. काकेशस क्षेत्र में अजरबैजान की आक्रामकता का शिकार आर्मेनिया, भारत के साथ गठबंधन को एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में देखता है. आर्मेनियाई स्ट्रैटजिक एक्सपर्ट एन्वार्ड चालिक्यान का मानना है कि भारत यदि यूरोप तक एक वैकल्पिक मार्ग चाहता है जो तुर्की और अजरबैजान से होकर न गुजरे, तो आर्मेनिया-जॉर्जिया मार्ग सबसे उपयुक्त है. यह न केवल चीन के प्रभाव को संतुलित कर सकता है, बल्कि तुर्की-पाकिस्तान-अजरबैजान की ₹तीन भाई₹ धुरी का भी प्रभाव कम कर सकता है. सिर्फ आर्मेनिया ही नहीं, बल्कि साइप्रस और ग्रीस जैसे देश भी भारत के संभावित रणनीतिक सहयोगी बन सकते हैं. अर्मेनियाई विश्लेषक नेर्सिसियन का कहना है कि भारत, ग्रीस और साइप्रस के साथ एक नया त्रिपक्षीय रक्षा सहयोग विकसित कर सकता है. यह गठजोड़ भारत के लिए यूरोप में एक स्थायी और विश्वसनीय साझेदारी स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा. ब्लैक सी कॉरिडोर के मार्ग में ईरान शामिल है, जिस पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंध लगे हुए हैं. यह एक प्रमुख चुनौती हो सकती है, लेकिन भारत और आर्मेनिया दोनों इस परियोजना को इतनी रणनीतिक महत्ता देते हैं कि वे अपने-अपने कूटनीतिक प्रयासों से इस बाधा को पार कर सकते हैं.

ब्लैक सी कॉरिडोर भारत को न केवल एक वैकल्पिक व्यापारिक मार्ग देता है, बल्कि यह भारत की वैश्विक भूमिका को पुनर्परिभाषित करने का एक मंच भी बन सकता है. यह परियोजना चीन के BRI को संतुलित करने, पाकिस्तान-तुर्की-अजरबैजान धुरी को चुनौती देने और यूरोप तक भारत की प्रभावी उपस्थिति स्थापित करने का अवसर प्रदान करती है. भारत यदि इस अवसर को सही ढंग से भुना सके, तो यह गलियारा केवल एक भूगोलिक मार्ग नहीं रहेगा, बल्कि भारत की यूरेशिया नीति का स्थायी स्तंभ बनकर उभरेगा.

## क्वाड समूह के देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा



**नयी दिल्ली।** भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के क्वाड समूह ने संयुक्त रूप से हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता, स्थिरता और कानून के शासन की रक्षा के लिए अपने साझा संकल्प को दोहराया है. बैठक में समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति शृंखला, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद जैसे विषयों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई. क्वाड देशों ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और दोषियों को जल्द न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया गया. आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद विशेष रूप से सीमापार आतंकवाद की कड़ी निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई है. म्यांमार संकट पर क्वाड ने युद्धविराम की आवश्यकता दोहराई और आसियान की पांच बिंदु सहमति के कार्यान्वयन का समर्थन किया. म्यांमार भूकंप राहत के लिए संयुक्त रूप से 3 करोड़ डॉलर की सहायता राशि की घोषणा की. वॉशिंगटन डीसी में आयोजित क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, हम इस निंदनीय कृत्य (पहलगाम हमले) के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं और सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून और प्रासंगिक यूएनएससीआर के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी प्रासंगिक अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें.

वाशिंगटन डीसी स्थित अमेरिकी विदेश विभाग में कल क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की गई. विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापान के ताकेशी इवाया और ऑस्ट्रेलिया की पेनी वॉन्ग ने इसमें भाग लिया. बैठक के बाद के संयुक्त वक्तव्य में क्वाड ने पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है. जबरन यथास्थिति बदलने, सैन्य जहाजों और तटरक्षक बल द्वारा खतरनाक हरकतों और संसाधनों में हस्तक्षेप जैसे कदमों को क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बताया है.

### खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट, पांच की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सर्वाधिक अशांत प्रांतों में शुमार खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हुए विस्फोट में चार सरकारी अफसर समेत पांच लोगों की जान चली गई. मारे गए अधिकारियों में सहायक आयुक्त भी शामिल हैं. यह विस्फोट केपी के बाजौर जिले के खार तहसील के सिद्दीकाबाद रेलवे क्षेत्र में नवागई रोड पर सरकारी कार में हुआ. पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन अखबार की खबर के अनुसार इस विस्फोट में 11 अन्य लोग घायल हो गए. अभी तक इस वाकये की किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है. हमलावरों ने सरकारी कार में बम फेंका. यह अधिकारी इसी कार में सवार थे. विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि कार के परखच्चे उड़ गए और सवाल लोगों के शरीर के हिस्से आसपास दूर तक बिखर गए. बाजौर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी वकास रफीक ने बताया कि मृतकों में दो पुलिसकर्मी और एक नागरिक शामिल हैं.

### बांग्लादेश में पांच अगस्त के गोलीकांड पर आरोप पत्र दाखिल

**एजेंसियां।ढाका**

अभियोजन पक्ष ने आज सुबह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) -2 के समक्ष छह प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के मामले में औपचारिक आरोप पत्र दाखिल किया. पिछले वर्ष 5 अगस्त को अशुलिया में इनमें से पांच प्रदर्शनकारियों की गोली मारकर हत्या करने के बाद उन्हें फूंक दिया गया था. गोली लगने से घायल छठे व्यक्ति को भी आग के हवाले कर दिया गया था. आईसीटी की जांच टीम ने इस घटना में पूर्व अवामी लीग नेता और पूर्व विधायक मोहम्मद सैफुल इस्लाम, पूर्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) अब्दुल्ला हिल काफी और सावर सर्किल के पूर्व अतिरिक्त एसपी शाहिदुल इस्लाम सहित 16 लोगों की संलिप्तता पाई. अभियोजन पक्ष ने इससे पहले 19 जून को न्यायाधिकरण के समक्ष पेश जांच रिपोर्ट में आठ आरोपितों की पहचान बताई थी. अभियोजन पक्ष ने कहा था पहचाने गए आरोपितों में अशुलिया पुलिस स्टेशन के पूर्व प्रभारी अधिकारी एएफएम सईद (रोनी), पूर्व इंस्पेक्टर मोहम्मद अराफात हुसैन, पूर्व एसआई अब्दुल मालेक, अराफात उद्दीन, शेख अबजलुल हक, बिश्वजीत साहा, कमरुल हसन और पूर्व कांस्टेबल मुकुल चोकदर हैं.

### आईआईएमसी आयोजित करेगा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

**एजेंसियां।नयी दिल्ली**

भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) और भारतीय विज्ञापन मानक परिषद ने आईआईएमसी परिसर में एकदिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन करेगा. यह कार्यक्रम विज्ञापन एवं मीडिया शिक्षा में नैतिक अनुशासन, जवाबदेही तथा नियामक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. यह एफडीपी, आईआईएमसी और एएससीआई की उस व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसके तहत शिक्षकों को सशक्त किया जाएगा, ताकि वे भावी विज्ञापन पेशेवरों को वैचारिक रूप से सजग, ज़िम्मेदार और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण मार्गदर्शन दे सकें. कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सी. सेन्थिल राजन, आईआईएमसी की कुलपति डॉ. अनुपमा भटनागर, एएससीआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं महासचिव मनीषा कपूर, सहित कई विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य उपस्थित रहेंगे. दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में मीडिया, संचार, विज्ञापन, विधि, प्रबंधन एवं विपणन विषयों का शिक्षण करने वाले लगभग 100 संकाय सदस्य इस कार्यक्रम में भाग लेंगे. डॉ. भटनागर ने बताया कि मीडिया एवं संचार शिक्षा के क्षेत्र में देश का सबसे अग्रणी संस्थान होने के नाते आईआईएमसी भावी संप्रेषकों में नैतिक जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है. वर्तमान मीडिया परिदृश्य में यह आवश्यक हो गया है कि विज्ञापन पेशेवर न केवल रचनात्मक दृष्टि से समृद्ध हों, बल्कि नैतिक दृष्टिकोण से भी संतुलित हों. एएससीआई के साथ इस साझेदारी के माध्यम से हम शिक्षकों को ऐसे उपकरण एवं ज्ञान प्रदान करना चाहते हैं, जो अगली पीढ़ी में जिम्मेदार विज्ञापन मूल्यों को स्थापित करने के लिए आवश्यक हैं. एएससीआई की सीईओ एवं महासचिव मनीषा कपूर ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में भारत के मीडिया परिदृश्य का अत्यंत तीव्र विस्तार हुआ है, जिसके साथ-साथ विज्ञापन की मात्रा एवं विविधता में भी व्यापक वृद्धि हुई है. ऐसे समय में उपभोक्ताओं को भ्रामक अथवा गुमराह करने वाली प्रचार सामग्री से सुरक्षित रखने हेतु प्रभावी नियमन आवश्यक है.

**स्थापना दिवस** — आईसीएआई के स्थापना दिवस समारोह में बोले पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी

## 11 वर्षों में भारत की जीडीपी में दोगुनी वृद्धि हुई

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 77वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए भारत की आर्थिक प्रगति को रेखांकित किया.



उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है और अब यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है. पुरी ने बताया कि भारत की जीडीपी वर्ष 2014 में 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो 2025 तक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है. उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़ दिया है और वर्ष 2030 तक जर्मनी को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है. उन्होंने कहा कि यह प्रगति साहसिक नीतिगत सुधारों, सामाजिक कल्याण योजनाओं और मजबूत वित्तीय प्रबंधन के परिणामस्वरूप संभव हो पाई है. उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में भारत सरकार की पहलों की भी सराहना की. पुरी ने बताया कि बीते वर्षों में 27 करोड़ से अधिक नागरिकों को गरीबी से बाहर निकाला गया है.

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग चार करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है और जल जीवन मिशन के अंतर्गत 15.4 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया है. इसके अतिरिक्त, आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी जा रही है. मंत्री ने बताया कि 2014 से 2025 तक भारत में 748 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है, जो पिछले दशक की तुलना में 143 प्रतिशत की वृद्धि है. इस बढ़ते निवेश प्रवाह से भारत के आर्थिक भविष्य पर विश्वास और भी मजबूत हुआ है. उन्होंने कहा कि भारत में कर प्रणाली को सरल बनाया गया है और डिजिटल भुगतान प्रणाली को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया गया है, जिससे व्यापार करना आसान हुआ है और वित्तीय पारदर्शिता में वृद्धि हुई है.

पुरी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या 2014 में जहां 3.6 करोड़ थी, वहीं अब यह 8.5 करोड़ तक पहुंच गई है. यह आंकड़ा दर्शाता है कि देश की वित्तीय जागरूकता में व्यापक सुधार आया है. इसके साथ ही भारत के बैंकिंग सेक्टर में भी ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं और डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव को और मजबूत किया गया है. भविष्य की दिशा की ओर संकेत करते हुए पुरी ने कहा कि वित्तीय और कारोबारी जगत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों को अपनाना होगा. उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से आह्वान किया कि वे डेटा-आधारित निर्णय लेने, रणनीतिक सलाह देने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को आगे ले जाने में सक्रिय भूमिका निभाएं. पुरी का भाषण भारत की आर्थिक यात्रा की एक झलक प्रस्तुत करता है. जिसमें सामाजिक समावेश, डिजिटल नवाचार और वित्तीय सुधार के जरिए समग्र विकास की मजबूत नींव रखी गई है.

### ईरान-अमेरिका तनाव के बीच लापता हुआ बी-2 बॉम्बर

**तेलअवीव।** ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव के बीच अब हालात कुछ शांत नजर आ रहे हैं. इस शांति का श्रेय अमेरिकी बी-2 बॉम्बर्स द्वारा ईरान पर किए गए हमले को दिया जा रहा है, जिसके बाद सीजफायर की पहल हुई. 21 जून को अमेरिका ने मिसौरी के वॉइटमैन एयरफोर्स बेस से दो जत्थों में बी-2 बॉम्बर्स भेजे थे.




स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)